RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 9
नई दिल्ली, शुक्रवार, 11 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सत्ता बरकरार रही तो समान नागरिक संहिता लागू होगी

राष्ट्रीय-9

# भाजपा ने 38 विधायकों के टिकट काटे

- 160 उम्मीदवारों की लिस्ट में भूपेंद्र पटेल, हार्दिक, क्रिकेटर रविंद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा का नाम शामिल
- पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी व पूर्व डिप्टी सीएम नितिन पटेल समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव न लड़ने का किया निर्णय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### गुजरात विधान सभा चुनावः भाजपा की पहली सूची जारी




नई दिल्ली में बृहस्पतिवार को गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवारों की सूची जारी करते हुए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, गुजरात प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल और केंद्रीय मंत्री मंसुख मंडाविया। फोटोः रंजन डिमरी

**एक** साल पहले पहली बार बने विधायक को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में पेश करने के बाद भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने बृहस्पतिवार को विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी प्रत्याशियों के प्रोफाइल में जबरदस्त बदलाव करते हुए 38 विधायकों (करीब एक चौथाई) का टिकट काट दिया।

पार्टी ने इस बार युवा और नए चेहरों को तरजीह दी है जिसमें पाटीदार नेता हार्दिक पटेल तथा क्रिकेटर रविंद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा शामिल हैं। भाजपा ने अपनी पहली सूची में 160 नामों का ऐलान किया है, जिसमें 13 अनुसूचित जाति, 24 अनुसूचित जनजाति से तथा 14 महिला उम्मीदवार हैं। नए और युवा चेहरों में क्रिकेटर रविंद्र जडेजा की पत्नी 28 वर्षीय रिवाबा को जामनगर उत्तर से टिकट दिया गया है। भाजपा में शामिल होने से पहले रिवाबा राजपूत समुदाय के संगठन करणी सेना की नेता थीं, जो इस क्षेत्र में सक्रिय है। इस सीट पर मुकाबला दिलचस्प होगा क्योंकि कांग्रेस ने इसी सीट से रविंद्र जडेजा की बहन नैना जडेजा को रिवाबा के खिलाफ मैदान में उतारा है। 2015 में पाटीदार ओबीसी आरक्षण आंदोलन का नेतृत्व करने वाले हार्दिक पटेल ने इसी साल कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा था। वे विरामग्राम विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे जो उनका गृह क्षेत्र भी है। यहां पर वे काफी समय से काम कर रहे हैं।

कांग्रेस इस सीट को दो बार जीत चुकी है। मोरबी विधानसभा सीट से कांतिलाल अमृत्य को टिकट देना काफी दिलचस्प रहा। हाल ही में मोरबी में पुल गिरने से 135 लोगों की मौत हो गई थी। पुल के टूटने के बाद लोगों को बचाने के लिए नदी में कूदते हुए कांतिलाल के वीडियो के वायरल होने के पश्चात मोरबी के निवर्तमान विधायक को टिकट न देकर उन्हें चुना गया। 60 वर्षीय कांतिलाल का कहना है कि वे तो संभावित उम्मीदवारों की भी सूची में नहीं शामिल थे। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को उनके निर्वाचन क्षेत्र घाटलोढ़िया से उम्मीदवार बनाया गया है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सूची जारी करते हुए कहा कि भाजपा ने 38 मौजूदा विधायकों को टिकट नहीं दी है। उन्होंने दावा किया कि ज्यादातर सीटों पर मौजूदा विधायकों की सहमति से ही अन्य उम्मीदवार उतारा गया है। पार्टी ने एक दिसंबर को पहले चरण में 89 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए 84 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं तथा पांच दिसंबर को दूसरे चरण के चुनाव के लिए 93 सीटों में से 76 पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। भाजपा की गुजरात इकाई के अध्यक्ष सीआर पाटिल के साथ केंद्रीय (शेष पेज 8)

### एक और कांग्रेस विधायक भाजपा में शामिल हुए

**अहमदाबाद।** गुजरात के दाहोद जिले के झालोड़ से कांग्रेस के विधायक भावेश कटारा ने बुधवार रात विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद गुरुवार को वह भाजपा में शामिल हो गए। वह पिछले दो दिनों में मोहनसिंह राठवा और भगवान बराड़ के बाद इस्तीफा देने वाले कांग्रेस के तीसरे विधायक हैं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कटारा विधानसभा अध्यक्ष निमाबेन आचार्य के आवास पर गए और उन्हें अपना इस्तीफा सौंपा। इससे पहले राठवा और बराड़ भी कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। गुजरात विधानसभा के लिए दो चरणों में एक दिसंबर व पांच दिसंबर को मतदान होगा। आठ दिसंबर को मतगणना होगी।

# सीओपी-27: 2024 तक नए वैश्विक जलवायु वित्त लक्ष्य हासिल हों: भारत

- विकसित देशों से संसाधनों को जुटाने और वित्त में बढ़ोतरी करने की अपील

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन को लेकर शर्म अल-शेख में ग्लोब उठाए कार्यकर्ता

**भारत** ने संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन सीओपी-27 में वर्ष 2024 तक नए वैश्विक जलवायु वित्त लक्ष्य प्रति वर्ष 100 अरब डॉलर प्राप्त करने पर जोर दिया है। ताकि विकासशील देश अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को पूरा कर सकें। भारत ने जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को रोकने के लिए विकसित देशों से संसाधनों को जुटाने और वित्त में पर्याप्त बढ़ोतरी को लेकर आगे बढ़कर काम करने पर भी जोर दिया।

वर्ष 2009 में कोपेनहेगन में आयोजित सीओपी-15 में, विकसित देशों ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने में विकासशील देशों की मदद करने के लिए संयुक्त रूप से वर्ष 2020 तक प्रति वर्ष 100 अरब डॉलर जुटाने की प्रतिबद्धता जताई थी। हालांकि, अमीर देश इस वित्तीय सहायता को मुहैया कराने में बार-बार विफल रहे हैं। भारत सहित विकासशील देश, अमीर देशों को एक नए वैश्विक जलवायु वित्त लक्ष्य को लेकर सहमत होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं जिसे जलवायु वित्त पर नए सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) के रूप में भी जाना जाता है। विकासशील देशों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के अनुकूल कदम के लिए लागत में बढ़ोतरी के मद्देनजर रकम बढ़नी चाहिए। सूत्रों ने बताया कि बुधवार को सीओपी-27 में एनसीक्यूजी पर उच्च-स्तरीय मंत्रिस्तरीय संवाद में भारत ने इस बात पर प्रकाश डाला कि राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) लक्ष्यों को पूरा करने के लिए विकसित देशों से वित्तीय, तकनीकी और क्षमता-निर्माण सहयोग की आवश्यकता है।

जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) के कार्यों का हवाला देते हुए भारत ने कहा कि समृद्ध देश वातावरण में कार्बन भंडार के प्रमुख योगदानकर्ता हैं, जो स्पष्ट रूप से संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन रूपरेखा सम्मेलन (यूएनएफसीसीसी) और इसके पेरिस समझौते के मूल सिद्धांतों के महत्व को भी कमजोर करते हैं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने बैठक में कहा कि विकासशील देशों द्वारा निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्य के लिए प्रति वर्ष 100 अरब डॉलर के न्यूनतम स्तर से जलवायु वित्त में पर्याप्त वृद्धि की आवश्यकता है। संसाधन जुटाने के लिए विकसित देशों को आगे बढ़कर नेतृत्व करने की आवश्यकता है।

इसके अलावा विभिन्न परियोजनाओं के बीच समान आवंटन के साथ दीर्घकालिक, रियायती और जलवायु-विशिष्ट कदम उठाए जाने चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने कहा था कि विकसित देशों द्वारा 2009 में जताई गई 100 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता न केवल जरूरतों के पैमाने पर दी गई थी, बल्कि अभी तक हासिल नहीं (शेष पेज 8)

# वर्ष 2023 गर्मियों तक अमेरिकी वीजा की प्रतीक्षा अवधि घटेगी

- आवेदनों की संख्या 12 लाख तक पहुंचने का अनुमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अमेरिकी** वीजा जारी करने की प्रतीक्षा अवधि में 2023 की गर्मियों तक कमी आने की संभावना है और वीजा आवेदनों की संख्या करीब 12 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। अमेरिकी दूतावास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि अमेरिका के लिए भारत (वीजा जारी करने के मामले में) नंबर एक प्राथमिकता है। हमारा उद्देश्य अगले साल के मध्य तक स्थिति को पूर्व कोविड-19 स्तर पर लाना है। भारत उन कुछ देशों में से एक है, जहां अमेरिकी वीजा के लिए आवेदनों में कोरोना वायरस से संबंधित यात्रा प्रतिबंध हटाए जाने के बाद काफी तेजी देखी गई। अधिकारी ने कहा कि वीजा देने के लिए इंतजार के लंबे समय को ध्यान में रखते हुए अमेरिका और अधिक कर्मियों की भर्ती तथा ड्रॉप बॉक्स सुविधाओं को बढ़ाने सहित कई पहल कर रहा है। उन्होंने कहा कि हर महीने करीब एक लाख वीजा जारी करने की योजना है।

अधिकारी ने कहा कि अमेरिका पहले ही भारतीयों के लिए एच (एच1बी) और एल श्रेणी के वीजा को अपनी प्राथमिकता के रूप में चिह्नित कर चुका है और वीजा का नवीनीकरण करने के इच्छुक लोगों के लिए हाल में लगभग एक लाख स्लॉट जारी किए गए थे। कुछ श्रेणियों के लिए प्रतीक्षा समय को पूर्व के 450 दिन से घटाकर लगभग नौ महीने कर दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि बी1, बी2 (व्यापार एवं पर्यटन) वीजा के लिए प्रतीक्षा समय को भी करीब नौ महीने से कम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका द्वारा जारी किए जा रहे वीजा की संख्या के (शेष पेज 8)

# लालू यादव को बेटी रोहिणी दान करगी गुर्दा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** जनता दल (राजद) के संरक्षक लालू यादव की सिंगापुर में रहने वाली बेटी अपने पिता को एक गुर्दा दान करेंगी। परिवार के एक करीबी सदस्य ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यादव (74) पिछले महीने सिंगापुर से लौटे हैं, जहां वह अपनी गुर्दे की समस्या के इलाज के लिए गए थे। कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे राजद अध्यक्ष को वहां के चिकित्सकों ने गुर्दा प्रत्यारोपण की सलाह दी है। परिवार के एक सदस्य ने कहा, (शेष पेज 8)

# मैनपुरी लोस सीट से डिंपल यादव होंगी सपा उम्मीदवार

- मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण हो रहा है उप चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन से रिक्त हुई मैनपुरी संसदीय सीट पर उनकी बहू डिंपल यादव उपुचनाव लड़ेंगी। सपा ने बृहस्पतिवार को उन्हें इस सीट से अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण हो रहा है। मैनपुरी समाजवादी परिवार और नेताजी का गृह क्षेत्र है।

वर्ष 1996 से मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी का ही प्रत्याशी जीतता रहा है। मुलायम सिंह यादव पांच बार सांसद रहे थे। इसलिए इसे लेकर चर्चाएं तेज थीं कि मुलायम की राजनीतिक विरासत कौन संभालेगा। इस सीट पर तेज प्रताप को भी चुनाव लड़ाए जाने की अटकलें लगाई जा रहीं थीं। चर्चा यह भी थी कि शिवपाल सिंह यादव से संबंध में मुधर करने के लिए अखिलेश उन्हें मैनपुरी सीट से टिकट दे सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

सपा ने अब डिंपल के नाम की घोषणा कर दी है। सपा के राष्ट्रीय सचिव व मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि इस क्षेत्र के निवासियों के लिए यह गर्व का विषय है कि डिम्पल यादव को मैनपुरी से सांसद चुनने का अवसर समाजवादी पार्टी ने दिया है। उन्होंने डिम्पल यादव को समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी घोषित किये जाने का स्वागत (शेष पेज 8)

# अंडमान और निकोबार के पूर्व मुख्य सचिव जितेंद्र नारायण सामूहिक दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** पोर्ट ब्लेयर

**पुलिस** ने अंडमान एवं निकोबार के पूर्व मुख्य सचिव जितेंद्र नारायण को सामूहिक दुष्कर्म के एक मामले में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता के वकील फटिक चंद्र दास ने कहा कि नारायण की अग्रिम जमानत याचिका एक स्थानीय अदालत द्वारा खारिज किए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। अदालत के फैसले के तुरंत बाद पुलिसकर्मियों की एक टीम एक निजी रिसॉर्ट में पहुंची, जहां जितेंद्र नारायण ठहरे थे और भारी सुरक्षा के बीच उन्हें पुलिस लाइन लाया गया। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी को गिरफ्तारी के बाद चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। विशेष जांच दल (एसआईटी) इस मामले में नारायण से तीन बार पूछताछ कर चुकी है। एसआईटी का गठन उन आरोपों की जांच के लिए किया गया था कि अंडमान और (शेष पेज 8)

# नवलखा को घर में नजरबंद रखने की सशर्त अनुमति

- भीमा कोरेगांव मामले में आरोपी को स्वास्थ्य के आधार पर मिली मंजूरी, जेल से घर शिफ्ट किया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में जेल में बंद सामाजिक कार्यकर्ता गौतम नवलखा को उनके लगातार खराब हो रहे स्वास्थ्य के मद्देनजर राहत प्रदान करते हुए घर में नजरबंद रखने के उनके अनुरोध को बृहस्पतिवार को सशर्त मंजूरी दे दी। शीर्ष अदालत ने यह देखते हुए कि नवलखा 14 अप्रैल, 2020 से हिरासत में हैं, और प्रथम दृष्टया उनकी चिकित्सीय रिपोर्ट खारिज करने की कोई वजह नहीं है।

नवलखा पर इस मामले को छोड़कर कोई आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है और यहां तक कि भारत सरकार ने भी उन्हें माओवादियों से बातचीत के लिए वार्ताकार नियुक्त किया था। न्यायमूर्ति के एम जोसेफ और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की पीठ ने कई शर्तें लगाते हुए कहा कि 70 वर्षीय नवलखा को मुंबई में एक महीने के लिए घर में नजरबंद करने के आदेश को 48 घंटे के भीतर अमल में लाया जाए। पीठ ने कहा कि मामले के निकट भविष्य में निस्तारण की ओर प्रगति करने के आसार नहीं हैं और आरोप तय नहीं किए जा रहे हैं।

हमारा मानना है कि उन्हें एक महीने के लिए घर में नजरबंद करने की अनुमति दी जानी चाहिए। न्यायालय ने नवलखा को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को 2.40 लाख रुपये जमा कराने का भी निर्देश दिया। एनआईए ने पुलिसकर्मी उपलब्ध कराने में यह अनुमानित खर्च आने का दावा किया था। न्यायालय ने यह भी कहा कि नवलखा को एक महीने के लिए घर में नजरबंद करने के दौरान कम्प्यूटर तथा इंटरनेट इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होगी।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,613 | ↓ | 419 | |
| निफ्टी | 18,028 | ↓ | 128 | |
| सोना | 51,898 | ↑ | 135 | /10g |
| चांदी | 61,618 | ↓ | 250 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पंजाब में डेरा सच्चा सौदा अनुयाई की सरेआम हत्या

**चंडीगढ़।** पंजाब के फरीदकोट जिले में बृहस्पतिवार सुबह कुछ अज्ञात हमलावरों ने डेरा सच्चा सौदा के एक अनुयाई की गोली मारकर हत्या कर दी जो वर्ष 2015 की बेअदबी की घटना का आरोपी था। पुलिस ने बताया कि सुबह सात बजे प्रदीप सिंह को फरीदकोट के कोटकपूरा स्थित डेयरी की दुकान में सुबह करीब सात बजे गोली मारी गई और इस हमले में प्रदीप के अंगरक्षक को भी गोली लगी है। घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कैमरों में देखा गया कि मोटरसाइकिल सवार पांच हमलावरों में से दो ने प्रदीप सिंह की दुकान में घुसकर उसके ऊपर गोलियां बरसा दी। जब वे दुकान से बाहर भागने की कोशिश कर रहा थे, तभी बाहर इंतज़ार कर रहे तीन अन्य लोगों ने भी गोलियां चला दी।

# भारत हारा, इग्लैंड फाइनल में




भारतीय टीम का विकेट लेने के बाद प्रसन्नता व्यक्त करते इंग्लैंड के खिलाड़ी

**भाषा।** एडीलेड

**स्टार** बल्लेबाजों के बल्ले ऐन मौके पर खामोश रहे, गेंदबाजों को लय नहीं मिल सकी और आईसीसी टूर्नामेंटों में बड़े मैच हारने का भारत का सिलसिला बदस्तूर जारी रहा। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में मिली दस विकेट से हार ने भारतीय टीम का 11 साल बाद आईसीसी खिताब जीतने का सपना और दुनिया भर में करोड़ों भारतीयों का दिल भी तोड़ दिया। एलेक्स हेल्स और कप्तान जोस बटलर के नाबाद अर्धशतकों और पहले विकेट के लिए 170 रन की रिकॉर्ड अटूट साझेदारी के दम पर इंग्लैंड ने भारत को दस विकेट से रौंदकर टी20 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उसका सामना पाकिस्तान से होगा। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई भारतीय टीम के लिए न तो (शेष पेज 8)

# मालदीव में लगी आग, आठ भारतीय समेत 10 की मौत

**भाषा।** माले

**मालदीव** की राजधानी माले में एक गैराज में आग लगने से आठ भारतीयों सहित 10 लोगों की मौत हो गई। इस इमारत की पहली मंजिल पर प्रवासी मजदूर रहते थे। भारतीय उच्चायोग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आग देर रात लगभग साढ़े 12 बजे मावियो मस्जिद के पास एम. निरूफेफी में लगी। भारतीय उच्चायोग में कार्यरत कल्याण कार्यों के अधिकारी रामधीर सिंह ने कहा, 10 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है जिनमें से आठ भारतीय नगारिक हैं। दो अन्य लोगों की नागरिकता का अभी तक पता नहीं चल पाया है। इससे पहले भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट किया था, माले में आग लगने की घटना के बारे में सुनकर दुखी हैं, जिसमें कई लोगों की जान चली गई। हम मालदीव (शेष पेज 8)

# जेवर हवाईअड्डे में दिखेगी यूपी की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक भव्यता

- बनारस के घाट और घर के आंगन की झलक जीत लेगी यात्रियों का दिल
- एयरपोर्ट में प्राकृतिक सौंदर्य के बीच बैठने की होगी व्यवस्था

**रिंकू यादव।** नोएडा



कुछ इस तरह का दिखेगा जेवर एयरपोर्ट

**जेवर** में निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को भव्यता प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत से समृद्ध किया जाएगा।

हवाई अड्डे के निर्माण में गंगा-यमुना तहजीब के रंगों को शामिल करते हुए बनारस के गंगा घाटों की झलकियों के साथ यूपी के ऐतिहासिक स्थलों का समावेश किया जाएगा। इसके लिए विशेष डिजाइन तैयार किया जा रहा है। चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर किरण जैन ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में बनारस के घाट और भव्य उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक और ऐतिहासिकता की झलक दिखाई देगी। इसके विशेष डिजाइन से एयरपोर्ट में प्रवेश करने के साथ उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक स्थलों की याद आने लगेगी। एयरपोर्ट के बाहर सीढ़ियों को बनारस के घाट की तरह बनाया गया है। किरण जैन ने कहा कि भारत के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के परिसर में प्रवेश करने पर ऐसा लगेगा जैसे कि आपके सामने घर का आंगन है। एयरपोर्ट के अंदर प्राकृतिक सौंदर्य के बीच बैठने के लिए विशेष व्यवस्थाओं से सुसज्जित किया जा रहा है।

एयरपोर्ट के अंदर भारतीय वास्तुकला से प्रेरित यात्री टर्मिनल में बारीक जालीदार स्क्रीन प्रभावित करेगी। इसके अलावा एयरपोर्ट में हवेली का एहसास होगा। यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी क्रिस्टोफ श्रेलमन जानकारी देते हुए कहा कि वर्ष 2024 के सितंबर तक गौतमबुद्ध नगर में देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा तैयार हो जाएगा। पहले चरण में वर्ष 2024 में जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से एक महीने में 10 लाख लोग हवाई यात्रा करेंगे। श्रेलमन ने बताया कि (शेष पेज 8)

### चार चरणों में होगा विकास

**जेवर** इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण चार चरण में किया जाएगा। पहला चरण 2024 तक पूरा होगा। इसमें 1334 हेक्टेयर जमीन का विकास होगा। पहले चरण में 12 मिलियन क्षमता पैसेंजर के साथ निर्माण कार्य शुरू होगा। दूसरे चरण साल 2032 तक पूरा होगा। तीसरा चरण 2037 और चौथा चरण 2050 तक पूरा होगा। चौथा चरण 70 मिलियन पैसेंजर का होगा। इस तरह चारों चरण को मिलाकर यह 29,560 करोड़ की परियोजना है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार,11 नवंबर, 2022



# पंचशील वेलिंग्टन सोसाइटी के बाहर प्रदर्शन, लगा जाम

## मंगलवार को महिला और बच्चे को कुत्तों ने काटा था, प्रशासन के रवैये से इलाके के लोग आग-बबूला



सोसाइटी के बाहर लगा लंबा जाम

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

क्रासिंग रिपब्लिक स्थित पंचशील वेलिंग्टन सोसायटी में महिला व बच्चे को कुत्तों के काटने की घटना के विरोध में बुधवार देर शाम महिलाओं व अन्य रेजिडेंट्स ने सोसायटी में 7 घंटे प्रदर्शन किया। इस दौरान वैशाली से मोहन नगर जाने वाली सड़क पर भीषण जाम लग गया। वहीं लोगों ने सोसाइटी के गेट पर पहुंचकर आवाजाही बंद करा दी। वाहनों के आवागमन समेत डिलीवरी ब्वाय के आने पर भी रोक लगा दी।

दरअसल, मंगलवार को कुत्तों के काटने की घटना के बाद बुधवार को कुत्तों को खाना खिलाने वाली एक महिला का आडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें वह घायल बच्चे की मां व अन्य रेजिडेंट्स के लिए अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल कर रही है। पंचशील वेलिंग्टन सोसायटी के रेजिडेंट्स के वाट्सएप ग्रुप पर उक्त आडियो वायरल होने के बाद महिलाओं व अन्य रेजिडेंट्स आग बबूला हो गए। बुधवार देर शाम काफी संख्या में महिलाएं व रेजिडेंट्स एकत्र हुए और रखरखाव करने वाले बिल्डर की एजेंसी के कर्मचारियों के पास पहुंचे। महिलाओं ने आवारा कुत्तों को सोसायटी से बाहर निकालने व इन्हें खाना डालने वालों पर कार्रवाई की मांग की, लेकिन रखरखाव करने वाली एजेंसी के कर्मचारियों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस पर महिलाओं ने उन्हें खरी.खोटी सुनाई तो वह कार्यालय छोड़कर कहीं और चले गए। रखरखाव एजेंसी के कर्मचारियों के रवैये से गुस्सा होकर महिलाएं सोसाइटी के गेट पर पहुंची और प्रदर्शन करते हुए आवाजाही रोक दी।

इन दौरान किसी भी वाहन या डिलीवरी ब्वाय को सोसायटी में प्रवेश नहीं करने दिया। महिलाओं का कहना था कि सोसायटी में रहनी वाली कुछ महिलाएं और कुछ अन्य रेजिडेंट्स बेसमेंट में कुत्तों को खाना खिलाते हैं। इसी कारण बेसमेंट में कुत्ते एकत्र रहते हैं। उन्हीं के कारण मंगलवार को कुत्तों ने कृति पांडेय व तीन वर्षीय बच्चे अथर्व को काटा। अथर्व अभी दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल में भर्ती है। उसकी हालत सामान्य बनी हुई है। चार घंटे में भी मामला शांत होने के बजाए और बढ़ गया और क्रासिंग रिपब्लिक में भयंकर जाम की स्थिति बन गई तो सीओ सिटी प्रथम अंशु जैन मौके पर पहुंची। उन्होंने लोगों और महिलाओं को समझाने की खूब कोशिश की, लेकिन वह मांगे पूरी होने से पहले किसी सूरत में मानने को तैयार नहीं थीं। ज्ञात हो नोएडा और गाजियाबाद में आए दिन कुत्तों को काटे जाने की घटनाएं आम हो चुकी है। हालांकि कुछ खूंखार कुत्तों के प्रजातियों पर बैन भी लगाया है। लेकिन एनसीआर में घटनाएं रूक नहीं रही जिससे आम लोग में डर बना हुआ है।

### मौके पर पहुंचा पुलिस बल, चार घंटे के बाद मामला हुआ शांत

# शामली ट्रेन रूट पर यात्री रहेंगे परेशान

### दो माह तक निर्माण कार्य के चलते रेल यातायात रहेगा प्रभावित

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



शामली-सहारनपुर रेल मार्ग पर निर्माण कार्य के चलते इस रूट पर दो माह तक ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। इसे लोनी की ओर से शामली सहारनपुर की ओर जाने वाले यात्रियों को परेशानी होगी।

वहीं, गाजियाबाद मेरठ सहारनपुर रूट पर यात्रियों की भीड़ बढ़ेगी। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक शामली सहारनपुर रुट पर निर्माण कार्य के चलते ब्लॉक दिया गया है। इस कारण इस रूट पर दो माह तक ट्रेन का संचालन प्रभावित रहेगा। चार ट्रेन अलग. अलग दिन के हिसाब के रद्द रहेगी।

ऐसे में शामली रुट पर यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी होगी। ट्रेनों में दिल्ली से शामली अप.डाउन वाली 01620, 01623, 04019, 04020 नंबर ट्रेन अलग.अलग तिथि अनुसार 11 नवंबर से चार जनवरी 2023 तक रद्द रहेगी। इसके अलावा 19609 उधमपुर-योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस 70 मिनट के देरी से चलेगी। वहीं, 05000 दिल्ली शामली स्पेशल ट्रेन छह से 18 दिसंबर और चार जनवरी को 60 मिनट की देरी से चलेगी। वहीं यहीं ट्रेन 20 से 29 दिसंबर तक 120 मिनट तक देरी से संचालित होगी। लोनी होते हुई बड़ी संख्या में गाजियाबाद के यात्री इन ट्रेनों के जरिए बागपत व शामली की ओर जाते हैं। रुट प्रभावित होने सेगाजियाबाद मेरठ रुट पर बढ़ेगी। सहानरपुर जाने वाले यात्री वाया मेरठ होते हुए सहरानपुर पहुचेंगे।

## नशे में धुत युवक ने खुद को सचिव बताकर पुलिस आयुक्त को किया फोन

**नोएडा।** शराब के नशे में धुत युवक ने खुद को मुख्यमंत्री कार्यालय का सचिव बताकर पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के नंबर पर कॉल कर दी। उसकी बात सुनने के बाद पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि आरोपी छलेरा से कॉल कर रहा है। इस पर पुलिस ने उसे मोबाइल लोकेशन के आधार पर छलेरा से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के सीयूजी नंबर पर आठ नवंबर को कॉल आई। उस समय पुलिस आयुक्त का मोबाइल उनके पीआरओ इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह के पास था। कॉलर ने खुद को मुख्यमंत्री कार्यालय का सचिव बताया।

# पुलिस से भागने के दौरान आरोपी ने सोसाइटी के गार्ड पर चढ़ा दी कार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सेक्टर.113 कोतवाली क्षेत्र स्थित आम्रपाली जोडियक सोसायटी में रहने वाला दुष्कर्म का आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले फरार हो गया। भागने के दौरान आरोपी ने सोसायटी के गेट पर तैनात सिक्योरिटी इंचार्ज को कुचलने की कोशिश भी की।

कोतवाली प्रभारी शरदकांत शर्मा ने बताया कि सोसायटी के नीरज सिंह एक निजी कंपनी में जीएम हैं। बीते दिनों उनके साथ काम करने वाली एक युवती ने जीएम पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि नीरज सोसायटी में है। ऐसे में दबिश देने के लिए पुलिस की एक टीम कोतवाली से रवाना हुई। इस दौरान किसी ने पुलिस के आने की सूचना जीएम को दे दी। इसके बाद आरोपी नीरज कार लेकर सोसायटी से भागने लगा। जैसे ही वह गेट पर पहुंचा तो वहां मौजूद सिक्योरिटी इंचार्ज ने उसे रोकने का प्रयास किया। इस दौरान तेज रफ्तार कार ने इंचार्ज को टक्कर मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। सिक्योरिटी इंचार्ज अशोक मावी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने नीरज के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कारोबारी दंपति ने लगाई फांसी

### एक करोड़ के कर्ज के चलते मौत को गले लगाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित फ्यूजन होम्स सोसायटी में एक कारोबारी दंपती की आत्महत्या से सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त दंपती का बेटा फ्लैट के दूसरे कमरे में सो रहा था। पति.पत्नी की पहचान कारोबारी दीपक गुप्ता अपनी पत्नी मृदुला गुप्ता के तौर पर हुई है।

अब तक मिली जानकारी के अनुसार, दंपती फ्यूजन होम्स सोसायटी की तीसरी मंजिल पर अपने बेटे के साथ रहते थे। उनकी ईकोटेक 12 में फैक्ट्री है।

फैक्ट्री में लोहा बनाने का कार्य होता है। बताया जा रहा है कि दंपती पर एक करोड़ से अधिक रुपयों का कर्ज था, जिसके कारण दोनों अवसाद में थे। कर्ज में डूबने के चलते दंपती ने बृहस्पतिवार सुबह फ्लैट में ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के दौरान दंपति का बेटा पुष्कर गुप्ता भी फ्लैट में मौजूद था। वह एक कमरे में सो रहा था। बृहस्पतिवार सुबह दंपती का बेटा पुष्कर जब सो कर उठा तो उसने देखा कि माता-पिता का शव बालकनी में लगी लोहे की ग्रिल पर फांसी के फंदे से लटका है। पुष्कर ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। पता चला है कि दंपती पर एक करोड़ से अधिक का कर्ज था। वेब डिजाइनर बेटा भी आर्थिक रूप से माता.पिता की मदद नहीं कर पा रहा था। इस वजह से पिछले कई दिनों से घर में तनाव था। फैक्ट्री में नौकरी करने वाले कर्मचारियों को दीपावली पर वेतन नहीं मिला था। कर्मचारियों के गुस्से के बाद से ही दंपती मानसिक तनाव में थे। बिसरख कोतवाली प्रभारी उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि कर्ज से तंग होकर दंपती ने आत्महत्या की है। बेटे से बातचीत के दौरान कर्ज की बात प्रकाश में आई है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## प्राधिकरण के बाहर धरना देने वाले सफाईकर्मियों पर एफआईआर दर्ज

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने अपने कार्यालय के बाहर धरना दे रहे सफाईकर्मियों के खिलाफ फेज-1 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। प्राधिकरण के अवर अभियंता की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है।

प्राधिकरण के अवर अभियंता शुभम ने पुलिस को शिकायत दी कि सफाईकर्मी कार्य नहीं कर रहे हैं। इससे शहर में जगह-जगह कूड़ा इकट्ठा हो गया है। इसके अलावा वे खुद भी कूड़ा फैला रहे हैं।

वे सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय के बाहर विभिन्न मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं। आरोप है कि धरना देने वाले सफाईकर्मी प्राधिकरण में आने जाने वाले लोगों रास्ता अवरुद्ध कर रहे हैं। पुलिस ने उनकी शिकायत पर दिनेश बाल्मीकि, सुनील टॉक, रविंद्र पारचा, रवि, मनोज, योगेश, सतीश शर्मा, जयचंद, सोनू बाल्मीकि सहित अन्य सफाईकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं एफआईआर दर्ज होने के बाद सफाइकर्मियों में काफी रोष है। उन्होंने चेतावनी दी है कि मांगें नहीं मानी गई तो आगे भी आंदोलन जारी रहेगा।



यातायात माह के दौरान कार के शीशों पर काली फिल्म लगाने वालों के खिलाफ अभियान चलाते ट्रैफिक पुलिसकर्मी। कई दौरान कई चालान काटे गए।

## युवती की सहेली का जीजा बनकर ठग ने 52 हजार ठगे

**नोएडा।** साइबर अपराधी ने खुद को युवती की सहेली का जीजा बताकर करीब 52 हजार रुपये ठग लिए। जालसाज ने उसके मोबाइल पर लिंक भेजकर वारदात को अंजाम दिया।

इस संबंध में युवती ने सेक्टर-20 थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। सेक्टर.31 निठारी गांव निवासी कोमल रायकवार ने पुलिस को शिकायत दी है कि उनके मोबाइल पर 29 अक्तूबर को एक नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को उनकी सहेली का जीजा बताया। उसने कहा कि वह कुछ रुपये उनके खाते में ट्रांसफर कर रहा है। यह पैसे बाद में वापस कर देना।

## संक्षिप्त समाचार

### फैशन प्रतियोगिता में उर्वि गिरि ने मारी बाजी



नई दिल्ली। मिस्टर एंड मिस एंड मिसेज एंड किड्स इंडिया-2022 के आयोजन में उर्वि गिरि ने बाजी मारते हुए मिस किड्स दिल्ली विजेता और मिस किड्स इंडिया की फर्स्ट रनरअप रहीं। धौला कुआं के लोकमान गिरी और एलिना गिरी की पुत्री उर्वि गिरि बनी ने फैशन प्रतियोगिता में दोहरी सफलता प्राप्त की। झांसी में आयोजित रूप प्रोडक्शन के बैनर तले हुई प्रतियोगिता में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर डायरेक्टर फिरोज खान ने कहा कुछ भी बनने से पहले काबिल बनो। कार्यक्रम में चीफ गेस्ट शक्ति कपूर, प्रीति झंगियानी, नितिन अहूजा, मिस्टर वर्ल्ड रोहित खंडेलवाल आदि मौजूद थे।

### दबंग युवकों ने होटल कर्मचारी को पीटा

**नोएडा।** अंसल माल स्थित रेस्टोरेंट में आर्डर लेट होने पर दबंग युवकों ने एक कर्मचारी को जमकर पीटा। युवक की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। ग्रेटर नोएडा के नालेज पार्क कोतवाली क्षेत्र का मामला बताया जा रहा है। हालांकि वीडियो सामने आने के बाद से पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### लोगों ने खुद ही दौड़ाकर चोर पकड़े

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम के न्यायखंड में एक मकान में चोरी करने आए दो बदमाशों को भीड़ ने दौड़ाकर पकड़ लिया। मंगलवार दोपहर को बदमाश पकड़ने के बाद लोगों ने पुलिस को सौंप दिया, जबकि मौके से दो बदमाश फरार हो गए थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस को इलाके में गश्त बढ़ाकर संदिग्धों से पूछताछ बढ़ानी चाहिए जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लग सके। इंदिरापुरम के न्यायखंड एक में रहने वाले राजन पांडेय के घर पर दोपहर करीब तीन बजे उनके पीछे वाले कमरे की खिड़की के आसपास टूट फूट की आवाज सुनी। उनकी भाभी ने पीछे जाकर देखा तो दो चोर खिड़की काट रहे थे। लोगों ने आरोपियों को दौड़ाकर दबोच लिया।

### दो प्रदूषित फैक्टरियां सील की

**गाजियाबाद।** पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग तथा प्रदूषण विभाग की संयुक्त टीम ने लोनी बार्डर थाना क्षेत्र की शांति नगर कॉलोनी में अवैध रूप से चल रही प्रदूषण उत्सर्जित करने वाली दो फैक्टरियों को सील किया है। तहसीलदार शिवनरेश सिंह ने बताया कि मैसर्स रविन्द्र की फैक्टरी में केमिकल गलाया जाता था और जैदी लाइटिंग हार्डवेयर फैक्टरी में पेंटिंग का कार्य किया जा रहा था। दोनों ही फैक्टरियों में प्रदूषण के मानकों की अनदेखी की जा रही थी तथा विभिन्न विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी नही लिए हुए थे। इसके चलते दोनों फैक्टरियों को सील कर दिया गया है।

### होटल खाली कराने पर मांगी एक करोड़ की रंगदारी

**गाजियाबाद।** नगर कोतवाली क्षेत्र में किराए पर दिया होटल वापस लेने पर संचालक से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। होटल संचालक ने कोर्ट के आदेश पर नोएडा की कंपनी, उसके निदेशक तथा दस अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। सिहानी गेट थानाक्षेत्र के गांधीनगर निवासी राजकुमार कर्णवाल का कहना है कि वह जीटी रोड स्थित होटल सिटी गार्डन के मालिक हैं। सेक्टर.2 नोएडा स्थित मेसर्स एलाइट हॉस्पिटेलिटीज कंपनी के निदेशक नीरज सिंह ने उनसे होटल किराए पर लेने के संबंध में बात की थी। अगस्त 2021 को इस संबंध में नीरज सिंह और उनके बेटे रजत के बीच अनुबंध हुआ था। अनुबंध के बाद आरोप है कि नीरज सिंह ने होटल में शादी समारोह तथा अन्य आयोजन का व्यापार किया। आरोप है कि नीरज सिंह ने शुरुआत से ही अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन शुरू कर दिया।

### दुष्कर्म के आरोपियों को दबोचे

**नोएडा।** पुलिस ने इंस्टाग्राम पर दो नाबालिग बहनों से दोस्ती कर उनके साथ दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को बॉटनिकल गॉर्डन बस स्टैंड से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती कर दोनों बहनों को अपने पास बुलाकर अगवा किया और फिर उनके साथ दुष्कर्म किया था। थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली दो नाबालिग बहनों को दो युवक बहला-फुसलाकर अगवा कर ले गए थे। एक छात्रा की उम्र 17 वर्ष और दूसरी की उम्र 13 वर्ष है।

# इमरजेंसी में दो मौतों के मामले में सीएमओ से रिपोर्ट तलब की

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

सरकारी अस्पतालों में मरीजों की मौत का मुद्दा गुरुवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक के सामने उठा।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से रिपोर्ट तलब की है। उधर, एमएमजी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने दो डॉक्टरों की टीम बनाकर इमरजेंसी में हुई मौतों की जांच शुरू करा दी है। उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने जिला मुख्यालय पर समीक्षा बैठक की। बैठक में मीडिया ने सरकारी अस्पतालों में हो रही मौतों का मुद्दा उठाया। इस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा भवतोष शंखधर से अस्पताल में मौत के मामले में रिपोर्ट तलब की है। आपको बता दें कि नंदग्राम निवासी पूरनमासी की 45 वर्षीय पत्नी इसरावती को सांस की तकलीफ के बाद एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंची थी। एंबुलेंस को फोन करने के एक घंटे तक तक एंबुलेंस इमरजेंसी नहीं पहुंची और इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

# तेजी से पांव पसार रहा डेंगू, आंकड़ा 600 के पार

### गाजियाबाद में 50 सक्रिय मरीजों में से 38 अस्पतालों में भर्ती

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में 24 घंटे में डेंगू के 21 नए मामले मिलने के साथ ही जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या 635 के पार हो गई है। 50 सक्रिय मरीजों में से 38 अस्पतालों में भर्ती हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि तापमान में गिरावट के साथ ही डेंगू के मरीजों की संख्या और बढ़ सकती है।

इसके बावजूद बुखार के मरीजों की डेंगू की जांच बहुत धीमी गति से की जा रही है। जिला एमएमजी, संयुक्त अस्पताल, जिला महिला अस्पताल के साथ ही सीएचसी डासना, लोनी, मुरादनगर, मोदीनगर और पीएचसी भोजपुर में डेंगू जांच के लिए सैंपल एकत्र नहीं किए जा रहे हैं। इमरजेंसी में भर्ती होने वाले बुखार के गंभीर मरीजों के सैंपल लेकर जरूर जांच को भेजे जा रहे हैं। जिला एमएमजी और संयुक्त अस्पताल में बनाए गए डेंगू वार्ड में 24 घंटे में चिकित्सक केवल एक बार राउंड करके मरीजों को देखकर दवाएं लिखते हैं। मरीजों के परिजनों का कहना है कि डेंगू वार्ड रात को वार्ड ब्वाय और नर्सिंग स्टाफ के हवाले होता है।

जिला एमएमजी में छह और संयुक्त अस्पताल में डेंगू के सात मरीज भर्ती हैं। नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर पर डेंगू की रोकथाम को लेकर फ गिंग अभियान भी नहीं चलाया गया है। सीएमओ डा भवतोष शंखधर ने जिला सर्विलांस अधिकारी आरके गुप्ता को निर्देश दिए हैं कि नए केस मिलने पर डेंगू के वेरिएंट का पता लगाने को सैंपल एकत्र करके जांच को दिल्ली जरूर भेजे जाएं। सैंपल भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of HDFC Bank Ltd. that Mr. Anil Kumar Khurana is owner of Entire Upper Ground floor, and First Floor without roof rights (said floor) built on Property No. C-19, admeasuring 150 sq. yds., Situated in the area of Village Khayala, Delhi Colony known as Sham Nagar, Delhi, vide a registered Relinquishment Deed dated 09.09.2021, registration No. 9443, executed by Mr. Satish Khurana, Mr. Madan Gopal Khurana, Mr. Rajesh Khurana, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to take a Loan from HDFC Bank Ltd. against Entire First floor, of the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of Mr. Anil Kumar Khurana in respect of the said first floor, its sale /Mortgage/Litigation, and any kind of dispute, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public that Mr. Soyeb is owner of Property of area measuring 100 Sq., Yds., out of Khasra No. 37, Situated in the area of Village Loni, Pargana Loni, Tehsil and District Ghaziabad, UP, vide a registered Gift Deed dated 31.10.2022, Registration No. 15997, executed by Mrs. Huro, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to take a Loan from Fullerton India Home Finance Company Ltd. against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of Mr. Soyeb in respect of the said property its sale /Mortgage/Litigation, and any kind of dispute, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of ICICI Bank Ltd. that Mr. Ashok Kumar Arora & Mr. Surender Arora are joint owners of Property No. 663, Area admeasuring 153 sq. mtrs., Friends Sahkari Avas Samiti Ltd., Sector-12, Vasundhara Scheme, Ghaziabad, (U.P), (for ½ share as legal heirs, and remaining ½ share vide a Registered Gift Deed dated 28.09.2022, Registration No. 10875, executed by Mrs. Seema Arora & Mrs. Sudha Rani), All persons are hereby informed that above mentioned owners want to sell the said property to Mr. Ashwani Manocha and his nominee who is taking a Loan from ICICI Bank Ltd. for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of Mr. Ashok Kumar Arora & Mr. Surender Arora in respect of the said property its sale /Mortgage/Litigation, and any kind of dispute, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्ज़दार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुशरण में मंज़ूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध और प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में निम्न वर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समुनदेशित किए जाने पर) माँग सूचनाएँ जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने की माँग की गई थी।

कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद् द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा निम्न वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।

कर्ज़दार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को एतदद्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | माँग सूचना की तिथि/ माँग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुकेश कुमार सिंह/ कंचन देवी (24900001553 & QZJNK00005025598) | फ्लैट नंबर डी-2/209, दूसरी मंज़िल, एलएचएस भाग, पॉकेट- 2, खसरा नंबर 773, हूवर अपार्टमेंट, विस्तारित लाल डोरा आबादी, गाँव बुरारी, दिल्ली) नवंबर 05, 2022 | फरवरी 17, 2020/ ₹ 17,25,322/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 11, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# अस्पतालों से मरीजों को रेफर करने की परंपरा हो खत्म: पाठक

### गाजियाबाद में डेंगू बढ़ने पर स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे उपमुख्यमंत्री

**पायनियर समचार सेवा।** गाजियाबाद



अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल लेते उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक।

गाजियाबाद। प्रदेश के सरकारी अस्पतालों से मरीजों को रेफर करने की परंपरा खत्म हो, यदि किसी मरीज को रेफर किया जा रहा है तो उसका कारण भी स्पष्ट किया जाए, जिससे कि यदि संसाधन या चिकित्सक की कमी हो तो उसे पूरा किया जा सके।

यह निर्देश बृहस्पतिवार को गाजियाबाद में डेंगू, मलेरिया के मरीजों के बढ़ने पर स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों की समीक्षा बैठक लेने गाजियाबाद पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने दिए। उन्होंने कहा कि शुक्रवार से डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के लिए संचारी रोग नियंत्रण महाअभियान की शुरुआत की जाएगी, जिसमें घर-घर जाकर मरीजों का उपचार किया जाएगा, उनको दवाएं दी जाएंगी। जिससे कि मरीजों को अस्पताल न आना पड़े।

यदि किसी मरीज को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता है तो वहां पर भी उपचार और दवा के उचित प्रबंध किए जाएंगे। जिले के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों और संसाधनों की कमी के सवाल पर उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी।

सीएमओ को निर्देश दिया गया है कि वह चिकित्सकों की कमी हो तो इस संबंध में शासन को पत्र लिखकर सूचित करें, चिकित्सकों की तैनाती की जाएगी। डेंगू, मलेरिया की रोकथाम के लिए यदि दूसरे जनपद से संसाधनों की आवश्यकता होगी तो उसे मुहैया कराया जाएगा। कलक्ट्रेट में समीक्षा बैठक कर संजयगनर स्थित संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण करने पहुंचे उप मुख्यमंत्री ने डेंगू वार्ड में जाकर मरीजों के बारे में जानकारी की, उनसे पूछा कि स्वास्थ्य कैसा है, कोई दिक्कत तो नहीं है, दवाएं तो समय पर मिल रही हैं।

मरीजों ने बताया कि उनको कोई परेशानी नहीं है, अस्पताल में बेहतर उपचार हो रहा है। समाजवादी पार्टी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हुई मैनपुरी लोकसभा सीट पर सपा ने डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाया है। चुनाव में मुकाबले को लेकर उन्होंने कहा कि मैनपुरी में भाजपा अपने कार्यकर्ता को चुनाव में उतारेगी, जनता उसे आशीर्वाद देगी और मैनपुरी में कमल खिलेगा। इसके अलावा निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर कहा कि पार्टी तैयार है, निकाय चुनाव में भाजपा ज्यादातर सीटें जीतेगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।




# भाजपा का वादा-जहां झुग्गी, वहां मकान

## आदेश गुप्ता, मनोज तिवारी व आशीष सूद ने जारी किया पार्टी का वचन पत्र

- 3024 झुग्गीवासियों को पक्का मकान देकर पीएम मोदी ने अपने वादों को पूरा किया : गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नगर निगम चुनाव में चौथी बार जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा ने बड़ा दांव चला है। इसके तहत बृहस्पतिवार को पार्टी ने वचन पत्र (घोषणा पत्र) जारी किया है। जिसमें जहां झुग्गी, वहां मकान का जिक्र किया गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता और भाजपा सांसद मनोज तिवारी पार्टी का वचन पत्र जारी किया। इसे दिल्ली नगर निगम चुनाव में भाजपा का बड़ा मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है।

झुग्गी में रहने वालों को घर देने का सपना दिखाकर भाजपा लोगों को अपने साथ जोड़ने की कोशिश कर रही है। इसके लिए पार्टी ने नगर निगम चुनाव के प्रचार के बीच विशेष अभियान शुरू करने का फैसला किया है। जहां झुग्गी वहीं मकान योजना में शामिल होने के लिए लोगों से एक फार्म भराया जाएगा। भाजपा पहले ही कह चुकी है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण लगभग 25 हजार फ्लैट बना रहा है। चरणबद्ध तरीके से इसे तैयार कर पात्र लोगों को सौंप दिया जाएगा। आने वाले दिनों में और भी फ्लैट बनाने की कोशिश है जिससे कि दिल्ली को झुग्गी मुक्त किया जा सके। इस मौके पर आदेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जहां झुग्गी वही मकान के तहत अपने वायदों को पूरा किया है। केंद्र झुग्गियों में रहने वाले 3024 लोगों को पक्का मकान देकर यह साबित कर दिया है कि भाजपा खोखले वायदे नहीं करती बल्कि जो कहती है उसे पूरा करके दिखाती है। भाजपा एक बार फिर से जो झुग्गीवासी अभी बाकी रह गए हैं उनसे एक वचन पत्र भरवाएगी और उन्हें भी पक्का मकान देने का वायदा करती है और यह काम शुरु हो चुका है चाहे वह कठपुतली कॉलोनी हो या फिर जेलर वाला बाग हो।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिस काम का शिलान्यास करते हैं उसका उदघाटन भी वहीं करते हैं। चाहे वह टनल, फ्लाइओवर, मेट्रो, गरीबों के लिए आवास योजना या अन्य विकास कार्य हो। उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि केजरीवाल ने वर्ष 2016 में विधानसभा के अंदर ग्रीन बजट पेश किया गया जिसमें 26 स्मोग टॉवर लगाने के साथ ही कई सारे वादे हवा को सांस लेने योग्य बनसने की बात कही थी लेकिन आज भी हवा जहरीली है। दिल्ली सरकार ने केंद्र की हर घर नल से जल योजना को रोक दिया। इसके साथ ही अपने 8 सालों के कार्यकाल में एक भी झुग्गी कॉलोनी या जे जे कलस्टर में पाइपलाइन नहीं बिछा सकी जिसके कारण झुग्गीवासी दुर्गंध के बीच रहने और जहरीला पानी पीने को मजबूर है। मनोज तिवारी ने कहा कि केजरीवाल के वर्ष 2015 में दिए गए गारंटी की राह खोज रही है जब उन्होंने 11000 बसें मुहैया कराने और प्रदूषण को तीन गुना कम करने की बात को भी लोग अभी तक नहीं भूल पाए हैं क्योंकि दिल्ली वाले दमघोटूं हवा में सांस लेने के लिए मजबूर हैं।


भाजपा का वचन पत्र जारी करते प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता, सांसद मनोज तिवारी व अन्य। फोटो: रंजन डिमरी

### भाजपा झूठ का प्रचार करके वोट हासिल करना चाहती है : चौ अनिल

*नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा का वचन पत्र झूठ का पुलिंदा बताया है। पार्टी नेता का कहना है कि गत 15 वर्षों के निगम में भाजपा के शासन में दिल्ली वालों को धोखा दिया और निगम को पंगु बना दिया है। इसके अलावा भाजपा ने कुछ नहीं किया। जहां झुग्गी वहीं मकान और हर घर नल से जल की सुविधा देने का वचन पत्र झुग्गी वालों को गुमराह करने की नीति है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कहा कि भाजपा झूठा प्रचार करके लोगों भ्रमित कर रही है ताकि निगम चुनावों में वोट हासिल कर सके लेकिन दिल्ली में जहां झुग्गी वहीं मकान योजना कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार ने शुरु की थी।*

## आप ने वचन पत्र को बताया छलावा



- पिछले चुनाव के वादों का क्या हुआ : आतिशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा के वचन पत्र को आम आदमी पार्टी ने छलावा बताया है। आम आदमी पार्टी की विधायक आतिशी मार्लेना ने भाजपा हमला करते हुए कहा कि वह इंतजार कर रही थी कि भाजपा नेता बताएंगे कि पिछले 15 सालों में उन्होंने क्या किया लेकिन अपने वचन पत्र में किसी बात का जिक्र भगवा पार्टी ने नहीं किया। पिछली बार संकल्प पत्र में जो वादा किया था, दिल्ली को साफ-सुथरा करने का उसके बारे में लोग जानते हैं। भाजपा ने कूड़े पर क्या काम किया है। विपक्षी पार्टी ने जब अपना रिपोर्ट कार्ड पेश नहीं किया, तो उन्होंने सोचा वह ही कर देती हैं। मनोज तिवारी ने वर्ष 2017 में जो संकल्प पत्र जारी किया था। वह पूछ रहीं हैं कि उन वादों का क्या हुआ। तिवारी ने यह भी वादा किया था कि वह एमसीडी के लिए फंड सीधा केन्द्र सरकार से लेकर आएंगे, लेकिन पिछले 5 साल में केन्द्र सरकार ने निगम को एक रुपए भी नहीं दिया।

# आम आदमी पार्टी वार रूम से चुनावी गतिविधियों पर रखेगी पैनी नजर



- मंत्री गोपाल राय ने किया उद्घाटन, बोले-स्टार प्रचारकों के कार्यक्रमों की मॉनीटरिंग का काम करेगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी निगम चुनाव की निगरानी के लिए वार रूम शुरू किया है जहां से मुख्यत 10 चुनावी गतिविधियों पर नजर रखा जाएगा। आप के दिल्ली प्रभारी गोपाल राय ने बृहस्पतिवार को वॉर रूम का उद्घाटन करते हुआ कहा कि स्टार प्रचारकों के कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग का काम वार रूम करेगा। सभी 10 गतिविधियों के हेड वॉर रूम से काम करेंगे। जमीनी स्तर पर 14 जिलाओं के अनुसार 7 इंचार्ज बनाए गए हैं, जो ग्राउंड रिपोर्ट सीधा वॉर रूम तक पहुंचाएंगे। सभी जनसंवादों का निर्धारण, वक्ताओं की सूची लोगों को निमंत्रण देने आदि गतिविधियों की भी निगरानी की जाएगी। आम आदमी पार्टी सभी दस घोषणाओं को ध्यान में रखकर एमसीडी चुनाव लड़ेगी।

गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली भर में 13.5 हजार से ज्यादा बूथों पर आप का जनसंवाद चल रहा है। चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण चीज नामांकन होता है। नॉमिनेशन के लिए आप वकीलों की एक फौज तैनात करेगी। सेंट्रल टीम के साथ-साथ हर विधानसभा में एक-एक वकील की नियुक्ति की जा रही है। इससे नॉमिनेशन 250 सीटों पर सफलतापूर्वक किया जा सकेगा। एक टीम बनाई गई है जो अलग-अलग गतिविधियों के लिए चुनाव आयोग से अनुमति लेगी। चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत स्टार प्रचार होंगे, वह अलग-अलग कार्यों पर निगरानी रखेंगे। पूरे अभियान की मॉनिटरिंग और मीडिया मॉनिटरिंग का काम यहीं से होगा। नॉमिनेशन के बाद उम्मीदवारों को भी कैंपेन के अलग-अलग काम दिए जाएंगे। उनको भी वॉर रूम से ही मॉनिटर किया जाएगा कि कौन सा उम्मीदवार कितना काम कर रहा है।

बूथ मैनेजमेंट का काम भी वॉर रूम से किया जाएगा। पूरे प्रदेश में जिस भी उम्मीदवॉर को जो भी समर्थन चाहिए, उसके लिए लॉजिस्टिक मैनेजमेंट की टीम काम करेगी। काम बस कैंपेन का है, अलग-अलग जगहों, चौराहों, सार्वजनिक स्थानों पर प्रचार की निगरानी भी यहीं से होगी। हर वार्ड पर एक इंचार्ज होगा जो इस वॉर रूम से जुड़ा होगा। सभी इंचार्ज ग्राउंड रिपोर्ट सीधा वॉर रूम तक पहुंचाएंगे।

# सिसोदिया पर मंत्री पद का गलत इस्तेमाल करने का लगा आरोप



- दावा: नई आबकारी नीति के दस्तावेज एक्साइज कमिश्नर से मांगे थे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई शराब नीति के मामले में उपमुख्यमंत्री सीएम मनीष सिसोदिया की परेशानी एक बार फिर बढ़ सकती है। मामले में मुख्य आरोपी बनाए गए सिसोदिया पर मंत्री पद का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगा है।

आरोप है कि अपने ओएसडी के जरिए नई एक्साइज पॉलिसी के पेपर्स आबकारी आयुक्त कमिश्नर से मांगे थे। संबंधित दस्तावेजों की फोटोकॉपी और स्कैन कॉपी मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, आबकारी आयुक्त को 30 सितंबर को भेजे गए नोट में उन्हीं फाइलों, कागजों और दस्तावेजों की मांग की गई है जो सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग और आर्थिक अपराधा शाखा के जांच के दायरे में हैं।

कानून विभाग ने स्पष्ट कहा कि विभिन्न एजेंसियों द्वारा मामले की जांच की जा रही है और मंत्री सिसोदिया को इसमें मुख्य आरोपी बनाया गया है।

व्यापार के लेन-देन की सामान्य प्रक्रिया जीएनसीटीडी नियम (जो किसी मंत्री को अपनी जानकारी के लिए किसी भी विभाग से कागजात मांगने का अधिकार देता है) इस मामले में लागू नहीं हेता है। ज्ञात हो कि आबकारी मामले ने काफी राजनीतिक रंग लिया है। एक दूसरे पर खूब आरोप लगे है।

# हरियाणा को मिला सर्वश्रेष्ठ राज्य कृषि व्यवसाय पुरस्कार


इंडिया एग्रीबिजनेस अवार्ड -2022 समारोह में ट्रॉफी प्रदान करते केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान। यह पुरस्कार प्रदेश के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने प्राप्त किया।

- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने नई दिल्ली में प्राप्त किया सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय कृषि एवं खाद्य परिषद द्वारा आयोजित इंडिया एग्रीबिजनेस अवार्ड-2022 समारोह में हरियाणा को सर्वश्रेष्ठ राज्य कृषि व्यवासाय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने नई दिल्ली में प्राप्त किया।

हरियाणा को यह पुरस्कार कृषि क्षेत्र में नीतियों, कार्यक्रमों, उत्पादन, इनपुट, प्रौद्योगिकियों, विपणन, मूल्यवर्धन, बुनियादी ढांचे और निर्यात के क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदानकर्ताओं को प्रस्तुत करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

यह पुरस्कार बुधवार शाम नई दिल्ली में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने प्राप्त किया। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि उन्हें खुशी है कि हरियाणा ने एक बार फिर कृषि क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया हैं और इसलिए आज यहां हरियाणा को 'बेहतर राज्य' के रूप में पुरस्कृत किया गया है। दलाल ने कहा कि हरियाणा के गन्नौर में एशिया का सबसे बड़ा हार्टिकल्चर मार्केट बनाने जा रहा है।

केंद्रीय पशुपालन, डेयरी एवं मतस्य राज्य मंत्री संजीव बालयान ने हरियाणा प्रदेश की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में सबसे आगे है। इस अवसर पर उनके साथ कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा, बागवानी विभाग के महानिदेशक अर्जुन सैनी सहित बागवानी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

# हट सकती है ग्रेप तीसरे चरण की पाबंदियां

- प्रदूषण से लोगों को राहत, केंद्रीय वायु गुणवत्ता आयोग आज करेगा समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली एनसीआर में इस हफ्ते प्रदूषण ने लोगों को राहत दी है। राजधानी और उससे सटे शहरों में लगातार दूसरे दिन वायु गुणवत्ता सूचकांक स्तर में काफी कमी देखने को मिल रही है।

गुरुवार की रात आठ बजे ज्यादातर इलाकों में एकक्यू आई 300 से कम दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार आईटीओ में औसत 277, मंदिर मार्ग में 246, सिरीफोर्ट 209, लोधी रोड 199, एयरपोर्ट में 237 दर्ज किया गया है। अन्य इलाकों में भी 300 के नीचे रहा। हवा की गुणवत्ता में सुधार के मद्देनजर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) शुक्रवार को समीक्षा बैठक करेगा। इस बैठक में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के तीसरे चरण की पाबंदियां हटाने का निर्णय लिया जा सकता है।

जीआरएपी के तीसरे चरण के तहत दिल्ली-एनसीआर में आवश्यक परियोजनाओं को छोड़कर सभी निर्माण और विध्वंस कार्य प्रतिबंधित हैं। ईंट भट्टों, हॉट मिक्स प्लांट और स्टोन क्रशर को भी संचालित करने की अनुमति नहीं है।

सीएक्यूएम ने एक बयान में कहा, सीएक्यूएम दिल्ली-एनसीआर के बदलते वायु गुणवत्ता परिदृश्य पर कड़ी नजर रख रहा है और तदनुसार उचित निर्णय की खातिर स्थिति की व्यापक समीक्षा के लिए आज एक बैठक बुलाएगी।



### अधिकतम पारा 29.5 डिग्री सेल्सियस

राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज की गई, जबकि अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 16.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम साढ़े पांच बजे सापेक्षिक आर्द्रता 62 प्रतिशत थी।

# जैकलीन को गिरफ्तार नहीं करने पर ईडी से सवाल

- दिल्ली की एक अदालत ने लगाई प्रवर्तन निदेशालय को फटकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने चुनिंदा लोगों पर कार्रवाई करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय को शुक्रवार को फटकार लगाते हुए पूछा कि एजेंसी ने अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करने के बावजूद उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया था।

अभिनेत्री के खिलाफ ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले में लुकआउट सुर्कलर जारी किया गया था। विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने ईडी के साथ ही अभिनेत्री की ओर से पेश हुए वकीलों की दलीलें सुनने के बाद फर्नांडीज की अंतरिम जमानत पर शुक्रवार के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया। फर्नांडीज को पहले अंतरिम जमानत दी गई थी।

ईडी की इस दलील पर कि फर्नांडीज आसानी से देश छोड़कर भाग सकती हैं, इस पर अदालत ने पूछा कि अभिनेत्री को अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया।


दिल्ली की अदालत से बाहर निकलती फिल्म अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज।

## संक्षिप्त समाचार



उर्दू दिवस के मौके विशेष स्मारिका का विमोचन करते अतिथि।

### इकबाल के जन्म दिवस पर मना विश्व उर्दू दिवस

**नई दिल्ली।** मोहम्मद इकबाल के जन्म दिवस के अवसर पर विश्व उर्दू दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन और यूनाइटेड मुस्लिम ऑफ इंडिया के संयुक्त संयोजन में हजरत निजामुद्दीन स्थित गालिब एकेडमी सभागार में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मौलाना अब्दुल हमीद नोमानी के जीवन और उद्देश्यों पर एक विशेष स्मारिका का भी विमोचन किया गया। विश्व उर्दू दिवस समारोह के संयोजक डॉ. सैयद अहमद खान ने हस मौके पर उपस्थित सभी मेहमानों का स्वागत करते हुए बताया कि यह सिल्वर जुबली कार्यक्रम है। हमारी कोशिश रहती है कि उर्दू भाषा को और अधिक तरक्की मिले। इस मौके पर दिल्ली विश्वविद्यालय के उर्दू भाषा के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अब्दुलहक, तस्मिया एजुकेशनल ट्रस्ट के डायरेक्टर डॉ सैयद फारूक, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग के जस्टिस एनके जैन, डॉ. लाल बहादुर, मौलाना सिराजुद्दीन नदवी आदि ने इस अवसर पर अपने विचार रखे।

### इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में दीक्षा महोत्सव कल

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में 12 और 13 नवंबर को दो दिवसीय 'दीक्षा : गुरु शिष्य परंपरा' कार्यक्रम का सेंटर फॉर इंडियन क्लासिकल डांसेज के सहयोग से दीक्षा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में प्रख्यात नृत्यांगना पद्मविभूषण एवं सांसद डॉ. सोनल मान सिंह की जीवन यात्रा को उनके शिष्यों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. करन सिंह उपस्थित रहेंगे। इसमें कला प्रेमियों के लिए भरतनाट्यम, दशावतार आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# भारत सदियों पुराने गौरव को बहाल करने की राह पर: धनखड़

- दिल्ली विश्वविद्यालय में उपराष्ट्रपति ने नवाचार सम्मेलन का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि अभूतपूर्व तरीके से भारत का उदय हो रहा है और वह सदियों पुराने अपने गौरव को बहाल करने की राह में है।

धनखड़ नए भारत के निर्माण के लिए बुनियादी ढांचे, सूचना और नवाचार विषय पर आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के शताब्दी समारोह के तहत किया जा रहा है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि 34 वर्षों के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पेश कर एक क्रांतिकारी कदम उठाया गया है और इस नीति से व्यापक बदलाव आएगा। वह दिल्ली विश्वविद्यालय को 100 वर्ष पूरा करने पर बधाई देते है। यह किसी भी संस्थान की यात्रा में मील का पत्थर है। अब हमारे पास चीन की अपेक्षा अधिक यूनिकार्न है। देश के युवा चमत्कार कर रहे हैं। यह सब इसलिए संभव हुआ है क्योंकि नीति संबंधी पारिस्थितिकी तंत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है। यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं कि हर कोई अपनी प्रतिभा का अधिकतम उपयोग कर सके। इसका मतलब है कि हम अपने पुराने गौरव को फिर से प्राप्त करने की राह में हैं। आप कहीं भी जाएं, भारतीय और भारतीयता का सम्मान अलग दिखता है। देश का नेतृत्व, राजनयिक और पदाधिकारी, सब एक भाषा बोलते हैं, और वह भाषा देश के हित में है। भारतीय प्रधानमंत्री की आवाज दुनिया के मंचों पर पहले से कहीं ज्यादा सुनी जा रही है। ए सब हुआ है क्योंकि भारत को जनसांख्यिकी का व्यापक लाभांश है।

भविष्य युवाओं का है और उन्हें अपने देश की नियति को आकार देना है। उनका निर्देश, उनका रवैया ही इतिहास के पाठ्यक्रम को परिभाषित करेगा। उन्होंने सरकार के विभिन्न कदमों की भी प्रशंसा की और कोविड-19 टीकाकरण अभियान का उल्लेख किया। धनखड़ ने कहा कि यह बात उन्हें परेशान करती है कि क्यों कुछ लोग भारत के विकास की कहानी को स्वीकार नहीं कर पाए, कि भारत प्रगति कर रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में उन्होंने कहा, इस नीति ने पहली बार हमारी सोच को एक नया आयाम दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा डीयू ने अपनी सफल यात्रा के 100 साल पूरे कर लिए हैं, और भारत ने आजादी के 75 साल पूरे कर लिए हैं। दिल्ल विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 1922 से पहले तीन कॉलेजों से की गई थी और अब इसमें 90 कॉलेज हैं। पिछले दशकों में विश्वविद्यालय में लड़कियों की संख्या में खासी वृद्धि हुई है। इस साल, विश्वविद्यालय में दाखिला 12वीं के अंकों के बजाय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के माध्यम से किए गए थे।



दिल्ली विश्वविद्यालय में नवाचार सम्मेलन का उद्घाटन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।

# आबकारी नीति : ईडी ने कंपनियों के 2 अफसरों को किया गिरफ्तार

- दोनों को सात दिन की हिरासत में भेजा गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की निरस्त आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय ने दो कंपनियों के दो अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को सात दिन की इडी ही हिरासत में भेजा गया है।

शराब कंपनी परनोड रिकार्ड के महाप्रबंधक बिनोय बाबू और अरबिंदो फार्मा के निदेशक व प्रोमोटर पी. शरत चन्द्र रेड्डी को धन शोधन निषेध कानून के तहत बुधवार देर रात गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने दावा किया है कि दोनों पूछताछ के दौरान टालमटोल कर रहे थे। हैदराबाद की कंपनी अरबिंदो फार्मा लिमिटेड ने शेयर बाजार को भेजी गई सूचना में कहा है कि वह इस संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाने की प्रक्रिया में है और बाद में और खुलासा करेगी। गिरफ्तार किए गए दोनों अधिकारियों को बृहस्पतिवार को दिल्ली की पीएमएलए अदालत में पेश किया जाएगा जहां प्रवर्तन निदेशालय उनकी हिरासत की मांग करेगा।

ये दोनों सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर आबकारी नीति को बनाने में कथित रूप से संलिप्त थे और पूरे नेटवर्क को संगठित रूप देने में भी उनकी भूमिका थी। ईडी ने पहले छापामारी के दौरान एक कर्मचारी के परिसर से आबकारी नीति का मसौदा बरामद किया था।

# सभी भारतीयों को समान अधिकार दिलाने के लिए प्रयासरत रहती है भाजपा : नवीन गोयल

## बीजेपी एक मात्र पार्टी जिसने उत्तराखंड के साथियों के लिए उत्तराखंड प्रकोष्ठ गठित किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम भाजपा कार्यालय में उत्तराखंड दिवस कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित करते अतिथि।

**एक** भारत, श्रेष्ठ भारत के तहत भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय गुरुकमल में उत्तराखंड का 22वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर उत्तराखंड के लोगों ने अपनी संस्कृति से रूबरू कराया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने शिरकत की। अध्यक्षता भाजपा प्रदेश सचिव समय सिंह भाटी ने की।

उत्तराखंड के लोगों को उत्तराखंड दिवस की शुभकामनाएं देते हुए नवीन गोयल ने कहा कि भाजपा हमेशा ही एक भारत, श्रेष्ठ भारत के मार्ग पर चलते हुए अलग-अलग जगह से आए सभी भारतीयों को समान अधिकार दिलाने के लिए प्रयासरत रहती है। भाजपा एकमात्र पार्टी है, जहां उत्तराखंड के साथियों के लिए उत्तराखंड प्रकोष्ठ गठित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के निर्देशानुसार उन्होंने भाजपा प्रदेश कार्यालय में उत्तराखंड के भाइयों के साथ 22वें उत्तराखंड स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। उत्तराखण्ड देवभूमि है और वहां सभी पर्यावरण प्रेमी हैं। हरियाणा का पर्यावरण भी सही करना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ के निर्देशों पर चलते हुए लाखों पौधे प्रदेश में लगाए हैं ताकि हरियाणा का पर्यावरण स्वच्छ हो सके। गोयल ने बताया कि अब प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने उन्हें पर्यावरण के अलावा एक भारत, श्रेष्ठ भारत के कार्यक्रमों के लिए बनाई गई कमेटी में शामिल कर नया दायित्व सौंपा है। इस अवसर पर गुरुकमल कार्यालय के प्रदेश सचिव सुनील कोहली, प्रदेश संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सुनील राव, पूर्व आईटी प्रदेश संयोजक अरुण यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेश अरोड़ा, उत्तराखंड प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ओम प्रकाश भट्ट, प्रदेश सह संयोजक देवेंद्र सिंह नेगी, सुरेश काला प्रधान कुमाऊं भ्रातृ मंडल संरक्षक केशव दत्त शर्मा, महासचिव कर्ण सिंह बिष्ट, कुमाऊं भ्रातृ मंडल, नारायण सिंह रावत उपप्रधान गढ़वाल सभा, पुष्कर सिंह बिष्ट प्रधान उत्तराखण्ड सांस्कृतिक समिति, मनोज शर्मा, जिला संयोजक गंगा सिंह नेगी, सह संयोजक किशन सिंह बिष्ट, नंदन सिंह बिष्ट, देवभूमि जागृति मंच के प्रधान मोहन चंद तिवारी, महासचिव मानसिंह मनराल, अखिल भारतीय देवभूमि महासभा के प्रधान गोपाल रावत, राजेंद्र पाटनी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिले में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्यवाही : एडीसी आनंद कुमार





करवा खंड फिरोजपुर-झिरका शहर में अतिक्रमण वाले क्षेत्रों निरीक्षण करते एडीसी आनन्द कुमार शर्मा व एसडीएम दीपक बाबूलाल।

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**अतिरिक्त** उपायुक्त आनन्द कुमार ने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा। जो भी व्यक्ति अतिक्रमण करे या करवाए उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कड़ी में वीरवार को अतिक्रमण को हटाने के लिए उपमंडल फिरोजपुर-झिरका शहर का एडीसी आनन्द कुमार व एसडीएम दीपक बाबूलाल ने दौरा किया। एडीसी ने सभी दुकानदारों को निर्देश दिए है कि मार्केट के अंदर गंदगी न फैलाए और डस्टबिन का प्रयोग करें।

उन्होंने कहा कि दुकानदारों को चेतावनी दी कि शहर में अतिक्रमण ने बढ़ाए। एडीसी ने अतिक्रमण को लेकर खंड फिरोजपुर-झिरका का दौरा किया। उन्होंने शहर में जगह-जगह रेहड़ी लगाने वालों को निर्देश दिए कि शहर में अतिक्रमण न करें और अपनी रेहड़ी के साथ डस्टबीन का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि शहर को साफ रखने का जिम्मेदारी हम सभी की बनती है, इसलिए जगह-जगह गंदगी न फैलाए और इकट्ठा होने वाले कूड़े को नगरपालिका की गाड़ी में गीला कूड़ा और सूखा कूड़ा के लिए अलग-अलग बॉक्स बनाए गए है। उन्होंने निर्देश दिए कि नालों की सफाई का काम हर हाल में पूरा करें। उन्होंने कहा कि बड़े नालों के अलावा दुकानदारों के सामने की नालियों की भी अच्छी तरह से सफाई की जाए। उन्होंने दुकानदारों को भी निर्देश दिए कि वे सफाई करते समय नगर परिषद का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि दुकानदार दुकानों के सामने बनी नालियों पर अतिक्रमण न करें। उन्होंने लाल कुंआ चौक से तुरंत अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि अगर कोई दुकानदार सड़क पर सामान रखता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाही की जाएगी। वहीं उन्होंने नागरिकों से भी आह्वान किया कि वे इस तरह से सड़कों पर कूड़ा न डालें। शहर में निर्धारित स्थानों पर कूड़ेदान रखे गए हैं। वहीं पर कूड़ा डालें। इसके अलावा कालोनियों में हर रोज कूड़ा गाड़ी आने के बाद उसी में कूड़ा डालें। शहर की सफाई में नागरिकों का सहयोग जरूरी है। नागरिक भी अपनी जिम्मेदारी को समझें।

# जीएमडीए के सीईओ ने ली चौथी अंतर-विभागीय समन्वय बैठक



गुरुग्राम स्थित जीएमडीए कार्यालय में अंतर-विभाग समन्वय बैठक लेते सीईओ सुधीर राजपाल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## कहा, बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं के काम में तेजी लाएं

## सीईओ ने बाधाओं को दूर करने के लिए जारी किए निर्देश

**गुरुग्राम** महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में स्थानीय अधिकारियों की समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित मुद्दों की समीक्षा की गई। आगे की कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

इस बैठक में गुरुग्राम के उपायुक्त निशांत यादव, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की प्रशासक जसप्रीत कौर, नगर निगम गुरुग्राम (एमसीजी), नगर निगम मानेसर (एमसीएम), यातायात पुलिस, पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर), हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम (एचएसआईआईडीसी), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी), हरियाणा दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) और सिंचाई विभाग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। सीईओ सुधीर राजपाल ने ग्वाल पहाड़ी के लाइसेंस प्राप्त क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति के लिए एचएसवीपी द्वारा लगभग 2100 मीटर लंबी शेष जल पाइपलाइन बिछाने की स्थिति की समीक्षा की। प्रशासक एचएसवीपी ने कहा कि इस संबंध में निविदा जल्द ही आमंत्रित की जाएगी। जीएमडीए ने इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सभी स्थानीय अधिकारियों को लंबित बाधाओं को दूर करने और नागरिकों के लाभ के लिए किए गए विभिन्न कार्यों को पूरा करने के लिए समयबद्ध तरीके से परियोजनाओं पर काम करने के निर्देश दिए। संबंधित विभागों को बिजली के खंभों, किसी भी भौतिक संरचनाओं, पेड़, अतिक्रमणों और किसी भी अन्य प्रतिबंधात्मक कारकों के अपेक्षित स्थानांतरण पर ध्यान देना चाहिए जो बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।गार्डन एस्टेट के निवासियों द्वारा उठाई गई शिकायतों के समाधान के लिए बैठक में सोसायटी के आरडब्ल्यूए के सदस्य भी मौजूद थे। जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने एमसीजी अधिकारियों को गार्डन एस्टेट और विद्या स्कूल के सामने कचरे के अनधिकृत डंप को साफ करने का निर्देश दिया, जिसे निवासियों ने उजागर किया था। उन्होंने गार्डन एस्टेट के सामने ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिए।

# सभी चार मंडियों में 121116 मीट्रिक टन धान की आवक हुई

**मेवात।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि जिला में बाजरा व धान की खरीद का कार्य जोरों पर है। जिला की सभी चार मंडियों में 121116 मीट्रिक टन धान की आवक हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि नूंह अनाज मंडी में 67338 मीट्रिक टन, पुन्हाना अनाज मंडी में 53778 मीट्रिक टन, धान की खरीद की गई है। उपायुक्त ने सभी खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे मंडियों से खरीदे गए धान को जल्दी उठाने की व्यवस्था करें ताकि किसान सुविधापूर्ण तरीके से अपनी फसल बेच सके। उन्होंने बताया कि जिले की चार मंडियों में बाजरे अब तक एक लाख 82 हजार 876 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद हो चुकी है।

# डा. शिव सिंह रावत राष्ट्रीय जल प्रबंधन पुरस्कार से सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



पुरस्कार के साथ डा. शिव सिंह रावत।

**सिंचाई** विभाग में अधीक्षक अभियंता (एसई) डॉ. शिव सिंह रावत कसे हरियाणा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग गुरुग्राम एवं क्षेत्रीय अधिकारी अटल भूजल योजना को जल संसाधन संरक्षण और प्रबंधन में उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय जल संसाधन प्रबंधन पुरस्कार-2022 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारतीय विश्वविद्यालयों के परिसंघ नई दिल्ली द्वारा दिया गया है।

डॉ. प्रियरंजन त्रिवेदी अध्यक्ष भारतीय विश्वविद्यालयों के परिसंघ नई दिल्ली के अनुसार भारतीय विश्वविद्यालयों के परिसंघ के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने जल संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में डॉ. रावत के उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों की सराहना की है। उनको इस पुरस्कार से नवाजा गया है।

डॉ. शिव सिंह रावत को 32 वर्षों का विभिन्न सरकारी विभागों में अनुभव है। उन्होंने जल संरक्षण और प्रबंधन के लिए इज़राइल और ऑस्ट्रेलिया के अंतरराष्ट्रीय दौरे किये हैं। उन्होंने गुरुग्राम सहित दक्षिणी हरियाणा में नहर आधारित पेयजल से संबंधित प्रतिष्ठित परियोजनाओं, सिंचाई योजनाओं, अपशिष्ट जल के सिंचाई के उद्देश्य से ऊपयोग के लिए परियोजना और जल निकायों का कायाकल्प की परियोजनाओं पर कार्य किया है।

# खोए 11 मोबाइलों को साइबर सैल ने बरामद कर सुपुर्द किया



**नूह।** जिला पुलिस कप्तान वरुण सिंगला ने आज गुरुवार को बताया कि साइबर सैल प्रभारी सहायक उप-निरीक्षक सुरेश कुमार एवं उनकी टीम ने माह अक्टूबर 2022 में लाखों रुपये की कीमत के 11 मोबाइल फोनों को ट्रेस करते हुए बरामद किया है। जिन्हें वरुण सिंगला आईपीएस पुलिस अधीक्षक नूंह द्वारा अपने कार्यालय में बुलाकर सम्मानपूर्वक उनके मालिको को सौंपा गया है। बरामद मोबाइल अलग-अलग कम्पनी के थे। जिनकी कीमत करीब 1,87,580/- रुपये आंकी जा रही है।

खोये हुए मोबाइलों को पाकर मोबाइल मालिकों के चेहरे पर खुशी छलक पड़ी। उन्होंने पुलिस द्वारा उनके खोये हुए मोबाइल बरामद कर सौंपने पर नूंह पुलिस का आभार व्यक्त किया। बता दें कि इससे पहले भी जिला नूंह पुलिस ने वर्ष 2021 से सितंबर 2022 तक करीब 18,20,500 के 130 मोबाइलों को ट्रेस करके उनके असल मालिकों के हवाले किया है। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नूंह ने साइबर सैल इंचार्ज सुरेश कुमार वा उनकी टीम की कार्यशैली से प्रभावित होकर उन्हें शाबाशी देकर उनका उत्साहवर्धन किया है ।

# अपग्रैड लॉन्च करेगा 10 ग्लोबल कैम्पस

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

## ग्लोबल को इमर्जिंग टेक्नोलॉजिस के क्षेत्र में बनना है विश्व की सबसे बड़ी संस्था

**एजुटेक** की प्रमुख और एशिया की सबसे बड़ी एजुकेशन कंपनी, अपग्रैड ने आज अपने नए ब्रांड यूजीडीएक्स के लॉन्च के साथ ऑफ लाइन उच्च शिक्षा में एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। यह इमर्जिंग टेक्नोलॉजिस में अपग्रैड के लिये अत्यधिक विश्वास को दर्शाता है। हाल ही में इसके अधिग्रहित डेटा साइंसए एआईए एमएल-केंद्रित ऑफ लाइन संस्थान. इनसोफे ने यूजीडीएक्स में यह एक्स फैक्टर जोड़ा है।

तीन करोड़ अमेरिकी डॉलर के निवेश के साथए यूजीडीएक्स अगले साल 10 संस्थान खोलेगा। उनमें से 3 यूएस में, जिनमें से सैन फ्र ांसिसको जनवरी, 2023 में शुरू होगा। दिल्ली और चेन्नई में 5 खुलेंगे, जोकि मुंबई, हैदराबाद और बेंगलुरू में मौजूदा परिसरों की संख्या में इजाफा करेगा और सिंगापुर तथा मध्य पूर्व में 1.1 संस्थान का शुभरम्भ किया जाएगा। यूजीडीएक्स अपने लॉन्च के बाद 5; पांचद्ध तिमाहियों में परिचालन ब्रेक.ईवन तक पहुंचने के लिये तैयार है। विभिन्न क्षेत्रों में फैकल्टी की भर्ती करने की भी योजना है और एक व्यवस्था के अंदर परिसरों, संकायों और कॉरपोरेट्स को समेकित रूप से एकीकृत करने के लिये प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाएगा। यूजीडीएक्स एआईए मशीन लर्निंगए साइबर सिक्योरिटीए ब्लॉकचैनए कनेक्टेड डिवाइसेस, आईटीए क्वांटम कंप्यूटिंग, डिजिटल मैनेजमेंट, लीडरशिप कोर्स और क्लाउड में विशेषज्ञता प्राप्त करेगा और इन क्षेत्रों में सर्टिफि केट, बैचलर, मास्टर और डॉक्टरेट प्रोग्राम पेश करेगा। रोनी स्क्रूवाला सह-संस्थापक और चेयरपर्सन अपग्रेड का कहना है 18 से 60 की उम्र तक के कॉलेज शिक्षार्थियों से लेकर, वर्किंग प्रोफेशनल्स तक विश्व की पहली और सबसे बड़ी एकीकृत हायर एजुटेक कंपनी बनने के हमारे लक्ष्य के तहतए यह एक स्वाभाविक विस्तार है। दरअसलए हम अपने अपग्रेड ब्रांड के तहत ऑफ्लाइन और ऑनलाइन मॉडल के व्यापक मिश्रित रूप की तरफ कदम बढ़ा रहे हैं।

डॉ दक्षिण मूर्ति कोल्लुरु, संस्थापक और सीईओए इन्सोफे, जो यूजीडीएक्स के भी प्रमुख होंगे। उनका कहना है एश्यूजीडीएक्स का वर्क.इंटीग्रेटेड एजुकेशन प्रोग्राम अद्भुत है और यह पारंपरिक विवि से इसे अलग बनाता है। हमारा डीएनए उद्योग-केंद्रित होगा और हम ऐसे प्रोग्राम तैयार कर रहे हैं जोकि स्टूडेंट्स को कंपनियों को बदलने में मदद करेगा। इंडस्ट्री कनेक्शन से मजबूत जुड़ाव के साथए यह हमारे शिक्षार्थियों को पहले ही दिन से वास्तविक दुनिया के अनुभवों के लिये सक्षम बनाएगा। हमारे सभी प्रोग्राम में पारंपरिक प्रोग्राम की तुलना में कम से कम दोगुने कैपस्टोन और प्रोजेक्ट वर्क हैं। डॉ श्रीधर पप्पूए प्रेसिडेंटए यूजीडीएक्स का कहना है, एक प्रमुख संस्थान के रूप में, हमारे शिक्षार्थियों और बड़े पैमाने पर समाज पर प्रभाव डालना। हमारे लिये बेहद अहम है।

# ग्रैप के उल्लंघन पर 8 लोगों पर लगाया 58500 रुपये जुर्माना

**गुरुग्राम।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा जारी ग्रेडिड रैस्पांस एक्शन प्लान की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए नगर निगम गुरुग्राम द्वारा गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। इसके तहत उल्लंघनकर्ताओं के चालान किए जा रहे हैं। वायु गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

नगर निगम गुरुग्राम की पर्यावरण एवं स्थिरता विंग के नोडल अधिकारी सुभाष यादव ने बताया कि गुरुवार को निगम क्षेत्र में जीआरएपी के तहत प्रतिबंधित गतिविधियां करने वाले 8 व्यक्तियों के चालान करते हुए उन पर 58500 रुपये जुर्माना लगाया गया है। इनमें तंदूर एवं कोयला भट्ठी के मामले में 3 व्यक्तियों पर 1500 रुपये, धूल उड़ाने संबंधी मामले में 1 व्यक्ति पर 25000 रुपये तथा बिना ढके निर्माण सामग्री रखने के मामले में 4 व्यक्तियों पर 32000 रुपये के चालान किए गए हैं। अब तक 217 उल्लंघनकर्ताओं पर 2356000 रुपये का जुर्माना किया जा चुका है।

# सरकारी स्कूलों के औचक निरीक्षण में एसडीएम को दो शिक्षक मिले गैरहाजिर

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पचगांव व पढ़ेनी विद्यालय में भारी खामियां मिलीं

**बृहस्पतिवार** को तावडू उप मंडल अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी के साथ उपमंडल के कई सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें दो शिक्षक गैरहाजिर मिले, निरीक्षण के दौरान दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पचगांव व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पढ़ेनी में भारी खामियां मिली। जिनको लेकर एसडीएम ने जरूरी दिशा निर्देश दिए।

तावडू उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) तावडू रणवीर सिंह व खंड शिक्षा अधिकारी रमेश मलिक ने खंड के गांव पचगांव व पढ़ेनी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया।एसडीएम रणवीर सिंह के मुताबिक पचगांव स्कूल में कोई भी टीचर निर्धारित समय सारणी के अनुसार कक्षाएं नहीं ले रहे थे। यहां तक की अध्यापकों द्वारा हाजिरी भी नहीं लगाई गई थी। दो अध्यापक तो ऐसे मिले जिनकी 9 नवंबर और 10 नवंबर को हाजिरी नहीं लगाई गई। दोनों ही दिन के कालम खाली छोड़ रखे थे, जो टीचर मौके पर भी नहीं मिले। दाखिले के अनुसार स्कूलों में संख्या भी बेहद कम मिली। मूवमेंट रजिस्टर भी खाली पाया गया। वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पढ़ेनी में भी भारी खामियां मिलीं। कोई भी टीचर टाइम टेबल के अनुसार कक्षाएं नहीं ले रहा था। सभी अपनी मन मर्जी से कक्षाएं लेते पाए गए। यहां भी दाखिले के अनुसार विद्यार्थियों की संख्या कम मिली। उपमंडल अधिकारी ने बताया दो स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया। जिनमें पचगांव और पढ़ेनी दोनों में ही हालात सही नहीं मिले।

# एसजीटी यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय टेक्नो फेस्ट सिनर्जी 2022 का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**एसजीटी** यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय टेक्नो फेस्ट सिनर्जी 2022 का गुरुवार से शुभारम्भ बड़ी धूम धाम से हुआ। टेक्नो फेस्ट का उद्धघाटन जम्मू और कश्मीर के उच्च शिक्षा उपाध्यक्ष प्रो दिनेश सिंह ने किया। राजीव यदुवंशी, अतिरिक्त मुख्य सचिव, दिल्ली सरकार विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में दिल्ली और एनसीआर के बड़ी संख्या में स्कूली छात्रों को एसजीटी विवि में आमंत्रित किया गया था। एक अनुमान के अनुसार आज लगभग बीस हज़ार स्कूली बच्चों और उनके शिक्षकों ने भाग लिया। छात्रों ने आयोजन की भव्यता की सराहना की। अपने भाषण में प्रो दिनेश सिंह ने कहा की जीवन में सफलता के लिए अच्छी शिक्षा अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कुछ सफल हस्तियों जैसे की अमिताभ बच्चन, सचिन तेंदुलकर व नारायण कृष्णा मूर्ति का उदाहरण देते हुए कहा की इन सब में एक गुण सामान्य है ये सभी लोग अपने जीवन में कड़ी मेहनत से आगे बढे है। श्री सिंह ने कहा की एसजीटी यूनिवर्सिटी सिनर्जी जैसे कार्यक्रमो के माध्यम से छात्रों को एक सफल नागरिक बनने में मदत करता है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रबंध न्यासी मनमोहन सिंह चावला, अध्यक्ष, मधुप्रीत कौर चावला, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा प्रदर्शित अभिनव परियोजनाओं आगंतुकों को आकर्षित किया अथवा बच्चों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों द्वारा प्रदर्शित नवीन परियोजनाओं में गहरी रुचि दिखाई। सिनर्जी 2022 के दौरान एसजीटी विश्वविद्यालय और बाहरी स्कूलों के छात्रों द्वारा बनाई गई परियोजनाओं के 300 से अधिक स्टालों को प्रदर्शित किया गया। नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक वस्तुएं विश्वविद्यालय के आगंतुकों का ध्यान अपनी ओर खींचती हुई नज़र आयी। एसजीटी विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों और बाहर के कॉलेजों अथवा छात्रों की टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मनोहर मेमोरियल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, फतेहाबाद की एक टीम 250 किलोमीटर से भी अधिक दूरी से आई थी। इसी प्रकार सांस्कृतिक वस्तुएं भी पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बनी रही। सेंटर फॉर कॉस्मोलॉजी एंड साइंस पॉपुलराइजेशन, ब्रह्मांड विज्ञान और विज्ञान लोकप्रियकरण केंद्र (सीसीएसपी), एसजीटी विश्वविद्यालय का एक स्वायत्त केंद्र सिनर्जी 2022 के दौरान तारामंडल कार्यक्रम के लिए एक मोबाइल तारामंडल स्थापित किया। सिनर्जी-एसजीटी विवि का एक टेक्नो फेस्ट है। इसका उद्देश्य रचनात्मकता में युवा दिमाग को तालमेल बिठाना और छात्रों को अनुसंधान और नवाचार की ओर उत्सुक करना है। दिल्ली-एनसीआर में विभिन्न विवि, कॉलेजों और स्कूलों के छात्रों को भी व्यावहारिक वैज्ञानिक अनुप्रयोगों के माध्यम से दैनिक जीवन में उत्पन्न होने वाली चुनौतियों के प्रोटोटाइप/प्रस्तावित समाधान विकसित करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

# कम पानी लागत से बेहतर उत्पादन को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली अपनाएं

## डीसी अजय कुमार ने कहा, सूक्ष्म सिंचाई योजना में 85 प्रतिशत तक सब्सिडी का है प्रावधान

**मेवात।** प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने व फसल उत्पादन के दौरान होने वाले जोखिमों को कम करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न स्तर पर गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही किसान हित में जो निर्णय लिए जा रहे हैं, उनको भी पूरी ईमानदारी के साथ धरातल पर क्रियान्वित किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से किसानों को कम पानी लागत से बेहतर व ज्यादा पैदावार लेने के लिए सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 85 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

डीसी अजय कुमार ने जिला के किसानों से सूक्ष्म सिंचाई योजना का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से किसान खेत में पानी खड़ा होने, खेत में पानी के असमान वितरण, उर्वरक उपयोग दक्षता को कम करने जैसे नुकसानों से अपनी फसल को बचाकर अधिक से अधिक पैदावार ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने किसानों को कृषि से संबन्धित सिंचाई के नए आधुनिक तकनीकी साधन प्राप्त करने के लिए सूक्ष्म सिंचाई योजना शुरू की है। इसमे मिनी स्प्रिंकल पर 85 प्रतिशत तक सब्सिडी का प्रावधान भी है। उपायुक्त ने कहा कि इस विधि के माध्यम से रासायनिक उर्वरकों को घोल के रूप में पानी के साथ फसल में डाला जा सकता है। इसके साथ ही इस प्रणाली से पौधों या फसलों को जरूरत के हिसाब से पानी देने के साथ ही 70 प्रतिशत पानी की बचत भी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त योजना के तहत पुराने कुओं का जीर्णोद्धार, टिब्बे पर सूक्ष्म सिंचाई व्यवस्था तथा खेती योग्य भूमि को शत-प्रतिशत पानी के बेहतर प्रबंधन की व्यवस्था भी की जा सकती है।

**कैसे आवेदन करें किसान :** इस संबंध में जानकारी देते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारी ने बताया कि सूक्ष्म सिंचाई योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान को कैडहरियाणा.एनआईसी.इन पर जाकर किसान लॉग इन कर विकल्प पर क्लिक करना होगा।

# सरकारी हाई स्कूल के वंचित छात्रों को मिली वित्तीय सहायता

## क्यूब रूट्स फाउंडेशन और डीएटीआरपीएल की एक और नई पहल

पायनियर समाचार सेवा। औरंगाबाद/मथुरा



**क्यूब** रूट्स फाउंडेशन (Cube Roots Foundation) और डीएटीआरपीएल - DATR-PL (क्यूब हाईवे का एक एसपीवी) ने हाल ही में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। ये आयोजन बैंक्वेटहॉल, द ललिता ग्रैंड एंड रिसॉर्ट्स, औरंगाबाद, मथुरा में किया गया। बता दें कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी/ग्रामीण खंड (catchment section) के साथ सरकारी हाई स्कूल के वंचित मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। क्यूब रूट्स फाउंडेशन के कम्युनिटी डेवलप प्रोग्राम के तहत 41 छात्रों में से प्रत्येक को 10,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। जिससे उन्हें आगे बढ़ने के साथ अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान पुलकित खरे डीएम, मथुरा, धर्मेंद्र चौहान, सीओ ट्रैफिक, मथुरा, शौर्य कुमार, यातायात निरीक्षक, जनार्दन शर्मा, सांसद प्रतिनिधि, शिबाशीष साहू, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, सोशल सेफ गॉर्ड, क्यूब हाईवे, वैभव शर्मा, एसपीवी प्रमुख, डीए टोलरोड प्राइवेट लिमिटेड, सुश्री प्रज्ञा गुप्ता, सहायक उपाध्यक्ष-कॉर्पोरेट संचार, क्यूब हाईवे इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। वहीं इस कार्यक्रम में कुछ गणमान्य व्यक्तियों ने अपने बहुमूल्य विचार भी साझा किए। छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए अपने शब्दों से तैयार किया।

शिबाशीष साहू, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, सोशल सेफ गॉर्ड, क्यूब हाईवे, हम मानते हैं कि शिक्षा लोगों के साथ-साथ वंचित आबादी (underprivileged population) के उत्थान की कुंजी है और यह कदम उन समुदायों के लिए शिक्षा के अवसरों को बेहतर बनाने में हमारी कोशिश है, जहां हम एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमारा लक्ष्य इस तरह की पहल के माध्यम से अधिक से अधिक वंचित युवाओं तक पहुंचना और शिक्षा के माध्यम से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। पुलकित खरे, डीएम, मथुरा ने कहा कि हमारी पहली कोशिश ये होनी चाहिए कि हमें विद्यार्थी के रूप में जो भी गुरूजन बात सिखा रहे हैं। उस पर अमल करना चाहिए। अपने अध्यापक पर विश्वास होना चाहिए क्योंकि अध्यापक का दर्जा ऐसा होता है कि वो आपको सही रास्ते पर लेकर जाना चाहता है। और मेरा विश्वास है कि यहां पर जितने भी मेधावी छात्र-छात्राएं बैठे हैं, वे अपने अध्यापक का कहा जरूर मानेंगे। इंटरनेट की दुनिया में अनेक विषयों पर सूचना मौजूद होती है।

# एनीमिया मुक्त जिला बनाने को चलाया जा रहा कार्यक्रम

### सरकारी अस्पतालों के साथ स्कूलों में भी लगा रहे जांच और जागरुकता शिविर

**कविता।** फरीदाबाद

**एनीमिया** मुक्त हरियाणा प्रोग्राम 7 से 14 नवंबर तक चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग जागरुकता और जांच अभियान चला रहा है। इस दौरान स्कूली बच्चों और गर्भवती महिलाओं की एनीमिया जांच की जा रही है। उन्हें एनीमिया से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जगह-जगह एनीमिया जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। बीके अस्पताल की ओपीडी में भी बच्चों, महिलाओं व गर्भवतियों समेत मरीजों की जांच की गई।





फतेहपुर चंदीला के सरकारी स्कूल में छात्राओं को जागरूक करते हुए अनुक्रमा भाटी, डॉ. सीमा, अंजू व अन्य। बीके अस्पताल में लगे शिविर में एनीमिया की जांच करवाती महिला

फतेहपुर चंदीला के सरकारी स्कूल में पहुंची काउंसिल अनुक्रमा भाटी ने कहा कि महिलाएं दिन भर घरों में काम करती है और वह पूरे परिवार की जिम्मेदारी को संभालती है। अपने पूरे परिवार की देखभाल स्वयं करती है। लेकिन परिवार की देखभाल में वह स्वयं की देखभाल करना भूल जाती है। इस वजह से ही वह अपने शरीर को पूरे दिन में दिए जाने वाले पोषक तत्वों को भी नहीं दे पाती है। महिलाओं के शरीर में इन पोषक तत्वों की कमी के कारण से ही उनके शरीर में एनीमिया की बीमारी घर कर जाती है। एनीमिया महिलाओं के साथ-साथ किसी को भी अपनी चपेट में ले लेता है।

**जीरो फिगर :** अनुक्रमा भाटी ने बताया कि एनीमिया की बीमारी महिलाओं मे इसलिए भी अधिक पाई जाती है, क्योंकि आजकल लड़कियां जीरो फिगर के कारण से खान पान पर उचित ध्यान नहीं दे रही हैं। जिसके कारण से उनका पोषण अपर्याप्त रहता है। जिस कारण से लड़कियों मे खून की कमी कुपोषण के कारण पहले से ही रहती है। यह कमी गर्भावस्था और प्रसव के समय के बीच अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाती है। इस कारण यह बीमारी महिलाओं मे अधिक पाई जाती है।

**कई कारण :** इस मौके पर स्कूल हेल्थ मेडिकल ऑफिसर डॉ. सीमा ने बताया कि एनीमिया होने के कई कारण हो सकते है। ज्यादा खून बहना, आरबीसी का बहुत ज्यादा नष्ट होना या इसका न बनना प्रमुख कारण है। आयरन से भरपूर भोजन न करना या शरीर मे आयरन का ठीक अवशोषण न होने की वजह से एनीमिया की समस्या बढ़ जाती है।

# दोस्त ने चाकुओं से गोद कर की 19 वर्षीय युवती की हत्या

### सुबह साढ़े पांच बजे घायल अवस्था में सोहना मोड़ पर पड़ी थी युवती

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सोहना** मोड पर संजय कालोनी के निकट एक 19 वर्षीय युवती को उसके दोस्त ने चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सुबह साढ़े पांच बजे किसी व्यक्ति की सूचना पर परिजनों ने मौके पहुंच कर बीके अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान कुछ देर बाद ही युवती ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर थाना मुजेसर पुलिस, क्राइम ब्रांच और एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर युवती के आरोपी दोस्त के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।



मोरचरी के बाहर खड़ी मृतक युवती के परिजन। इनसेट में मृतका रोशनी की फाइल फोटो

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सारन इलाके में रहने वाली 19 वर्षीय रोशनी नामक युवती सेक्टर-24 स्थित प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती थी। परिजनों के मुताबिक लड़की की पिछले दो-तीन वर्षों से आरोपी महेंद्र के साथ दोस्ती थी। युवती के भाई के अनुसार रोशनी अन्य दिनों की तरह बुधवार की सुबह घर से काम पर जाने के लिए निकली थी। लेकिन इसके बाद वह शाम को वापिस घर नहीं आई। काफी इंतजार करने के बाद उन्होंने अपने स्तर पर रोशनी की काफी तलाश भी की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। बृहस्पतिवार सुबह 5:30 बजे किसी व्यक्ति का फोन आया कि एक लड़की, संजय कॉलोनी सोहना मोड़ के पास गंभीर रूप से घायल हालत में पड़ी हुई है। सूचना मिलते रोशनी का भाई अपने परिजनों के साथ बताए गए स्थान पर पहुंच गया। जहां पर उन्होंने देखा कि घायल अवस्था में पड़ी अन्य कोई नहीं बल्कि रोशनी ही थी। गंभीर रूप से घायल रोशनी ने अपने परिजनों को बताया कि उसके दोस्त महेंद्र ने उसे बहुत बुरी तरह मारा है, इतना कहने के बाद वह बेहोश हो गई थी।

परिजनों द्वारा लड़की को बीके अस्पताल में ले जाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने बताया कि लड़की की मृत्यु हो चुकी है। पुलिस ने आरोपी महेंद्र के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी महेंद्र की धरपकड़ के लिए थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा दबिश दी जा रही है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जायेगा।

# सीवरेज के पानी से सड़क लबालब, लोग परेशान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पर्वतीय** कॉलोनी में सीवर के पानी से सड़क लबालब भरी हुई है। यहां पर रहने वाले लोगों को अपने घरों से बाहर भीतर आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बदबूदार पानी से घर में रहना दूभर हो गया है। सीवर के पानी को निकालने के लिए नगर निगम के अधिकारी कोई कदम नहीं उठा रहे हैं। उल्टा यहां पर रहने वाले लोगों को ही नाले में मिटटी भरी होने का कारण बताकर स्वयं सफाई के लिए कहा जा रहा है।

यह नजारा पर्वतीय कॉलोनी की गली नंबर 2 चावला स्वीट्स के पास सत्संग भवन के सामने का है। जहां पर कई रोज से सीवर का पानी भरा हुआ है। यह जानकारी देते हुए माकपा के नेता वीरेंद्र सिंह डंगवाल, एवं उत्तराखंड जागरूक मंच के नेता चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि नगर निगम के अधिकारी सीवर लाइन की सफाई पर ध्यान नहीं देते हैं। सीवर लाइन जाम पड़ी हुई हैं। मेन होल से



गंदा पानी निकल रहा है। इस गंदे पानी से मच्छर पैदा हो रहे हैं। और गंभीर बीमारियां होने की संभावना है। लेकिन नगर निगम के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। इनसे तीन दिन से लगातार सीवर लाइन की सफाई करने के लिए शिकायतें की गई हैं। लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। यहां के निवासी गणेश लाल, रामपाल , मुकेश कोहली, अर्जुन रावत, राजेंद्र सिंह रावत, राकेश सती, सुनील शर्मा, राजेश सिंह, शीशराम, रेखा रावत, पप्पू, सिंह, हीरालाल, पूजा, कमला, पूर्ण सिंह नगरकोटी आदि ने नगर निगम अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

# भाजपा राज में महिला अत्याचार का गढ़ बना फरीदाबाद : अग्रवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर-7ए** में महिला से दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या की दुखद घटना के बाद पूरा शहर आक्रोशित है, इस घटना ने सरकार व पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है।

इस मामले को लेकर बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र की पीसीसी डेलिगेट व महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव प्रियंका मनोज अग्रवाल भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एक ओर भाजपा सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे लगाती है तो वहीं दूसरी ओर उनकी सरकार के राज में बेटियों के साथ इस कदर हैवानियत हो रही है। यहां जारी प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कुशासन में हरियाणा क्राइम हब और जिला फरीदाबाद महिला अत्याचारियों के लिए एक सुरक्षित गढ़ बन चुका है। प्रियंका अग्रवाल ने गैंगरेप के मामले में हरियाणा के देश में अव्वल रहने पर अफसोस जताते हुए कहा कि हरियाणा में लगातार इंसानियत शर्मसार हो रही है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि महिलाओं पर लगातार वार, कब जागेगी मनोहर सरकार। उन्होंने कहा कि लूट, हत्या,



प्रियंका अग्रवाल।

बलात्कार, महिला अत्याचार और अपहरण के क्षेत्र में हमारे हरियाणा को बदनाम करवाने के बाद भाजपा-जजपा की इस निर्लज सरकार ने अपनी विनाशगाथा में एक और कलंकित अध्याय जोडऩे का काम किया है। आज पूरे प्रदेश में असामाजिक तत्वों को यह सरकार संरक्षण दे रही है और जनता के डर के साये में जीने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस इस सरकार को चेतावनी देती है की अगर जल्द से जल्द इस मामले में दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो बड़ा जनांदोलन कर इस सरकार को नींद से जगाने का काम कुमारी सैलजा के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस करेगी।

# बेटे को शराब पिलाने का विरोध करने पर व्यक्ति की ईंट मारकर हत्या

### हत्या के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस कर रही है अन्य छह आरोपियों की तलाश

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**वाइएमसीए** चौक के निकट स्थित इंदिरा नगर में बीती रात कुछ लोगों ने एक व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्यों पर ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए परिवार के मुखिया को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई। वारदात को मुख्य आरोपी मृतक के बेटे को शराब पिलाता था। जिसका मृतक द्वारा काफी समय से विरोध किया जा रहा था। इसी बात को लेकर आरोपियों ने बीती रात वारदात को अंजाम दे डाला। मृतक के बेटे यशवीर की शिकायत पर पुलिस ने फिरोज, सूरज, सुनील उर्फ धोड़े, बंटी, भल्ला और गोलू के खिलाफ



बीके अस्पतात में शोका कुल मृतक के परिजन। इनसेट में मृतक पप्पू सिंह की फोटो।

मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी फिरोज को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस प्रवक्ता सुबेसिंह ने बताया कि मृतक पप्पू सिंह वाईएमसीए चौक पर चाय की रेहड़ी लगाता था। घटना बुधवार रात 11:45 बजे की है। मृतक पप्पू का बेटा विष्णु और आरोपी फिरोज शराब पीकर घर आ रहे थे। तभी विष्णु के पिता पप्पू सिंह ने फिरोज को उनके बेटे से दूर रहने की बात कही थी। बात इस बात पर नाराज होकर फिरोज उन्हें गाली देने लगा और देख लेने की धमकी देकर चला गया था। थोड़ी देर बाद वह अपने इन दोस्तों को बुलाकर लाया। उस समय मृतक पप्पू और उसका बड़ा बेटा यशवीर अपने घर के बाहर पुत्र विष्णु को समझा रहा थे कि वह फिरोज से दूर रहें, वह तेरे को गलत आदत सिखा रहा है और शराब पीना छोड़ दो। तभी आरोपी फिरोज अपने साथियों के साथ आया और पप्पू को पकड़ कर एक तरफ खींच लिया और धक्का देकर उसको गली में गिरा दिया। फिरोज के साथियों ने ईट पत्थर से चोटें मारी। जिससे पप्पू बेहोश हो गया। परिजनों द्वारा छुड़ाने पर उनके साथ भी धक्का-मुक्की की शोर मचाने पर मौके से फरार हो गए।

# धौज में तीन बच्चे खसरे की चपेट में, 120 संदिग्ध मिले

**फरीदाबाद।** स्वास्थ्य विभाग की मुश्किले एक बार फिर बढ़ गई है, जहां एक तरफ कोरोना का बृहस्पतिवार को एक भी मामला सामने नहीं आया। वहीं अब गांव धौज में खसरे की बीमारी के तीन बच्चों की पुष्टि जिला स्वास्थ्य विभाग ने की है। तीन बच्चों की पुष्टि होते ही विभाग सर्तक हो गया और विभाग ने आसपास के इलाकों और गांवों में बुखार से पीड़ित बच्चों की जांच करनी शुरू कर दी। विभाग की टीमों को जांच के दौरान 120 बच्चे बुखार से पीड़ित मिले है। जिले में मिले 120 संदिग्ध बच्चों की भी जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने खसरें की जांच करवाई है।

सूत्रों की माने तो धौज मे जिला स्वास्थ्य विभाग ने खसरे के तीन बच्चों की पुष्टि की है। तीनों बच्चे तीन साल से अधिक उम्र के हैं। जिसमें एक बच्चा नूंह से लौटकर आया है। बुखार होने पर उसकी जांच के बाद खसरे की बीमारी की पुष्टि उसमें हुई है। तीन मामले सामने आने के बाद धौज, पाली, फतेहपुर तगा व आस - पास के क्षेत्र में डोर टू डोर सर्वे शुरू करा दिया गया है।

# मरीजों के जीवन से खिलवाड़ कर रहा झोलाछाप गिरफ्तार

### झोलाझाप डॉ. प्रमोद गिरफ्तार, 15 साल से चला रहा था क्लीनिक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**झोलाझाप** डॉक्टर के खिलाफ सीएम विंडों पर आई एक शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग ने छापेमारी की और 15 साल से क्लीनिक चला एक फर्जी डॉक्टर को मौके से पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। सेक्टर-15ए पुलिस चौकी ने फर्जी डॉक्टर को गिरफ्तार कर स्वास्थ्य अधिकारियों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

**यह है पूरा मामला :** बल्लभगढ़ के एसएमओ डॉ. मान सिंह ने बताया कि पिछले दिनों सीएम विंडो पर एक शिकायत सीएमओ को मिली। जिसमें बताया गया कि प्रमोद कुमार नामक का व्यक्ति गुप्ता क्लीनिक हेल्थ सेंटर चला कर लोगों की सेहत से



जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम में शामिल डॉ. मान सिंह व अन्य और एसी के सामने खड़ा आरोपी

खिलवाड़ कर रहा है। जिस पर सीएमओं ने डॉ. मान सिंह के नेतृत्व में एक टीम बना दी। जिसमें कौराली सीएचसी के एमओ डॉ. रामनिवास, सेक्टर-तीन एफआरयू से डेंटल सर्जन डॉ. तरूण शर्मा को शामिल करते हुए टीम का गठन किया। टीम ने मौके पर मरीजों का इलाज करते हुए फर्जी डॉ प्रमोद को रंगे हाथों पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। डॉ. मान सिंह ने बताया कि पुलिस चौकी सेक्टर-15-ए इंचार्ज प्रदीप कुमार की टीम के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। टीम ने गुप्ता क्लीनिक हेल्थ सेंटर पर जाकर प्रमोद कुमार से क्लीनिक संबंधी दस्तावेज मांगे तो आरोपी दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। जिसे मेडिकल टीम ने पुलिस टीम की सहायता से मौके पर ही काबू कर लिया।

# केक मिक्सिंग समारोह के आयोजन के साथ हुई क्रिसमस की शुरूआत...

### मेहमानों के लिए भव्य योजनाओं के साथ सत्र को बड़ा बनाना प्राथमिकता : उपाध्याय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**क्रिसमस** के मौसम की शुरूआत करने के लिए होटल क्राउन प्लाजा, ग्रेटर नोएडा (सीपीजीएन) ने हाल ही में होटल परिसर में एक मजेदार केक मिक्सिंग समारोह की मेजबानी की। होटल जीएम शरद के उपाध्याय एवं कार्यकारी शेफ सौरभ सिंह चंदेल के नेतृत्व में पेस्ट्री शेफ चंदन, शेफ हरदेव सिंह सहित मेहमानों एवम् अन्य उपस्थित लोगों ने इस समारोह का लुत्फ उठाया।

केक मिक्सिंग समारोह के दौरान फादर एंजेल स्कूल के छात्रों ने माहौल को संगीतमयी बनाया। छात्रों ने पुराने पारंपरिक कैरोल एवं अन्य पारंपरिक संगीत प्रस्तुति दी। केक मिक्सिंग समारोह को क्रिसमस के आगमन और सर्दियों के उत्सव की शुरुआत के साथ-साथ अच्छी ख़बर और खुशी का जश्न मनाने के लिए जाना जाता है। इस समारोह में एक बड़े टब में काजू नट, बादाम, किशमिश, अंजीर, कैंडिड ऑरेंज पील, अदरक और रंगीन टुट्टी फ्रुट्टी के साथ सुगंधित भारतीय मसालों की एक सरणी को स्प्रिट्स में भिगोकर मिक्स किया गया और इसे अब लगभग 45 दिन के लिए



मिश्रण को सोखने के लिए रखा जायेगा, जिसके बाद इस मिश्रण से केक लाजवाब चीजें बनायी जायेंगी। क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा के महाप्रबंधक शरद के उपाध्याय ने कहा, केक मिक्सिंग यूरोप से एक पारंपरिक अनुष्ठान है और इस परंपरा का दुनिया भर में पालन किया जाता है। क्रिसमस केक के बिना, क्रिसमस का मौसम व इसकी मान्यता अधूरी हैं। हम इस केक मिश्रण समारोह की मेजबानी करने के लिए बहुत उत्साहित हैं क्योंकि सीपीजीएन में हम अपने मेहमानों को स्थानीय और सांस्कृतिक दोनों अनुभव प्रदान करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सीपीजीएन परंपराओं को जीवित रखने के लिए उत्सव में मेहमानों व अन्य को उनके परिवारों सहित आमंत्रित करने के लिए तैयार है। कार्यकारी शेफ सीपीजीएन, सौरभ सिंह चंदेल ने कहा, केक मिक्सिंग एक पुरानी परंपरा का एक लंबे समय से प्रतीक्षित उत्सव है और इस तरह की मजेदार गतिविधि का हिस्सा बनना अद्भुत अनुभव है। अमित चावला, निर्देशक एफएंडबी, सीपीजीएन ने कहा, एक प्राचीन संस्कृति का एक हिस्सा होना आकर्षक है, हम सभी क्रिसमस के मौसम के लिए उत्साहित हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दो दिसम्बर से मनाया जाएगा अन्तरराष्ट्रीय गीता महोत्सव



**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने राज्य के सभी जिला उपायुक्त के साथ विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक की अध्यक्षता की जिसमें उन्होंने सभी जिलों को गीता महोत्सव के बेहतरीन एवं शानदार आयोजन के लिए के दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की इच्छानुसार इस महोत्सव को आमजन का महोत्सव बनाने का प्रयास करें। ज्यादा से ज्यादा धार्मिक एवं सामाजिक संस्थानों को इस आयोजन से जोडें। अधिक से अधिक जनभागीदारी इस अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में सुनिश्चित करें। जिससे आमजन के बीच गीता जी की मूल्यों व संदेश का प्रचार-प्रसार हो। आपको बता दें प्रदेश के सभी जिलों में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार 2 से 4 दिसंबर तक जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। गीता जयंती महोत्सव पर प्रदेश में 48 कोस तीर्थ क्षेत्र में आने वाले 164 तीर्थ स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व दीपोत्सव का आयोजन किया। कुरुक्षेत्र में 18000 बच्चे एक साथ गीता के श्लोकों का उच्चारण करेंगे। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बैठक में बताया कि गीता जयंती महोत्सव में सभी से जनसहयोग की अपील भी की जा रही है। जिला भर में गीता जयंती महोत्सव जनसहभागिता के सिद्धांत पर आयोजित किया जाएगा। गीता जयंती महोत्सव पर जिला में प्रदर्शनी, नगर शोभा यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीता श्लोक उच्चारण, गीता हवन एवं पाठ का आयोजन भी होगा। इसके लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्युटियां जबाब देही के साथ सुनिश्चित की जाएगी। विडियों कान्फ्रेंस में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम सहित शिक्षा विभाग व अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### विधिक सेवाओं का लाभ उठाएं सभी पात्र लोग



**फरीदाबाद।** राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद की सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस तथा गाइडस ने राष्ट्रीय विधिक सेवाएं दिवस पर प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में सभी के लिए सुलभ न्याय विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जेआरसी काउंसलर और ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य मनचन्दा ने कहा कि सभी नागरिकों के लिये उचित निष्पक्ष और न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को विधिक सेवा के अंतर्गत प्राधिकरण अधिनियम और सामान्य व जनहित के अधिकार को विभिन्न प्रावधानों से अवगत कराने के लिए मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य समाज के वंचित एवम निम्न मध्यम आर्थिक वर्गों के लोगों के लिए नि:शुल्क, प्रवीण और कुशल विधिक सेवाओं को उपलब्ध कराना है। यह लोगों को नि:शुल्क सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने का प्रयास भी करता है। प्राचार्य मनचंदा ने बताया कि इस अधिनियम के माध्यम से पिछड़े हुए वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, विकलांग व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है। अधिनियम के कारण किसी भी प्राकर से किसी विकलांग या आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को न्याय से वंचित नहीं रखा जा सकता है। न्याय प्राप्त करने का जितना अधिकार एक संपन्न व्यक्ति या किसी समान्य वर्ग के व्यक्ति को है उतना ही अधिकार एक आम व्यक्ति को है न्याय प्राप्त करने के लिए किसी भी प्रकार का भेद भाव नहीं है, सभी को उसके समान अवसर दिए जाना इस अधिनियम के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है। प्राचार्य मनचंदा ने विद्यार्थियों को अवगत कराया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम की धारा 12 के अनुसार ये सभी नि:शुल्क राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस का लाभ उठा सकते हैं। वे सभी महिलाएं और बच्चे, अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के सदस्य, मानसिक रूप से बीमार और विकलांग व्यक्ति, संविधान के अनुच्छेद 23 में वर्णित मानव तस्करी और भिक्षावृत्ति के शिकार, सामूहिक आपदाओं, जातिगत हिंसा, जातिगत अत्याचारों, बाढ़, सूखा, भूकंप और औद्योगिक आपदाओं से पीड़ित आदि हैं। सराय ख्वाजा फरीदाबाद विद्यालय के छात्र व छात्राओं द्वारा बनाई गई विधिक सेवाओं की उपयोगिता को दर्शाई गई पेंटिंग की प्राध्यापिका गीता, प्राध्यापिका ममता गौड़ तथा अन्य अध्यापकों एवम प्राचार्य मनचंदा ने सराहना करते हुए कहा कि सभी की पहुंच तक न्याय सुनिश्चित करना ही राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस का प्रमुख उद्देश्य है।

### एसीआर में हेल्थ रिपोर्ट के फरमान पर कालेज टीचर्स का विरोध



**फरीदाबाद।** हरियाणा के सभी महाविद्यालयों में उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा एसीआर में हेल्थ रिपोर्ट के अनावश्यक कालम को हटाने के लिए ज्ञापन दिया और ताली-थाली बजाकर सरकार व विभाग से गुहार लगाई कि हेल्थ रिपोर्ट का सार्वजानिक होना किसी भी व्यक्ति की निजता को भंग करता है। विभाग वाकई में शिक्षकों के स्वास्थ्य की चिंता करता है तो उन्हें मेडिकल लीव की सुविधा प्रदान की जाए। इस हेल्थ स्टेटस में कॉलेज टीचर को लिपिड प्रोफाइल, किडनी टेस्ट लिवर फंक्शन, शुगर टेस्ट कराने होंगे और फिर सरकार को टेस्ट रिपोर्ट सबमिट करनी होगी। तभी एसीआर सबमिट होगी। एचजीसीटी की महासचिव डॉ.प्रतिभा चौहान ने कहा कि ये सब रिपोर्ट विभाग को जमा कराने के पीछे विभाग ने ना तो कोई ठोस कारण दिया है और ना ही ये स्पष्ट किया है कि इतने सारे टेस्टों को कराने के लिए मेडिकल लीव या डयूटी लीव दी जायेगी, क्योंकि अभी तक कॉलेज शिक्षकों को कोई मेडिकल लीव नहीं मिलती। नेहरू कॉलेज फरीदाबाद के सभी स्टाफ सदस्यों ने एसीआर से हेल्थ रिपोर्ट को हटाने के लिए थाली बजाई और डीजी, एसीएस को प्राचार्य महोदय के माध्यम से ज्ञापन भी दिया कि लंबे समय से रुके हुए सेलेक्शन ग्रेड, सीनियर ग्रेड यूजीसी नोटिफिकेशन, नोशनल इंक्रीमेंट, पी.एच.डी इंक्रीमेंट आदि को प्रदान किया जाये।

### पंचायत चुनाव 22 व 25 को, जागरुकता को होंगी प्रतियोगिताएं

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के मद्देनजर पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया को कराना जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है। इसी उद्देश्य के मद्देनजर शिक्षा विभाग अपना सक्रिय दायित्व निभाएगा। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निबंध व स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। प्रशासन की ओर से पंचायत चुनाव में गांव-गांव में मतदाता जागरूकता गतिविधियां के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। डीसी के मार्गदर्शन में जिला फरीदाबाद 22 व 25 नवंबर को आयोजित होने वाले पंचायत आम चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला में शिक्षा विभाग के माध्यम से व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## कांग्रेस की सोच

### कमल का विरोध

जी20 में भारत की अध्यक्षता के लिए तैयार लोगों में कमल का फूल होने पर कांग्रेस का विरोध एक प्रकार से मूर्खतापूर्ण है। भारतीय जनता पार्टी को भावनात्मक मुद्दों पर राजनीतिक बहस पसंद है, फिर चाहे वह राम मंदिर का मामला हो अथवा ज्ञानवापी या जगहों का नाम बदलना। शायद भाजपा नेता समझते हैं कि मुद्रास्फीति व बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर चर्चा करना तुलनात्मक रूप से कठिन है। उदाहरण के लिए, उनको मोरबी में पुल गिरने के मामले पर टीवी बहसों में रक्षात्मक होना पड़ा है। उनको भारत के शानदार अतीत, महान सभ्यता, वेदों, आयुर्वेद, योग, आदि पर चर्चा कर प्रसन्नता होती है। भाजपा की धुर-विरोधी कांग्रेस ने जी20 के लोगो में कमल के प्रयोग की आलोचना कर उनको एक और मुद्दा दे दिया है जो भाजपा का चुनाव निशान भी है। देश की सबसे पुरानी पार्टी ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह 'बेशर्मी' से स्वयं को आगे बढ़ा रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि 70 साल पहले प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कांग्रेस के झंडे को भारत का झंडा बनाने का प्रस्ताव खारिज कर दिया था। उन्होंने जी20 में भारत की अध्यक्षता के कार्यकाल में आधिकारिक लोगो में अपने चुनाव निशान का प्रयोग करना 'आश्चर्यजनक' बताया। यह बयान पिछले टी20 मैच में विराट कोहली को लूज बाल देने की तरह था। भाजपा ने फौरन पूरी आक्रामकता तथा दिखावे के साथ इस बयान पर प्रतिक्रिया की। यदि रमेश ने सोचा था कि उनके बयान से भाजपा परेशान होगी तो निश्चित रूप से वे गलत थे क्योंकि कोहली लूज बाल से डरने के बजाय उसे खेलना ज्यादा पसंद करेंगे। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने व्यंग्य किया कि क्या देश की सबसे पुरानी पार्टी को अपने नेताओं कमलनाथ व राजीव गांधी के नामों की चिन्ता है। इस व्यंग्य में शब्दाडंबर छिपा था। अपने ट्वीट में पूनावाला ने कांग्रेस को याद दिलाया कि कमल भारत का राष्ट्रीय पुष्प है और यह एक तथ्य है। उन्होंने पूछा, 'यह माता लक्ष्मी का आसन भी है। क्या आप हमारे राष्ट्रीय पुष्प का विरोध करते हैं? क्या आप कमल नाथ के नाम से कमल हटा देंगे? लेकिन राजीव का अर्थ भी कमल होता है। उम्मीद है कि आप इसमें कोई एजेंडा नहीं देखेंगे।' आखिर कांग्रेस नेता प्रतीकों के मामले पर भाजपा से क्यों उलझते हैं? क्या वे नहीं जानते कि भाजपा प्रतीकों व भावनाओं जैसे मुद्दों से निपटने में बहुत पारंगत है? इस दृष्टिकोण से देखें तो भाजपा देश की सबसे पुरानी पार्टी व खासकर उसके नेताओं को विशिष्टतावादी व विपथगामी के रूप में पेश करने में काफी सफल रही है जो असली भारत के बारे में बहुत कम जानते हैं और उसकी जरा भी चिन्ता नहीं करते हैं। प्रतीकों पर बहस भड़का कर कांग्रेस भाजपा के शस्त्रागार को और हथियार सौंप रही है। इस प्रकार कांग्रेस राजनीति को मुद्दों भी नुकसान पहुंचा रही है जो भावनाओं व पवित्रता पर जोर दे कर इनको सार्वजनिक विमर्श से हटाने के बजाय और मजबूत कर देगी। ऐसे समय जब विदेश मंत्री एस. जयशंकर की मास्को यात्रा पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजर है तथा दुनिया भर के नेता यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने में भारत के सार्थक हस्तक्षेप की उम्मीद कर रहे हैं, सत्तारूढ़ पार्टी का मजाक उड़ाने के असफल प्रयास से जयराम रमेश की पार्टी को कोई लाभ नहीं होगा। कांग्रेस को असली मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए और यदि उसके पास कहने को कुछ न हो तो खामोश रहना ज्यादा अच्छा रहेगा।

# लोकतांत्रिक मानक उलटते केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अलोकतांत्रिक ढंग से काम कर रहे हैं। इसका सीधा नकारात्मक प्रभाव राज्य सरकार के प्रशासन पर पड़ता है।



सुमित भसीन
(लेखक, पब्लिक पालिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक हैं।)



राजनीति विरोधाभासों में समाधान तलाशने की कला है। भारत राज्यों का संघ है और यह समय की कसौटी पर खरा उतरा है। अब भारत में लोकतंत्र की व्यापकता के लिए, सारी दुनिया में उसकी प्रशंसा हो रही है। देश के एक या दूसरे भाग में अनेक संकट आए, पर उनका पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से लोकतंत्र के संस्थानों ने समाधान खोज निकाला। इस प्रकार के सभी प्रयोगों में अंतर्निहित भावना राष्ट्रीय हितों तथा जनता के व्यापक कल्याण को केन्द्र में रखना रहा है। इसमें राजनीतिक मतभेद बाधा नहीं बनते हैं। एक्टिविस्ट अरविंद केजरीवाल अन्ना हजारे आंदोलन पर सवार होकर 2013 में दिल्ली की सत्ता में आ गए। केजरीवाल व उनके साथी पहले अपने आंदोलन को अराजनीतिक बताते थे, पर उन्होंने राजनीति में छलांग लगा कर आम आदमी पार्टी बना ली। इस प्रकार उन्होंने रामलीला मैदान व जंतर मंतर में अन्ना हजारे की उपस्थिति में ली गई शपथ तोड़ दी। केजरीवाल को यह शपथ तोड़ने पर कोई दुःख नहीं है। समय बीतने के साथ वे कई और कसमें तोड़ेंगे।

जंतर मंतर पर केजरीवाल ने फर्जी अदालतें बना कर राजनेताओं को बिना कोई सबूत दिए भ्रष्टाचार का दोषी घोषित कर दिया था। ऐसी फर्जी अदालतें चीन में 1979 में क्रांति के बाद दिखी थीं जिनमें अनेक निरपराध युवाओं को मृत्युदंड की सजा देकर उनकी हत्या कर दी गई थी। स्वर्गीय अरुण जेटली तथा केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बिना प्रमाण के आरोप लगाने पर केजरीवाल को अदालत में घसीट लिया। जब मानहानि के मामलों में केजरीवाल को भारी मुआवजा देने की नौबत आ गई तो उन्होंने फौरन इन मामलों में माफी मांग ली। हालांकि, आरोप लगाने के समय ही वे जानते थे कि उनके पास कोई सबूत नहीं हैं। इसके बावजूद राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से उन्होंने ये आरोप लगाए। अब दिल्ली का दम घुट रहा है। दिल्ली के लोग ठीक से सांस नहीं ले पा रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री की पहली जिम्मेदारी दिल्ली की जनता का कल्याण है। केजरीवाल संविधान की अनदेखी नहीं कर सकते हैं जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सरकार-जीएनसीटीडी का गठन हुआ है। वे अच्छी तरह जानते हैं कि दिल्ली सरकार के प्रमुख उप-राज्यपाल हैं। राष्ट्रीय राजधानी की मंत्रिपरिषद को किसी योजना या पहल के लिए दिल्ली के उप-राज्यपाल की अनुमति लेनी चाहिए। यह व्यवस्था ऐसी है जिसमें दिल्ली के उप-राज्यपाल-एलजी के पास काफी कार्यकारी शक्तियां हैं और यह अतार्किक नहीं है क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी न पूर्ण राज्य है और न संघशासित क्षेत्र। दिल्ली केन्द्र सरकार का स्थान है जहां अंतरराष्ट्रीय राजनयिक समुदाय रहता है तथा राष्ट्र सरकारों व अन्य के आवास हैं।

इस प्रकार दिल्ली के एलजी के पास यह सुनिश्चित करने की विशेष शक्तियां हैं कि वे केन्द्र तथा शहर सरकार के बीच संपर्क का काम कर सकें। दिल्ली के एलजी कोई राजनीतिक व्यक्ति नहीं हैं। वे एक संवैधानिक अधिकारी हैं और उनकी शक्तियां नियमों की पुस्तकों से आती हैं। उनको यह सुनिश्चित करने का अधिकार है कि शहर सरकार के निर्णय राष्ट्रीय राजधानी के चरित्र के अनुरूप तथा देश की जनता के व्यापक हितों में हों।

दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना के पास समुचित कारण होंगे जिनके कारण उन्होंने सामुदायिक पार्कों में वृद्धों के लिए शहर सरकार द्वारा योगा कराने की योजना को अनुमति नहीं दे रहे हैं। दिल्ली के एलजी ने अभी इस योजना की फाइल को मंजूरी नहीं दी है। लेकिन इससे हतोत्साहित न होने वाली केजरीवाल सरकार ने योजना के क्रियान्वयन का वादा किया है। अब दिल्ली में यह स्थिति है कि मंत्रिपरिषद जानबूझ कर संवैधानिक अधिकारी के आदेश का उल्लंघन कर रही है, जबकि उसे अनिवार्य रूप से इसके लिए एलजी की सहमति लेनी चाहिए। जीएनसीटीडी चार्टर में इसकी अनुमति नहीं है। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को योगा सत्रों के लिए सामुदायिक पार्कों में आने का आह्वान किया जा रहा है, जबकि उनका स्वास्थ्य पहले ही बहुत ठीक नहीं है। आमतौर से लोगों को घरों में रहने की सलाह दी गई है क्योंकि राजधानी एक प्रकार से गैस चैंबर बन गई है।

दिल्ली के एलजी ने अवश्य विशेषज्ञों की राय ली होगी। उन्होंने बताया होगा कि राष्ट्रीय राजधानी में वृद्धों को जाड़े में कठिन समय का सामना करना पड़ेगा क्योंकि पंजाब के खेतों में पराली जलाने के कारण दिल्ली न केवल कुछ सप्ताह, बल्कि कुछ महीनों के लिए गैस चैंबर में बदल जाती है। इस प्रकार खुलेआम संवैधानिक व्यवस्था का उल्लंघन कर केजरीवाल यह प्रदर्शित कर रहे हैं कि वैकल्पिक राजनीति का उनका विचार लोकतांत्रिक मानकों के अनुरूप नहीं है। उनकी फर्जी अदालतों वाली वही सोच है जिसका प्रदर्शन चीन में माओ तथा उनके गिरोह ने 1979 में क्रांति के बाद किया था। यह स्थिति खतरनाक है। यह भी उल्लेखनीय है कि दिल्ली में किसी भी एलजी के साथ केजरीवाल के कामकाजी संबंध ठीक नहीं रहे हैं। उन्होंने सबसे झगड़ा किया और नजीब जंग भी इसके अपवाद नहीं थे। केजरीवाल व उनकी पार्टी ने एलजी के खिलाफ निराधार आरोप लगाए हैं तथा यह चुनौती भी दी है कि उनको अपनी शक्तियों को उचित ठहराने के लिए चुनाव लड़ना चाहिए। यह केजरीवाल तथा उनके साथियों की बचकाना हरकत है कि वे दिल्ली के एलजी को चुनाव लड़ने की चुनौती दे रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री जानबूझ कर संवैधानिक व्यवस्थाओं को अनदेखा कर रहे हैं अथवा उनको राज्यों के संघ में कामकाज की कोई समझ नहीं है। यदि उनको कोई समझ नहीं है तो यह समान रूप से खतरे की बात है क्योंकि वे एक अत्यधिक संवेदनशील शहर के मुख्यमंत्री हैं।

गुजरात में केजरीवाल का चुनाव अभियान भी समान रूप से आश्चर्यजनक है। वहां वे खुलेआम मतदाताओं का आह्वान कर रहे हैं कि वे किसी भी पार्टी से पैसा लें, पर वोट आप को दें। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अपनी पार्टी में बने रहें, पर उनके संगठन के लिए काम करें। इतिहास हमें बताता है कि अनेक 'जयचंद' इसी तरह तैयार हुए थे जिन्होंने देश की पीठ में छुरा भोंका। विरोध प्रदर्शन किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन को आगे बढ़ाने का वैध तरीका है। लेकिन विद्रोह पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। केजरीवाल का यह कदम एक गलत उदाहरण पेश करता है। इससे राजनेताओं की अगली पीढ़ी में यह समझ पैदा हो सकती है कि विद्रोह राजनीति करने का एक वैध तरीका है। यह स्थिति लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होगी।

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन व राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खान के बीच भी अनेक मुद्दों पर मतभेद हैं। हाल ही में राज्यपाल ने राज्य विश्वविद्यालयों में उप-कुलपतियों की नियुक्ति को खारिज कर दिया। लेकिन विजयन माकपा कार्यकर्ताओं को आरिफ मुहम्मद खान के खिलाफ सड़कों पर उतरने के लिए उकसा नहीं रहे हैं। केरल के मुख्यमंत्री राजभवन को नीचा दिखाने के लिए अपने कार्यालय का दुरुपयोग नहीं कर रहे हैं। वे यह मामला अदालत ले गए हैं। जब किसी मुद्दे पर मतभेद हो तब न्यायपालिका मध्यस्थ की भूमिका अदा कर सकती है। लेकिन केजरीवाल पूरी तरह अलोकतांत्रिक हैं। इसका नकारात्मक प्रभाव सीधे राज्य सरकार के प्रशासन पर पड़ रहा है। पंजाब में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है।

पंजाब की जनता को 'जंगल राज' का सामना करना पड़ रहा है। वहां वही स्थिति है जो बिहार में कम से कम 15 साल बनी रही। पंजाब में कानून लागू करने वाली एजेंसियों का कोई भय नहीं रह गया है। इससे अराजक व अपराधी तत्वों को प्रोत्साहन मिल रहा है। उनको केजरीवाल व उनकी पार्टी से प्रेरणा मिल रही है जो खुलेआम स्थापित मानकों की निन्दा कर रही है। इसके परिणामस्वरूप पुलिस प्रशासन असहाय हो गया है। इससे यह संदेश गया है कि भीड़ का आदेश ही महत्वपूर्ण है और पुलिस प्रशासन को भीड़ की इच्छानुसार काम करना चाहिए। पंजाब एक सीमान्त तथा संवेदनशील राज्य है। पंजाब का इतिहास हमें बताता है कि वहां प्रशासन अत्यधिक सतर्क रहना चाहिए। पाकिस्तान पंजाब में अलगाववादी आंदोलन को उकसा रहा है। ऐसी स्थिति में पंजाब की सत्तारूढ़ पार्टी को केन्द्र सरकार से कारगर संबंध बनाए रखने चाहिए। लेकिन प्रदेश में व्याप्त अनुशासनहीनता के कारण यह राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचा सकती है।

# नौकरी पाने का साधन बन गए शोध पत्र

शुभदा नागरकर
(लेखिका, असिस्टेंट प्रोफेसर हैं)



शोध का वास्तविक लक्ष्य विश्वसनीय, प्रयोग करने योग्य ज्ञान के जरिए मानव जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। समाज का ईमानदारी व नैतिक रूप से किया गया शोध और परिणामों का संचार एक लंबी और कठोर प्रक्रिया है। शोधकर्ताओं के अथक प्रयास, संपूर्ण बुनियादी शोध, प्रयोगात्मक निष्कर्ष और व्यापक साहित्य खोज शोध को अद्वितीय बनाते हैं। विश्वसनीय पत्रिकाओं के संपादकों और विषय विशेषज्ञों द्वारा कड़ी समीक्षा प्रक्रिया (सहकर्मी समीक्षा) के बाद ही ऐसा अध्ययन 'शोध पत्र' के रूप में प्रकाशित होता है। जो इंगित करता है कि गुणवत्ता शोध की आत्मा है। लेकिन पिछले कुछ दशकों में, शोध को उच्च शिक्षण संस्थानों के शोधकर्ताओं / शिक्षकों की भर्ती और पदोन्नति के साथ जोड़ा और अनिवार्य बना दिया गया है। इसलिए, पत्रों के स्वत: गहन मूल्यांकन के बिना प्रकाशित, अनेक पत्रों को अधिक महत्व दिया गया है। इसके कारण हजारों पत्रिकाओं में शोध पत्रों का प्रकाशन हुआ है। इसके अलावा, उच्च 'इंपैक्ट फैक्टर' पत्रिका में प्रकाशित होने पर वेटेज या अंक भी शोध पत्रों को प्रदान किए गए हैं। नतीजतन, शोधकर्ता का नया एजेंडा बन गया है कि वे उच्च प्रभाव-कारकों का दावा करने वाली पत्रिकाओं में अधिक से अधिक पत्र प्रकाशित कराएं।

20वीं सदी के साठ के दशक में, एक अमेरिकी भाषाविद् यूजीन गारफील्ड ने एक पत्रिका के 'इम्पैक्ट फैक्टर' को मात्रात्मक रूप से मापने के लिए एक तकनीक का आविष्कार किया। उन्होंने शोध पत्र में दी गई संदर्भ सूची का प्रयोग किया। एक संदर्भ पहले के पेपर का उद्धरण है। इस प्रकार, उद्धरण समान क्षेत्र में अनुसंधान करने वाले दो पत्रों के बीच की कड़ी है। एक जर्नल के प्रभाव कारक की गणना किसी विशेष शोध पत्र द्वारा प्राप्त उद्धरणों के आधार पर की जाती है, खासकर प्रकाशन की तारीख के दो साल के भीतर। इसलिए, पत्रिका का प्रभाव कारक उस पत्रिका में प्रकाशित पत्रों के लिए प्राप्त उद्धरणों पर निर्भर करता है जो अधिक उद्धरणों के परिणामस्वरूप पत्रिका के लिए एक उच्च प्रभाव कारक बन गया। इसलिए, संदर्भ एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गारफील्ड ने शुरू में 300 पत्रिकाओं का चयन किया जिनकी संख्या में बाद में वृद्धि हुई। इन पत्रिकाओं को 'इंडेक्स या अनुक्रमित पत्रिकाएं' कहा जाता है। आज ये इंडेक्स सबसे लोकप्रिय उद्धरण डेटाबेस हैं जिन्हें क्लेरिवेट एनालिटिक्स, यूएसए द्वारा प्रकाशित 'वेब ऑफ साइंस' के रूप में जाना जाता है, और सदस्यता के आधार पर पहुंच योग्य हैं। कंपनी हर साल जून में 'जर्नल साइटेशन रिपोर्ट' (जेसीआर) प्रकाशित करती है जो लगभग 14000 पत्रिकाओं के लिए प्रभाव कारकों को सूचीबद्ध करती है।



उद्धरण विश्लेषण अत्यधिक उद्धृत लेखकों और अनुसंधान, संस्थानों, विश्वविद्यालयों और देशों की अनुसंधान उत्पादकता को प्रदर्शित करने के लिए उपयोगी है। इसका उपयोग विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में एक पैरामीटर के रूप में भी किया जाता है। गारफील्ड ने चेतावनी दी कि 80 के दशक में इस तरह की सांख्यिकीय गणनाओं का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया जाएगा। विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में काम करने वाले शोधकर्ताओं और शिक्षकों को उद्धरण डेटाबेस और पत्रिकाओं के 'प्रभाव कारक' के बारे में पूरी जानकारी नहीं है, और न ही वे जानना चाहते हैं। इसका फायदा उठाकर फर्जी पत्रिकाएं फली-फूलीं। यहां तक कि प्रिंट पत्रिकाओं को भी 'इम्पैक्ट फैक्टर' सौंपा गया था। इसलिए, शोधकर्ताओं की अज्ञानता का लाभ उठाते हुए, फर्जी कंपनियों ने 25 से अधिक नकली प्रभाव कारक पेश किए। इसके अलावा, प्रभाव कारक खरीदे जा सकते हैं। अधिक उद्धरण प्राप्त करने के लिए लेखकों, शोधकर्ताओं और प्रकाशकों के बीच भारी प्रतिस्पर्धा है।

यहां तक कि विश्वसनीय पत्रिकाओं के संपादकीय बोर्ड के सदस्य भी अनजाने में फर्जी सूचना और डेटा सेट के आधार पर शोध पत्र स्वीकार करते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग अब मशीन जनित शोध पत्र तैयार करने के लिए किया जाता है। विषय विशेषज्ञों के समूह बड़ी रकम कमाने के लिए पेपर लिखते हैं। लाभ हेतु शोध पत्र तैयार करने के लिए दुनिया भर में कई कंपनियां उभरी हैं, 'पेपर मिल्स'' हैं। कई मामलों में, उन पत्रों में पाठ अर्थहीन होता है। प्रतिष्ठित प्रकाशकों ने पिछले कुछ दशकों में 'गोल्ड ओपन एक्सेस' प्रकाशन मॉडल लॉन्च किया है जो शोधकर्ताओं के बीच लोकप्रियता हासिल कर रहा है। इसमें शोधार्थी को शोधपत्र प्रकाशित करने के लिए आर्टिकल प्रोसेसिंग चार्ज (एपीसी) का भुगतान करना होता है। हालांकि ये फीस पेपर के पीयर रिव्यू के बाद ही स्वीकार की जाती है, ये फीस काफी ज्यादा होती है और यह 1.5 लाख से 20 लाख या उससे ज्यादा के बीच होती है। यह पाठकों को स्वतंत्र रूप से पेपर्स पढ़ने की अनुमति देता है। चूंकि कागजात सभी के लिए खुले होते हैं, इसलिए पत्रिका के प्रभाव कारक को बढ़ाने के लिए अधिक उद्धरण प्राप्त करने की उम्मीद है। विज्ञान की तुलना में, मानविकी में कम शोध पत्रिकाएं हैं। नतीजतन, उद्धरण डेटाबेस में अनुक्रमित पत्रिकाओं में कम प्रभाव कारक होते हैं। ललित कलाओं के मामले में शिक्षक-कलाकार की राह कठिन होती है क्योंकि उन्हें विद्यार्थियों को पढ़ाते समय भी अपनी कला को जीवित रखना होता है। फलस्वरूप शिक्षक-कलाकारों के कार्य का मूल्यांकन प्रकाशित कार्य के स्थान पर उनके प्रदर्शन के आधार पर भिन्न मापदण्डों पर किया जाना चाहिए। व्यक्तिगत विकास के लिए गलत शोध प्रकाशित करना समाज के लिए हानिकारक है। गुणवत्ता की जानकारी नए ज्ञान के सृजन की सुविधा प्रदान करती है।

घटिया शोध को छापने के लिए उपलब्ध अनेक फर्जी पत्रिकाएं वास्तव में इंसानों के पतन की संकेत हैं, न कि उनकी प्रगति की।

## आप की बात

### सड़कों की गुणवत्ता

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क के घटिया निर्माण पर न केवल माफी मांगी, बल्कि कहा कि मैं शर्मिंदा हूं। यह उनकी नैतिक जवाबदेही लेने की साहसिक मिसाल है, अमूमन हर कोई इस प्रकार की जवाबदेही लेने से कतराता है। अगर देश प्रदेश के सभी मंत्री व जवाबदार अपनी नैतिक जवाबदेही समझकर जवाबदारी लेने के साथ अगर घटिया निर्माण के जिम्मेदारों पर शिकंजा कसे तो निश्चित ही हर निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो जाएगा तथा जो धन लग रहा है उसका धूला नहीं होगा। निश्चित ही यह धन कमीशन खोरी व घोटाले बाजी में चला जाता है तथा इसका खामियाजा राष्ट्र को मजबूत आधारशिला देने वाले कार्यों को भुगतना पड़ता है। गडकरी जी केवल माफी मांगने व शर्मिंदा होने से काम नहीं बनने वाला है, काम बनेगा घटिया निर्माण करने वालों को सख्त सजा दिलाने की, ताकि घटिया निर्माण करने वालों में खौफ पैदा होना बहुत ही जरूरी है। भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन गई है और कुछ ही साल में तीन सबसे अमीर देशों में शामिल हो जाएगा। हमारे देश की सड़कें भी इसी के अनुरूप बननी चाहिए।

**हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

### छावला कांड

साल 2012 में दिल्ली के छावला में 19 साल की लड़की के साथ हुए गैंगरेप मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जब अपना फैसला सुनाया तो जैसे हर कोई सन्न रह गया। जिन दोषियों के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई थी उसे देश की शीर्ष अदालत ने बरी कर दिया। ऐसे में लोग पूछ रहे हैं कि आखिर यह कैसा इंसाफ है। सुप्रीम कोर्ट अपने पास आए हुए मामले की नए सिरे से सुनवाई शुरू नहीं कर सकता। वह निचली अदालतों द्वारा दिए गए डाक्यूमेंट्स के आधार पर ही फैसला करता है। उक्त गंभीर आरोप के आरोपियों को बरी करना देश भर की जनता को खटक रहा है। मगर इसमें जांच एजेंसियों, पुलिस और निचली कोर्ट द्वारा कई मुद्दों को नजरअंदाज कर दिए जाने से ऐसी स्थिति बनी है। अतः आगे से ऐसा हर गंभीर मामले में गाइडलाइन के अनुसार पूरी जांच-पड़ताल और सबूत एकत्रित किए जाने चाहिए यदि संस्थाएं प्राथमिक स्तर पर ही लापरवाही बरतेंगी तो लोगों का देश की न्याय व्यवस्था पर विश्वास उठने लगेगा जो कि अच्छी स्थिति नहीं होगी। वैसे इस मामले की पुनः जांच का आदेश देने पर विचार होना चाहिए।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### आरक्षण विमर्श

भारत में आरक्षण की आवश्यकता जातिगत सामाजिक भेदभाव की व्याप्त बुराइयों के कारण हुई। आरक्षण व्यवस्था की वास्तविक सफलता वही होगी कि यह अपने उद्देश्यों को पूरा करते हुए, शून्य हो जाने की ओर अग्रसर हो। माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले का रुख भी यही रहा है। माननीय न्यायालय ने यह बिल्कुल साफ कर दिया कि आर्थिक आरक्षण संविधान के खिलाफ न होकर समानता के लिए किया गया एक प्रयास है जो इंदिरा साहनी वाद के 50 प्रतिशत की आरक्षण सीमा के अतिरिक्त है। ईडब्ल्यूएस की आर्थिक सीमा भी ओबीसी की क्रीमीलेयर की आर्थिक सीमा से कई मायनों में नीचे है जो कि यह प्रदर्शित करता है कि इस व्यवस्था के निर्माण में भेदभाव के सामाजिक और आर्थिक दोनों पहलुओं पर विचार किया गया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले ने भविष्य में भी आरक्षण में आर्थिक आधार पर अन्य आवश्यक फैसले लेने के आंशिक रूप से बंद कपाटों को खोल दिया है जिसपर खुल कर चर्चा किया जाना अब पूर्व की अपेक्षा अधिक सरल हो गया है।

**अनुभव सिंह,** प्रयागराज

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया



“ **भाजपा** का चुनाव निशान जी20 की भारतीय अध्यक्षता का लोगो बन गया। मोदी स्वयं को आगे बढ़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं।

\- **जयराम रमेश**
कांग्रेस नेता



**भगवान** जानते हैं कि कांग्रेस हर राष्ट्रीय प्रतीक का अपमान क्यों करती है। उसे स्वयं को जोड़ने की आवश्यकता है।

\- **हरदीप सिंह पुरी**
भाजपा नेता



**अंतरराष्ट्रीय** समुदाय तथा पड़ोसी देशों को खासकर एकजुट प्रयास करने चाहिए ताकि अफगानिस्तान से कोई आतंकी खतरा न पैदा हो। ”

\- **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री

# सदन में अच्छी बहस जरूरी, विधायक करें अपनी मेधा का प्रदर्शनः महाना

## संवाद कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष व संसदीय कार्यमंत्री ने किया विधि स्नातक विधायकों का मार्गदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा है कि विधायक जितना अधिक समय सदन को देंगे उसका उतना ही लाभ उन्हें मिलेगा। महाना ने कहा कि किसी भी बात पर दूसरे पर आरोप लगाने के पहले उस बात पर आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर समाज ने जिम्मेदारी दी है तो हमे भी ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि विधायक किसी भी पार्टी का हो पर वो हमारा विधायक है। अगर किसी भी विधायक का अपमान होता है तो वह विधानसभा का अपमान है। सतीश महाना ने यह बातें बृहस्पतिवार को विधि स्नातक विधायको के साथ संवाद कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जब विधायिका का काम बेहतर होगा तो सब कुछ ठीक होगा। यह सब हम सबको मिलकर करना होगा। विधायिका की प्रतिष्ठा से हम सब लोग जुड़े हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन में अच्छी बहस होनी चाहिए। बहस के दौरान विधायक अपनी मेधा का प्रदर्शन करें जिससे उसका लाभ समाज को मिल सके। हालांकि सभी विधायको के अपने एजेंडे हैं पर अपनी बात को हम कितने अच्छे ढंग से कह सके। इसका प्रयास किया जाना चाहिए। महाना ने कहा कि यूपी विधानसभा के सदस्यों के प्रति अब सकारात्मक भाव पैदा हो रहा है। इस मौके पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि विधायकों को अध्ययन कार्य में अधिक रुचि दिखानी चाहिए। अगर सदन में तैयारी करके आयेंगे तो कार्यपालिका हम पर दबाव नही बना पाएगी। जिस उम्मीद से जनता ने आपको विधानसभा भेजा है उस कसौटी पर खरा उतरना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आप जिस क्षेत्र से चुनाव लड़ कर आते हैं उस क्षेत्र की जनता आपको 4-5 लाख वोट देकर इस सम्मानित सदन में भेजती हैं तो उनकी भी अपेक्षाएं होती हैं कि हमारा चुना हुआ नेता सेवा भाव न्याय प्रिय और सुख दुख में शामिल होने वाला होगा। परंतु जब हम उनकी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरते हैं तो धीरे-धीरे उसके मन में हमारे प्रति नकारात्मक छवि बनने लगती है। यह एक दिन में नहीं होता है इसलिए हमे विधानसभा में वैसे ही अपने कार्य व्यवहार को बनाना होगा। जब हम प्राप्त शासनादेश में एवं तमाम लिटरेचर अध्ययन कर जानकारी रखते हैं तो कोई भी अधिकारी आसानी से बरगला नहीं सकता। उन्होंने जनसेवा पर अपनी बात दोहराते हुए कहा कि हम जनसेवा के लिए चुने गए हैं तो हमें उसकी ही बात करनी चाहिए किसी भी धर्म में यह नहीं लिखा है।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल ने कहा कि हम सबको दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विधायिका की बेहतरी के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि कार्यपालिका ने विधायिका को जकड़ रखा है। लेकिन अगर हम अपनी प्रतिभा का इस्तेमाल करेंगे तो जनता की बेहतरी के लिए और काम कर सकते हैं। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के संवाद कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि उनके इस प्रयास से जरूर एक दिन बदलाव आएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य शाहिद मंजूर अपने अनुभवों को साझा करते हुए पूर्व और वर्तमान विधायकों की दशा पर कहा कि इसके लिए हम सभी कहीं न कहीं जिम्मेदार हैं। हमें हमेशा विधायिका की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए। अनुपमा जयसवाल ने कहा कि विधायिका जब कानून बनाने की बात करती है तो उसे विचारों की जरूरत पड़ती है। यह सुखद संयोग है कि इस बार कई सदस्य विधि की डिग्री लेकर आये हैं।इनके अलावा जियाउर रहमान, अमित अग्रवाल, रामरतन कुशवाहा, दीनानाथ भास्कर, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह सहित करीब 40 विधान सभा सदस्यों ने शामिल होकर अपने अनुभव साझा किए।

## पांच डिप्टी जेलर प्रोन्नत 16 को मिली नई तैनाती

- सुरेश बहादुर सिंह लखनऊ जेल के नए जेलर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के कारागार एवं होमगार्डस राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि 16 नवनियुक्त डिप्टी जेलर (उप कारापालों) की तैनाती कर दी गई है। इसके साथ ही विभाग में कार्यरत पांच उप कारापालों को (जेलर) कारापाल के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है। उन्होंने बताया कि इन नव नियुक्त कारापालों एवं पदोन्नत कारापालों को पद रिक्तता के आधार पर तैनाती प्रदान की गयी है। इस संबंध में आवश्यक आदेश विशेष सचिव कारागार राजेश कुमार राय की ओर से 7 नवम्बर 2022 को जारी कर दिया गया है। प्रजापति ने बताया कि इन नव नियुक्त कारापालों एवं उप कारापालों की तैनाती से जेल प्रशासन के कार्यों में सुगमता आयेगी और उप कारागार का अनुशासन भी बेहतर होगा। उन्होने सभी को बधाई देते हुए कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी पारदर्शिता एवं निष्ठा से करे। जिससे विभाग का मान-सम्मान बढ़े। नवनियुक्त कारापालों में अमरजीत सिंह को जिला कारागार उन्नाव, सुरेश बहादुर सिंह को जिला कारागार लखनऊ, कमलेश किशोर मिश्रा को जिला कारागार ललितपुर, राम नरेश को जिला कारागार आजमगढ़ एव जीवन सिहं को जिला कारागार बरेली में तैनाती प्रदान की गयी है। इसी प्रकार नवनियुक्त उप कारापालों गौरव कुमार को जिला कारागार सोनभद्र, ॠषि राज राय को जिला कारागार लखनऊ, अजित कुमार सिंह को जिला कारागार सुल्तानपुर, कार्तिकेय गुप्ता को जिला कारागार देवबन्द, रतन प्रिया को जिला कारागार वाराणसी, निखिल श्रीवास्तव को जिला कारागार अलीगढ़, सौमित्रदेव त्रिपाठी को केन्द्रीय कारागार बरेली, अंकित कुमार को जिला कारागार आजमगढ़, मैत्रीय शर्मा को जिला कारागार उन्नाव, सुमरा अंसारी को जिला कारागार सीतापुर, पूजा मिश्रा को जिला कारागार मेरठ, स्मिता भाटिया को केन्द्रीय कारागार फतेहगढ़, विशाल मद्वेशिया को केन्द्रीय कारागार आगरा, शिखर को केन्द्रीय कारागार नैनी, प्रवीण सिंह को जिला कारागार मुरादाबाद एवं तेजपाल को जिला कारागार एटा को उप कारापाल के पद पर तैनाती प्रदान की गई है।

## संगमनगरी में प्राथमिकता के तौर पर पूरी की जाएं मेले की तैयारियां: सीएस

- मुख्य सचिव ने की माघ मेला-2023 की तैयारियों की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने माघ मेला-2023 की तैयारियों की समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आगामी 6 जनवरी को पौष पूर्णिमा, 14 व 15 जनवरी को मकर संक्रान्ति, 21 जनवरी को मौनी अमावस्या, 26 जनवरी को बसंत पंचमी, 5 फरवरी को माघी पूर्णिमा, 18 फ रवरी को महाशिवरात्रि का मुख्य स्नान होना है। इन स्नानों व पर्वों से पूर्व संगमनगरी प्रयागराज में प्राथमिकता के तौर पर मेले की तैयारियों को पूरा कर लिया जाए। स्वच्छता और सुरक्षा पर खास ध्यान दिया जाए। शहर के सभी चौराहों को पूरी तरह से साफ सुथरा रखा जाए। उन्होंने कहा कि नई तकनीकि के तहत मेला क्षेत्र की जीआईएस मैपिंग करा ली जाए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष माघ मेला में जो कमियां सामने आई थीए उन कमियों को इसबार दूर कर लिया जाए। मेला क्षेत्र में सभी संपर्क मार्गों पर स्वच्छता, कृषि, महिला सशक्तीकरण, पीएम स्वनिधि आदि से संबंधित पेंटिंग बनाई जाए और इन्हीं से संबंधित डॉक्यूमेन्ट्री, रेडियो जिंगल्स का एलईडी स्क्रीन पर प्रसारण और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। बैठक में बताया गया कि आगामी माघ मेला को 6 सेक्टरों में बांटा गया है। पहले सेक्टर में सरकारी कैंप एवं मुख्य संस्थाएं, दूसरे सेक्टर में वेंडिंग जोन, झूला प्रदर्शनी एवं किसान यूनियन, तीसरा सेक्टर खाक चौक एवं अन्य संस्थाएं, चौथा सेक्टर आचार्य बाड़ा एवं अन्य संस्थाएं, पांचवा सेक्टर दंडी बाड़ा एवं अन्य संस्थाएं और छठा सेक्टर पुलिस स्टेशन एवं स्नान घाट है।

## मतदाता सूची में किसी भी पात्र नागरिक का नाम छूटने न पाए: मनोज कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने नगरीय निकाय के समस्त जिलाधिकारियों/ जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आगामी 18 नवम्बर को अन्तिम रूप से तैयार निर्वाचक नामावलियों का जन सामान्य के लिए प्रकाशन त्रुटिरहित कराने के लिए हर स्तर पर कार्यों की निगरानी कड़ी नजर से सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि 31 अक्टूबर तक ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली पर 7 नवम्बर तक प्राप्त दावे एवं आपत्तियां का निस्तारण आगामी 12 नवम्बर तक कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि 17 नवम्बर तक दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की पाण्डुलिपियों की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथास्थान समाहित करने की कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए ताकि नियत तिथि 18 नवम्बर तक निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन हो सके। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बृहस्पतिवार को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से आगामी नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह अवश्य सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में दर्ज होने से छूटने न पाए। आयुक्त ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 के लिए आवश्यकतानुसार कार्मिकों का डाटाबेस समय से तैयार करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन में वर्तमान में तैनात कर्मियों के निर्धारित कार्यों का अलग-अलग स्तर पर अनुश्रवण सुनिश्चित कराकर समस्त अवशेष कार्य पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित कराए जाएं ताकि किसी भी व्यक्ति को नगरीय निकाय निर्वाचन के कार्यों के बारे में उंगली उठाने का अवसर पर न मिले।

## विदेशों में खादी का चेन आउटलेट खोलिए योगी सरकार देगी 12 करोड़ का अनुदान

### योगी सरकार लाई उप्र वस्त्र एवं गारमेंटिंग पॉलिसी-2022

- चेन आउटलेट खोलने पर योगी सरकार बुनकरों के बच्चों को देगी वरीयता
- प्रदेश व देश के अन्य राज्यों में भी चेन आउटलेट खोलने पर देगी करोड़ों में अनुदान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं गारमेंटिंग पॉलिसी.2022 के तहत खादी के वस्त्रों को ब्रांड के रूप में पहचान दिलाने के लिए योगी सरकार प्रदेश, देश के अन्य राज्यों एवं विदेश में खादी के चेन आउटलेट खोलने पर 12 करोड़ रुपये तक अनुदान देगी। इतना ही नहीं योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को संगठित होकर वस्त्रों की बिक्री के लिए ऑनलाइन मार्केटिंग कंपनी बनाने पर रजिस्ट्रेशन से लेकर उसे शुरू करने के दौरान आने वाले खर्च पर 75 प्रतिशत या अधिकतम 50 लाख रुपये प्रति कंपनी अनुदान देगी। इन सभी में प्रदेश के बुनकरों के बच्चों को वरीयता दी जाएगी।

योगी सरकार की नई गारमेंटिंग पॉलिसी में प्राविधान किया गया है कि अगर प्रदेश के युवा मार्केटिंग कंपनी के जरिए खादी वस्त्रों के चेन आउटलेट खोलते हैं तो उन्हे अनुदान दिया जाएगा। प्रदेश या प्रदेश के बाहर 50 चेन आउटलेट खोलने पर 2 करोड़ का अनुदान दिया जाएगा। इसके लिए आउटलेट से तीन वर्ष के दौरान प्रतिवर्ष 4 करोड़ की बिक्री की गई हो। वहीं प्रदेश या देश के अन्य राज्यों में 100 चेन आउटलेट खोलने पर 4 करोड़ का अनुदान दिया जाएगा। इसके लिए आउटलेट द्वारा तीन वर्षों में प्रति वर्ष 8 करोड़ की बिक्री की गयी हो। इसी तरह प्रदेश या प्रदेश के बाहर 200 आटउलेट खोलने पर 8 करोड़ रुपये का अनुदान दिया जाएगा। इसके लिए आउटलेट द्वारा तीन वर्षों तक प्रति वर्ष 16 करोड़ की बिक्री की गयी हो। वहीं 500 आउटलेट खोलने पर 10 करोड़ का अनुदान देगी। इतना ही नहीं कंपनी की ओर से कुल आउटलेट का 80 प्रतिशत प्रदेश के बाहर और विदेशों में 25 आउटलेट खोलने पर 2 करोड़ रुपये का अतिरिक्त अनुदान दिया जाएगा।

### फैशन शो भी आयोजित करेगी योगी सरकार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई वस्त्र पॉलिसी में प्रदेश में खादी वस्त्रों के लिए नया एक्सपोर्ट हाउस खोलने या कंपनी की शुरुआत करने पर उसके रजिस्ट्रेशन में आने वाले खर्च पर 75 प्रतिशत तक अनुदान देने का प्राविधान किया है। साथ ही इसके इंफ्रास्ट्रक्चर पर परियोजना लागत का 75 प्रतिशत या अधिकतम 20 लाख रुपये अनुदान दिया जाएगा। योगी सरकार ने प्रदेश में उत्पादित वस्त्रों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक वर्ष में दो बायर-सेलर मीट कराने का निर्णय लिया है। बायर सेलर मीट प्रदेश के पश्चिमी एवं पूर्वी क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे। सरकार इसके आयोजन के लिए अधिकतम 20 लाख रुपये प्रति बायर.सेलर मीट खर्च करेगी। वहीं निर्यात से संबंधित संस्था यदि अपने स्तर से कोई बायर-सेलर मीट कराती है तो सरकार कुल लागत का 50 प्रतिशत या अधिकतम 10 लाख रुपये प्रति बायर-सेलर मीट के लिए अनुदान देगी। सरकार प्रदेश के वस्त्रों के निर्यातए मार्केटिंग और प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से राज्य के दो बड़े महानगरों में फैशन-शो भी आयोजित कराएगी। इसके लिए 20 लाख रुपये की धनराशि प्रति फैशन शो खर्च की जाएगी।

## समाजवादी पद यात्रियों के दल ने की अखिलेश से मुलाकात



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव से पार्टी मुख्यालय में बृहस्पतिवार को युवा नेता अभिषेक यादव के नेतृत्व में आए 'देश बचाओ, देश बनाओ' समाजवादी पद यात्रियों के दल ने भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अखिलेश यादव ने पदयात्रियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से जनता में जागरूकता पैदा होती है। युवाओं का सभी तकलीफें सहते हुए पदयात्रा जारी रखने का संकल्प सराहनीय है। सपा प्रवक्ता ने बताया कि अभिषेक यादव ने गाजीपुर से 9 अगस्त 2022 क्रांति दिवस स पद यात्रा प्रारम्भ की थी। पद यात्रा के प्रथम चरण का ब्यौरा देने के साथ अभिषेक यादव सहित पद यात्रा में शामिल सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। यात्रा के प्रथम चरण में 58 दिन में 6 जिलों के 45 विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभावार यात्रा की गई। पद यात्रा का जनपद गाजीपुर, बलिया, मऊ, आजमगढ़, जौनपुर होते हुए वाराणसी में समापन हुआ। पद यात्रा का दूसरा चरण 22 नवम्बर 2022 को वाराणसी से शुरू होगा। जनपद चंदौली, सोनभद्र, मिर्जापुर होते हुए इलाहाबाद में समापन होगा। भाजपा सरकार में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारीए चुनावों में बरती जा रही धांधली तथा साम्प्रदायिकता के खिलाफ जनता को जागरूक बनाने के लिए पद यात्रा की गई। इस यात्रा में मुख्य रूप से अभिषेक यादव, अखिलेश गुप्ता, राघवेन्द्र यादव, अमित ठाकुर, मटरू पहलवान, सुनील कुमार, अर्पित वर्मा, अफ जल अली, शुभम, राज साहनी, इं दिनेश, पंकज कुशवाहा, आशुतोष तिवारी, अभिषेक, रोहित प्रजापति आदि शामिल रहे।

**अब्दुल वहीद सहारनपुर के सपा अध्यक्ष बने:** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से चौधरी अब्दुल वाहिद निवासी वर्धमान कालोनी निकट चिलकाना बस स्टैण्ड सहारनपुर को जनपद सहारनपुर का समाजवादी पार्टी का जिलाध्यक्ष नामित किया गया है।

### अखिलेश ने निर्वाचन आयोग को आरोपों के संबंध में भेजे सबूत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निर्वाचन आयोग को विगत आम विधानसभा चुनाव 2022 में गलत ढंग से बड़ी संख्या में पार्टी के समर्थक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे जाने के संबंध में सबूत सहित दस्तावेज ई-मेल के जरिए भेज दिए हैं। उन्होंने जो दस्तावेज भेजे हैं उनमें इस संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ तथा मुख्य चुनाव आयुक्त नई ल्लिी से की गई शिकायतों की छायाप्रति तथा खबरों की कटिंग भी शामिल है। अखिलेश यादव ने अपने पत्र में कहा है कि मतदाताओं को मतदान से वंचित करने की विभिन्न जनपदों के कार्यकर्ताओं, समर्थकों, नागरिकों और मीडिया की खबरों से मिली जानकारियों की जांच की मांग की गई थी किन्तु इसकी कोई जांच नहीं कराई गई। उन्होंने जांच के समय समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि को भी शामिल करने की मांग की है।

## न्यायपालिका का एक हिस्सा संघ के एजेंडे पर चल रहा है: शाहनवाज आलम

**लखनऊ।** उप्र अल्पसंख्यक कांग्रेस ने पूरे प्रदेश से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज कर सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिनियम (1992) और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को असंवैधानिक घोषित करने की मांग वाली याचिका के स्वीकार कर लिए जाने के मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज आलम ने जारी बयान में कहा कि न्यायपालिका का एक हिस्सा मोदी सरकार के वैचारिक एजेंडे पर काम कर रहा है। इसी के तहत पहले पूजा स्थल अधिनियम 1991 को चुनौती देने वाली भाजपा नेताओं की याचिकाएं स्वीकार की गईं तो उसके बाद संविधान की प्रस्तावना से सेकुलर और समाजवाद शब्द हटाने की भाजपा नेता की याचिका स्वीकार की गई। इसी कड़ी में अब अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम को खत्म करने की मांग वाली संघ से जुड़े संगठन की याचिका को भी स्वीकार कर लिया गया है। उन्होंने कहा की 1998 में भाजपा ने लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यक आयोग को खत्म करने का वादा किया था। ऐसा लगता है कि मोदी सरकार न्यायपालिका के एक हिस्से के सहयोग से अपने इस संविधान विरोधी वादे को पूरा करना चाहती है। उन्होंने कहा की भाजपा सरकार की मंशा है कि अल्पसंख्यक वर्ग न्यायपालिका से इतना निराश हो जाए कि न्यायपालिका पर अपनी संवैधानिक जवाबदेही का कोई दबाव न डाल पाए लेकिन यूपी अल्पसंख्यक कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी। शाहनवाज आलम ने कहा कि अल्पसंख्यक कांग्रेस ने राष्ट्रपति को संविधान के कस्टोडियन होने के नाते ज्ञापन भेजकर उनसे इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि जनता में यह धारणा तेजी से बढ़ रही है कि जो काम सरकार खुद नहीं कर पा रही है उसे न्यायपालिका के एक हिस्से के सहयोग से करवा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी धारणा बनना लोकतंत्र के हित में नहीं है और न्यायपालिका को खुद अपने व्यवहार से ऐसी धारणाओं पर विराम लगाना चाहिए।

### हिमालय व हिमाचल से है गोरक्षपीठ का गहरा नाता

## हिमाचल प्रदेश के चुनाव में इस रिश्ते को और प्रगाढ़ कर गए योगी

- लोगों ने कहा जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हिमालय** एवं हिमाचल प्रदेश से गोरक्षपीठ गोरखपुर का बेहद घनिष्ट एवं पुराना नाता रहा है। हिमाचल प्रदेश में हो रहे विधानसभा के इस चुनाव में पीठ के वर्तमान पीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस रिश्ते को और प्रगाढ़ कर गए। यही वजह है कि उनकी हर चुनावी सभा में भीड़ का रिकॉर्ड टूटा। हालांकि हिमाचल प्रदेश में उनका एक ही दिन रैली करने का कार्यक्रम था पर प्रत्याशियों की मांग के मद्देनजर अब तक वह हमीरपुर के बड़सर, मंडी के सरकाघाट एवं दारांग, सोलन के दून एवं कसौली, कांगड़ा के ज्वाली, पालमपुर एवं ज्वालामुखी, बिलासपुर के घुमारवीं, ऊना के हरोली, कुल्लू के आनी और शिमला के ठियोग में करीब दर्जन भर चुनावी सभाएं कर चुके हैं। रही हिमालय एवं हिमाचल से गोरक्षपीठ से रिश्ते की बातए तो योगी आदित्यनाथ खुद मूल रूप से हिमालय की गोद में बसे देवभूमि उत्तराखंड पौड़ी गढ़वाल यमकेश्वरए पंचुर के हैं। नाथपंथ में दीक्षित होने के पहले उनकी परवरिश एवं पढ़ाई-लिखाई उत्तराखंड में ही हुई थी। संयोग से उनके गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ भी उत्तराखंड गढ़वाल कांडी के ही थे। उनकी जन्मतिथि 18 मई 1919 है। वह राय सिंह विष्ट के इकलौते पुत्र थे। उनके बचपन का नाम कृपाल सिंह विष्ट था। जिस उत्तराखंड ने उनको जन्म दिया उसी ने उनको एक बार नया जीवन भी दिया। वह बचपन से ही विरक्त थे। एकबार साधु.संतों के साथ वह ॠषिकेश से केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री एवं कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर गये। वापसी में उनको हैजा हो गया। हालात इतनी गंभीर हो गई कि उनके साथी उनके जीवन की आस छोड़ आगे बढ़ गए। पर भगवान को तो कुछ और ही मंजूर था। उल्लेखनीय है कि राम मंदिर आंदोलन में गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। करीब एक सदी में मंदिर को लेकर हर घटनाक्रम में पीठ के पीठाधीश्वरों की प्रभावी भूमिका रही है। महंत अवेद्यनाथ तो इस आंदोलन के शीर्ष लोगों में थे। राम मंदिर निर्माण के लिए भाजपा ने हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में ही प्रस्ताव पारित किया था। योगी ने पालमपुर की सभा में इसका जिक्र भी किया। संयोग से जब राममंदिर के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया जब जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के लिए भूमि पूजन हुआ और अब जब करीब दो साल से इसका निर्माण चल रहा है अवेद्यनाथ के शिष्य योगी आदित्यनाथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। हिमालय एवं हिमाचल प्रदेश से इसी रिश्ते की वजह से हिमाचल के लोगों ने योगी आदित्यनाथ को हाथोंहाथ लिया। एक तरह से इस चुनाव में उनकी सभाओं की सर्वाधिक मांग रही। इन सभाओं में उन्होंने गोरक्षपीठ और हिमाचल के रिश्ते का जब-जब जिक्र किया तब-तब सभा परिसर जय श्रीराम और जो राम को लाए हैं

## हिमाचल में 5 दिन में 16 रैलियां, हर जगह योगी-योगी

### 8 जिलों में की रैली, मंडी में सर्वाधिक 4 व कांगड़ा में 3 रैलियों को किया संबोधित

- आखिरी दिन भी 4 विधानसभा क्षेत्रों में जनता से हुए मुखातिब

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हिमाचल** में विधानसभा चुनाव प्रचार थम गया। 12 नवंबर को यहां 68 सीटों पर मतदान होगा। 26 दिन बाद 8 दिसंबर को गुजरात के साथ ही यहां भी परिणाम आएगा। दोनों राज्यों में फिलवक्त भारतीय जनता पार्टी की ही सरकार है। हिमाचल में पार्टी ने ताबड़तोड़ चुनाव प्रचार किया। यहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, यूपी में कानून व्यवस्था व सुशासन लाने वाले योगी आदित्यनाथ की सबसे अधिक मांग रही। 5 दिनों में 8 जिलों की 16 विधानसभा में उनकी रैली हुई। सबसे अधिक मंडी जनपद में 4, कांगड़ा में 3, कुल्लू सोलन, ऊना में दो-दो तथा हमीरपुर, शिमला, बिलासपुर जनपद के एक-एक विधानसभा में योगी आदित्यनाथ ने रैली की। वहीं सीपीआई एम के कब्जे वाली एकमात्र ठियोग सीट पर भी योगी आदित्यनाथ की जनसभा हुई। गुरुवार को हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव प्रचार का आखिरी दिन रहा। यहां सीएम योगी आदित्यनाथ ने 4 जिलों की 4 विधानसभा सीटों पर भाजपा के लिए वोट मांगा। मंडी की बल्ह व नाचन, ऊना की गगरोट तथा कुल्लू के बंजार में योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस की नाकामियां गिनाईं। इन सभी सीटों पर पार्टी ने वर्तमान विधायकों पर ही दांव लगाया है। विकास कार्यों की बदौलत इन्हें फिर से सत्तासीन करने के लिए योगी आदित्यनाथ ने मतदाताओं से आग्रह किया। योगी आदित्यनाथ की हिमाचल में 16 रैलियां हुईं। इनमें सबसे अधिक रैली मंडी जनपद में हुई। यहां यूपी के सीएम ने 4 विधानसभा क्षेत्र में 3 विधानसभा ज्वाली, ज्वालामुखी और पालमपुर व कुल्लू जिले की बंजार व आनी, सोलन की दून व कसौली तथा ऊना की गगरेट व हरोली विधानसभा में रैली की। इसके अलावा हमीरपुर की बड़सरए बिलासपुर की घुमारवीं व शिमला की ठियोग में भी योगी आदित्यनाथ दहाड़े। योगी आदित्यनाथ की मांग हिमाचल में इस कदर रही कि देव दीपावली के दिन भी उन्होंने रैली की। योगी जी की लगातार दो दिन रैली हुई। 7 नवंबर को उन्होंने हरोली, दारंग व दून विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया। वहां से वे शाम को लखनऊ लौट आए और अगले दिन फिर 8 नवंबर को पालमपुरए आनी व ठियोग में पहुंचकर भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में वोट मांगा। 2 नवंबर से 10 नवंबर तक वे 5 दिन हिमाचल प्रदेश पहुंचे। शिमला में योगी आदित्यनाथ की एक रैली हुई। वह भी ठियोग विधानसभा में। यहां पर सीपीआई ;एमद्ध का कब्जा है। 1951 से 2017 तक पार्टी महज एक बार यहां से चुनाव जीती है। 1993 में राकेश शर्मा यहां से भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल करने में कामयाब रहे। प्रदेश की इस एकमात्र सीट पर कम्युनिस्टों को हराकर कमल खिलाने की जिम्मेदारी भी योगी आदित्यनाथ पर रही। विधानसभा चुनाव में हिमाचल की जनता ने योगी आदित्यनाथ को आस्था, सुशासन व सुदृढ़ कानून व्यवस्था के कारण सिर आंखों पर रखा। यहां की रैलियों में देखो-देखो कौन आया, शेर आया-शेर आया जैसे नारे लगे तो योगी जी को जयश्री राम कहकर जनमानस ने अभिवादन भी किया।

# हरगांव चीनी मिल में नवीन पेराई सत्र शुरू

## ● किसानों को 14 दिन के अंदर गन्ना मूल्य के भुगतान का दिया भरोसा

संवाददाता। सीतापुर

**बिड़ला ग्रुप** की चीनी मिल अवध शुगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड हरगांव में गुरूवार को चीनी मिल के डोंगे का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन कर गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि लखीमपुर खीरी के भाजपा विधायक योगेश वर्मा रहे। चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष डी के शर्मा को पंडित जगदीश चंद्र जोशी व आचार्य पवन कुमार बाजपेई वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन कराया। मुख्य अतिथि लखीमपुर खीरी सदर विधायक योगेश वर्मा व चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष डी के शर्मा ने ग्राम भीखपुर के किसान हरगोबिंद वर्मा एवं नैमिष कुमार को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। बैलगाड़ी के बैलों का पूजन व मिष्ठान्न खिलाकर तौल प्रारंभ की। पेराई सत्र शुभारंभ के अवसर पर पहुंचे अतिथियों ने शुभ मूहुर्त में डोंगे में गन्ना डालकर नवीन सत्र की पेराई का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जगदीश वर्मा चेयरमैन, रामसिंह वर्मा, पूर्व प्रमुख अनिल वर्मा, संजीव सिंह चेयरमैन प्रधान, के के वर्मा लखीमपुर चेयरमैन, बच्चूलाल वर्मा, पुत्तूलाल वर्मा, यूनुस खां, राम कुमार शुक्ल, महेन्द्र दत्त मिश्रा, उमादत्त त्रिपाठी, जोगेन्द्र सिंह, सफ्दर खां सहित भारी संख्या में किसान व मिल कर्मचारी मौजूद थे।

# पानी की खेती पर उद्यान विभाग दे रहा 50 प्रतिशत अनुदान

## ● कृषक वेबसाइट पर ऑनलाइन करा सकते हैं पंजीकरण

## ●जिला उद्यान अधिकारी सीतापुर ने बताया कि इच्छुक किसान कार्यालय से भी कर सकते हैं संपर्क

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** पान की खेती को बढ़ावा देने के लिए उद्यान विभाग लगातार प्रयासरत है, पान की खेती करने वाले किसानों को शासन स्तर से 50 प्रतिशत अनुदान की भी व्यवस्था की गई है। जिला उद्यान अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि जो किसान पान का उत्पादन करना चाहते है वह इच्छुक कृषक वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण करा लें। पंजीकरण के लिए बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की स्पष्ट छायाप्रति, आधार कार्ड की स्पष्ट छायाप्रति, खतौनी की छायाप्रति तथा दो नवीन फोटोग्राफ जरूरी है। पंजीकरण के उपरान्त प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर लाभार्थी का चयन किया जायेगा। पान की खेती हेतु एक हजार वर्गमी0 बरेजा निर्माण पर अनुमानित रू0 एक लाख 906 लागत का 50 प्रतिशत रूपया यानी कि 50 हजार 453 रूपए का अनुदान भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक किसान अधिक जानकारी के लिए स्वरूप नगर पौधशाला परिसर सीतापुर स्थित जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते है। इसके अलावा मुख्यालय प्रभारी, आर.के.वी.वाई. राजीव कुमार गुप्ता एवं मोबाइल नंबर 8318416002 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# डीएम ने दिए राजस्व बढ़ाने के लिए निर्देश

**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार की शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में कर.करेत्तर के तहत प्राप्तियो की विभागवारए बिंदुवार मासिक समीक्षा बैठक कीए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

डीएम ने सभी अधिकारियों को अपने लक्ष्य के प्रतिमाह की कार्ययोजना बनाकर मूर्त रूप देने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों की प्रगति खराब हैए लक्ष्य पूरा नहीं किया हैए वह उन्हें लिखित रूप में स्पष्ट करें कि वह लक्ष्य को कैसे पूरा कराएंगे।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए उन्हें निर्देश दिया कि राजस्व प्राप्ति के संबंध में जो विभाग कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा अपने.अपने लक्ष्य को प्रत्येक माह पूर्ण करने की कार्य योजना बनाई जानी चाहिए और उसे अंतिम रूप प्रदान किया जाना चाहिएए ताकि सभी विभागों में राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य पूर्ण किए जा सकें। कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य में नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगीए उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

डीएम ने वाणिज्य कर स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन आबकारी परिवहन विद्युत देय नगर विकास खनन मंडीए वन सिंचाई सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर व गोलाए विधिक माप विज्ञान के अफसरों से मासिक लक्ष्य की प्रगति क्रमिक लक्ष्य की प्रगति गत वर्ष की उपलब्धि के सापेक्ष वृद्धि प्रतिशत की गहन समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंहए सभी एसडीएम व तहसीलदार सहित सभी संबंधित विभागों के अफसर मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### अभियान चलाकर मोहल्लों में कराई गई फॉगिंग
### नपाप महमूदाबाद की तरफ से कीटनाशकों का हुआ छिड़काव

**सीतापुर।** नगर पालिका परिषद महमूदाबाद द्वारा पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में मच्छरों की रोकथाम के लिये फागिंग कराई गई। ईओ के निर्देश पर कर्मचारियों ने सघन अभियान चलाकर कई इलाकों में मशीन से फागिंग की। पालिका ईओ शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि नगर पालिका द्वारा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में फागिंग का कार्य किया जा रहा है। पालिका कर्मचारियों द्वारा मालसरायं, नूरपुर उत्तरी व दक्षिणी, शहजानी आदि वार्डों में सघन अभियान चलाकर देर रात तक फागिंग का कार्य किया गया। उन्होने बताया कि सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था का ध्यान रखने के साथ एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है।

### कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर चोरों ने उड़ाया लाखों का माल

**सीतापुर।** मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र में बुधवार रात अज्ञात चोर डाक बंगला के पीछे बसे मोहल्ला गौतम नगर के दो घरों में धावा बोलकर लगभग 2 लाख 60 हजार रुपए का माल उड़ाकर चंपत हो गये। पीड़ितों ने स्थानीय कोतवाली में तहरीर देकर घटना से अवगत कराया है। हैरान करने वाली बात तो यह है कि यह चोरियां कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर हुई हैं। चोरों ने कामता प्रसाद के घर और दुकान में धावा बोला यहां से 8 हजार नगदी सहित जेवरात पर हाथ साफकर दिया। इसी रात इसी मोहल्ला के निवासी शिवचरन के घर में भी अज्ञात चोरों ने धावा बोला और लगभग 50 हजार नगदी सहित एक लाख पचास हजार रुपए के जेवरात उड़ा ले गए। कोतवाल अवधराज सिंह ने बताया तहरीर मिली है जांचकर कार्यवाई की जा रही है।

### धन प्रतिष्ठा प्राप्त होते ही आ जाता अहंकार
### सिधौली में श्रीमद् भागवत कथा का दूसरा दिन

**सीतापुर।** नगर सिधौली के श्रीसिद्धेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन नारायण आश्रम बनी धाम से पधारे स्वामी जी ने कहा कि भागवत कथा सुनने से प्राणियों का कल्याण होता है। कथा का सुनना पुण्यप्रद है। कथा सुनने से जन्म जन्मांतर के पापों का षमन होता है। संयोजक एवं मंदिर प्रबंधक बालसंत स्वामी प्रकाशानंद सरस्वती ने कहा कि यदि व्यक्ति के पास धन प्रतिष्ठा बढ़ जाती है तो उसमें अहंकार उत्पन्न हो जाता है।17 नवंबर तक चलने वाली भागवत कथा में आचार्य अनिल मिश्र द्वारा पूजन संपन्न कराने के साथ प्रवचन लाभ भी प्रदान किया जा रहा है। मुख्य यजमान विनोद तिवारी, हरि जायसवाल सहित तमाम श्रोताओं ने भागवत कथा का रसपान किया।

### मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी लाने को लेकर
### ब्लॉकस्तरीय नर्स मेंटर को किया गया प्रशिक्षित

**लखीमपुर खीरी।** मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने हेतु एक आवश्यक बैठक आरसीएच नोडल ध् एसीएमओ डॉ अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में सीएमओ ऑफिस सभागार में संपन्न हुई। जिसमें जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात नर्स मेंटर को प्रशिक्षित किया गया। इस बैठक सहयोगी पार्टनर एजेंसी उत्तर प्रदेश टेक्निकल सपोर्ट यूनिट के जिला एवं मंडल स्तरीय सहयोगी उपस्थित रहे। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता लल्ला सिंह द्वारा बताया गया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में ब्लॉक स्तरीय सीएचसी पर तैनात नर्स मेंटर को 7 बिंदुओं पर प्रशिक्षित किया गया है। जिनमें गर्भवती माताओं की प्रसव पूर्व जांच करानाए प्रति गर्भवती माता की द्वितीय व तृतीय त्रैमासिक प्रसव पूर्व जांचए किसी भी एक महिला रोग विशेषज्ञ की देखरेख में अनिवार्य रूप से होनाए गर्भावस्था के दौरान पाई जाने वाली हाई रिस्क प्रेगनेंसी की गर्भवती महिलाओं की संस्थागत प्रसव को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जानाए प्रसव के दौरान निशुल्क यातायात जांचेंए दवाएंए भोजन और आवश्यकता पड़ने पर खून की व्यवस्था कराया जानाए प्रसव पश्चात कम से कम 48 घंटों तक प्रसूता को जच्चा.बच्चा वार्ड में रखना और अनिवार्य रूप से चिकित्सक द्वारा निरंतर देखभाल किया जानाए प्रसव से लेकर 42 दिन तक प्रसूता व बच्चे की आशा द्वारा 1ए3ए 7ए 14ए 21ए 28 व 42 दिनों पर घर भ्रमण कर स्वास्थ्य लाभ की जानकारी करना के साथ ही किसी भी मातृ मृत्यु दर होने पर बिना घबराए हुए कोई भी व्यक्ति उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 104 पर फोन कर इसकी जानकारी दे सकता है। जिसके बदले सरकार द्वारा सूचना देने वाले को 1000 रुपए की सम्मान राशि दी जाती है। इस दौरान डीपीएम अनिल यादव व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फर्जी अनुमति दिखाकर खरीदी गयी जमीन भी निकली फर्जी

## ● दिऐ गये रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश

## ●जमीन को प्रशासन ने दिया अपने कब्जे में

**मोहम्मदी.खीरी।** मोहम्मदी मे एक दिलचस्प खेल सामने आया हैएजिसमे भूमाफियाओ का चेहरा सामने आया है। खेती करने बाली जमीन का जिलाधिकारी लखीमपुर से फर्जी आदेश दिखाकर खरीदी जमीन मे बडा खेल सामने आया है। इसकी जानकारी जब उपजिलाधिकारी को हुई तो जाचं मे बडा घोटाला सामने आया। श्रीमती दीपा शर्मा निवासी लक्ष्मीपुरवा बिलग्राम रोड जिला हरदोई द्वारा भूमि स्थित ग्राम मछेछा की गाटा संख्या 991ध0.490 हे0 में से 0.242 हे0 का बैनामा लालजीत निवासी ग्राम भदेवना परगना सिरोमन नगर तहसील शाहाबाद जिला हरदोई से कराया गया था। जिसमें तत्कालीन जिलाधिकारी के हस्ताक्षर द्वारा निर्गत भूमि विक्रय अनुमति संलग्न की गयी है। उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव द्वारा भूमि विक्रय अनुमति की जांच करायी गयी। जांच में पता चला कि संलग्न भूमि विक्रय अनुमति फर्जी है तथा भूमि विक्रय अनुमति की वाद संख्या से जांच करने पर पता चला कि उस वाद संख्या पर उ0प्र0रा0सं0 2006 की धारा 38;2 के अन्तर्गत कोई अन्य वाद दर्ज है। तहसीलदार संतोष शुक्ला द्वारा भूमि विक्रय अनुमति फर्जी होने के कारण उक्त भूमि को राज्य सरकार में निहित किए जाने हेतु संस्तुति की गयी। उक्त भूमि से न्यायालय उपजिलाधिकारी मोहम्मदी द्वारा लालजीत निवासी ग्राम भदेवना परगना सिरोमन नगर तहसील शाहाबाद जिला हरदोई का नाम खारिज करके एफ्आईआर का आदेश पारित किया गया है।

# डीएम ने की शासन की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा, दिए कड़े निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**गुरुवार की शाम** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में शासन की प्राथमिकता वाले 37 प्रारूपो की बृहद समीक्षा की एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना से काम करते हुए विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएं। विकास कार्यक्रमों का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन

गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित हो। डीएम ने नदारत आरईडी व सीएनडीएस के अधिशासी अभियंताओ पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके अधीनस्थ अधिकारियों से अनुपस्थित का कारण जाना। संबंधित नदारत अफसरों को चेतावनी निर्गत करते हुए जवाब.तलब करने के निर्देश दिए। डीएम ने 25 लाख की लागत से ऊपर के विकास कार्यों की बृहद समीक्षा कीए संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि आवंटित एवं निर्माणाधीन सभी विकास कार्यो की माहवार अपनी कार्ययोजना बनाकर डीएसटीओ के माध्यम से सीडीओ व उन्हें प्रस्तुत करें। संबंधित विभाग के अधिकारी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का स्वयं भी समय.समय पर अनुश्रवण कराना सुनिश्चित करें। निर्देश दिए कि विकास कार्यो को नियत समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार.प्रसार कराएंए ताकि पात्र व्यक्ति योजनाओं से जुड़कर भविष्य को संवारे। डीएम ने विभिन्न सरकारी पेंशन योजनाओ के आधार प्रमाणीकरण की समीक्षा की। डीएम ने निर्देश दिए कि जिला स्तरीय अधिकारी भ्रमण में आंगनबाड़ी केंद्रों व उनमें वितरित किए जाने वाले पोषाहार वितरण की जांच करके आख्या भेजें।

डीएम ने डीएसटीओ को निर्देश दिए कि 50 लाख से ऊपर की परियोजनाओं में गठित कमेटी में प्रत्येक माह विजिट करके गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित कराए। साथ ही निर्देश दिए कि 10 से 50 लाख के मध्य वाले विकास कार्यों व परियोजनाओं में अद्यतन रिपोर्ट प्राप्त कर उनका अनुश्रवण कराकर गुणवत्ता सुनिश्चित कराए.बैठक में पीएम आवास योजनाए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन मनरेगा पीएम ग्राम सड़क योजनाए सामुदायिक शौचालय पंचायत घर ग्राम निधि भुगतान सीएम कन्या सुमंगला योजना उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनाए सीएम नारी सम्मान योजनाए ऑपरेशन कायाकल्प सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

बैठक में सीडीओ अनिल सिंहए पीडी केके पांडेयए डीडीओ अरविंद कुमारए डीएसटीओ अरविंद कुमार वर्माए डीसीमनरेगा विपिन कुमार चौधरीए सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# बच्चों के नियमित टीकाकरण अभियान से जुड़ेंगे सभी धर्मगुरु

## ● यूनिसेफने धर्मगरुओं के साथ की बैठकए लोगों को किया जाएगा जागरूक

## ●बच्चों को घातक बीमारियों से बचाने के लिए नियमित टीकाकरण जरूरीः डॉ अनिल कुमार गुप्ता

संवाददाता। लखीमपुर

**बच्चों को** 12 जानलेवा और घातक बीमारियों से बचाने के लिए चलाए जा रहे नियमित टीकाकरण अभियान को और बेहतर व प्रभावी बनाने के लिए यूनिसेफकी ओर से बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम सभागार में एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रतिरक्षण अधिकारीए एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता ने कहा कि बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से नियमित टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बच्चों को 5 साल की उम्र तक 7 बार में 10 टीके लगाए जाते हैं। टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीमें बराबर अभियान चलाती हैं और समय.समय पर बच्चों को टीके लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि कई दफा कुछ लोग जागरूकता के अभाव में बच्चों को टीका लगवाने से परहेज करते हैं। इसी को लेकर इस बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में धर्मगुरु और प्रतिनिधियों को बुलाया गया। उन्हें बताया गया है कि 5 साल तक की उम्र के बच्चों को नियमित टीका लगवाना बेहद जरूरी है। इस टीकाकरण से बच्चों को कई जानलेवा और घातक बीमारियों से बचाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि धार्मिक स्कूलों जैसे मदरसोंए गुरुकुल और गुरुद्वारों द्वारा संचालित किए जा रहे स्कूलों के शिक्षकों और वहां पढ़ने वाले छात्रों को भी इस बारे में जागरूक किया जा रहा है।बैठक में मौजूद यूनिसेफ के जिला कोऑर्डिनेटर मुकेश चौहान ने कहा कि बैठक में आने वाले सभी धर्मो के प्रतिनिधियों और धर्मगुरुओं को नियमित टीकाकरण चक्र कार्ड भी बांटा गया है। जिसके जरिए यह बताया गया है कि बच्चों को किस उम्र में कौन से टीके लगने हैं। उन्होंने धर्मगुरुओं से अपील कीए कि वह नियमित टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग प्रदान करें और अपने संबंधित समुदाय के लोगों को टीकाकरण कराने के लिए जागरूक करें।बैठक को संबोधित करते हुए वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के कोऑर्डिनेटर विकास सिंह ने कहा कि टीकाकरण अभियान के दौरान यह देखने को मिला है कि कुछ लोग अन्भिज्ञता व जागरूकता के अभाव में बच्चों को टीका लगवाने से कतराते हैं या मना कर देते हैं। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए सभी समुदाय के धर्मगरुओं और प्रतिनिधियों को बुलाया गया है ताकि यह लोग अपने समुदाय में जाकर लोगों को जागरूक करें।बैठक में चाई संस्था के शैलेंद्र तिवारी ने कहा कि टीकाकरण के बाद कुछ बच्चों को बुखार की शिकायत हो जाती है। बुखार आने पर घबराने की कोई जरूरत नहीं है। यदि टीकाकरण के बाद बुखार आता है तो वह कुछ समय बाद ही ठीक हो जाता है। बुखार आने पर बच्चों के अभिभावकों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। बैठक में यूनिसेफ के घनश्यामए राम जानकी मंदिर के पुजारी दिलीप अवस्थीए मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड के जिला प्रभारी व मौलाना अशफाक कादरीए गुरुद्वारे के हरजिंदर सिंह सहित सभी समुदायों के बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। बैठक में आए इन लोगों को नियमित टीकाकरण का चक्र कार्ड भी बांटा गया है।

### किस उम्र में कौन से लगते हैं टीके

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अनिल गुप्ता ने बताया कि जन्म के बाद सबसे पहले बच्चे को 3 टीके पोलियोए बीसीजी व हेपेटाइटिस बी लगता है। इसके बाद डेढ़ माह के बच्चे को पोलियो रोटाए एफ्आइपीवी पीसीवी व पेंटावेलेंटए ढाई माह की उम्र में पोलियोए रोटाए पेंटावेलेंट .दो साडे 3 माह की उम्र में पोलियो .3 रोटा. 3 एफ्आइपीवी दोए पीसीबी.2 पेंटावेलेंट .3 नौ माह की उम्र में एमआर. 1 पीसीवी बूस्टरए जेई.1 का टीका लगाया जाता है।

# तराई प्रतिभा सम्मान से विभूषित किए गए कोलंबिया यूनिवर्सिटी के शोधार्थी मुनीर खान

**लखीमपुर खीरी।** अपनी प्रतिभा के बूते अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कोलंबिया यूनिवर्सिटी से माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स के भारतीय शोधार्थी मुनीर खान की दस दिवसीय यात्रा के समापन की पूर्व संध्या पर तराई वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा तराई प्रतिभा सम्मान से विभूषित किया गया। उल्लेखनीय है कि लखीमपुर खीरी जिले के बेहजम क्षेत्रान्तर्गत गोरिया गांव से निकले मुनीर खान ने अपनी मेहनत व लगन के बूते अंतर्राष्ट्रीय फ्लक पर अलग पहचान बनाई। दुबई में यूनाइटेड नेशंस द्वारा आयोजित विश्व युवा सम्मेलन एमिरेट्स में यूएन विकास कार्यक्रम का प्रतिनिधित्व करते हुए इन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। यह कार्यक्रम संयुक्त राज्य अमीरात की पार्क यूनिवर्सिटी के आबू धाबी कैम्पस में आयोजित हुआ था जिसमे वैश्विक स्तर पर 76 देशों की 247 उत्कृष्ट प्रतिभाएं चयनित हुई थी। मुनीर खान इस कार्यक्रम में वायरलेस कम्युनिकेशन और सस्टेनेबल डेवलपमेंट विषय पर प्रतिनिधित्व कर रहे थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यूएई के मिशन 2030 के लक्ष्य डेवलपमेंट यूएई को प्राप्त करना जिसके लिए युवाओं की भागीदारी मजबूत करना है। मध्यमवर्गीय मुनीर खान बेहद साधारण परिवार से हैंए बेहद विषम परिस्थितियों के बावजूद अपनी मेहनत व लगन से प्रेरणादायी स्थान बनाया है। यूनिवर्सिटी में दाखिला लेने वाले अपने परिवार के पहले व्यक्ति हैं।बीती शाम लखीमपुर जिले की होनहार प्रतिभा मुनीर खान को सम्मानित कर तराई वेलफेयर एसोसिएशन ने ऊर्जित व उत्साहित किया। एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने शोधार्थी मुनीर खान का माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर योगेश नारायण दीक्षित मंगेश त्रिवेदी विवेक श्रीवास्तव अनुराग पांडेय मधुरेश शर्मा प्रिंस बरनवालए मनीष मिश्रा अंकित त्रिवेदी आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### ज्वालागंज मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन 12 से

**जालौन।** श्रीलक्ष्मी नारायण रामचरित मानस संघ का 67वां तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव महंत विजयरामदास जी महाराज के सानिध्य में लक्ष्मी नारायण मंदिर ज्वालागंज (पुरानी नझाई) में संपन्न होगा। 12 नवंबर दिन शनिवार से रात्रि 8 बजे से रामायण पाठ एवं संत समाज के प्रवचन होंगे। 13 नवंबर दिन रविवार को रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक एवं 14 नवंबर दिन सोमवार को दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे मानस प्रवचन होंगे। इसके उपरांत रात्रि 8 बजे समापन सभा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी अध्यक्ष दीपक कुमार मित्तल ने दी है।

# पेज एक का शेष

### भाजपा ने...

मंत्री भूपेंद्र यादव तथा मनसुख मांडविया ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में प्रत्याशियों की सूची जारी की। यादव ने बुधवार को पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में चयनित उम्मीदवारों के नाम जारी किए। यादव ने कहा कि सूची में 69 मौजूदा विधायक शामिल हैं। यह दिखाता है कि कई मौजूदा विधायकों को इस बार टिकट नहीं दिया गया है। इस सूची में 14 महिलाएं, अनुसूचित जाति के 13 तथा अनुसूचित जनजाति के 24 उम्मीदवार शामिल हैं। यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल समेत राज्य के कई वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव न लड़ने का फैसला किया है तथा इस संबंध में पार्टी नेतृत्व को पत्र लिखा था। पाटिल ने विश्वास जताया कि भाजपा इन चुनावों में सीटों की संख्या तथा मत प्रतिशत के अपने पहले का रिकॉर्ड तोड़ेगी।

### सीओपी-27...

की गई है। अमीर देशों के एक अंतर सरकारी निकाय आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के आंकड़ों के अनुसार विकसित देशों ने 2013 में 52.5 अरब डॉलर जुटाए। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट द्वारा प्रकाशित फैक्टशीट के अनुसार कोष वर्ष 2015 में 44.6 अरब डॉलर तक घटने के बाद, वित्त प्रवाह में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2020 में, विकसित देशों ने 83.3 अरब डॉलर जुटाए, जो 2019 में 80.4 अरब डॉलर से अधिक है। वित्त पर स्थाई समिति ने अनुमान लगाया है कि एनडीसी और आवश्यकताओं के निर्धारण रिपोर्ट सहित निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए 2030 तक छह ट्रिलियन से 11 ट्रिलियन डॉलर तक संसाधनों की आवश्यकता है। एनडीसी वैश्विक तापमान वृद्धि को दो डिग्री सेल्सियस से नीचे, मुख्य रूप से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने की राष्ट्रीय योजना है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि स्पष्ट रूप से, जलवायु वित्त की आवश्यकता तब भी बहुत अधिक है, जब अनुमानों के मुताबिक खासकर अनुकूलन के लिए पूरी तरह से चिह्नित जरूरतों को भी पूरा नहीं किया गया है। मिस्र के शर्म अल-शेख में छह से 18 नवंबर तक आयोजित होने वाले इस वर्ष के सम्मेलन में विकसित देशों से विकासशील देशों को अपनी जलवायु योजनाओं को और तेज करने के लिए प्रेरित करने की उम्मीद है। दूसरी ओर, विकासशील देश जलवायु परिवर्तन और परिणामी आपदाओं से निपटने के लिए आवश्यक वित्त और प्रौद्योगिकी के प्रति प्रतिबद्धता चाहते हैं। भारत ने जोर दिया है कि तकनीकी विशेषज्ञ स्तरीय संवाद संसाधन जुटाने की मात्रा और गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित हो। भारत जलवायु वित्त की परिभाषा पर भी स्पष्टता चाहता है।

### वर्ष 2023...

मामले में भारत के मौजूदा नंबर तीन से दूसरे स्थान पर जाने की संभावना है। फिलहाल मेक्सिको और चीन भारत से आगे हैं।

### लालू यादव...

सिंगापुर में रहने वाली उनकी बेटी रोहिणी आचार्य ने अपने पिता को नया जीवन देने का फैसला किया है। यादव फिलहाल दिल्ली में हैं और ज़मानत पर बाहर हैं। कथित चारा घोटाला मामलों में शामिल होने के कारण लालू को जेल की सज़ा हो चुकी है और वह इलाज के लिए दिल्ली और रांची में कई बार अस्पताल में भर्ती हुए हैं। हालांकि, गुर्दा प्रत्यारोपण की सर्जरी कहां और कब होगी इस बारे में स्पष्ट जानकारी मौजूद नहीं है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सकों ने कहा कि उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं है। दरअसल, लालू का पहले इलाज एम्स में चल रहा था। नाम न छापने की शर्त पर एक चिकित्सक ने कहा कि अगर किसी दूसरे देश में गुर्दा प्रत्यारोपण होता है तो एम्स से किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। गौरतलब है कि भारत में गुर्दा प्रत्यारोपण के लिए कड़े नियम कानून हैं।

### मैनपुरी लोस...

करते हुए कहा है कि मैनपुरी के नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों की मांग थी कि अखिलेश यादव स्वयं अथवा डिम्पल यादव प्रत्याशी हो। चूंकि अखिलेश यादव विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष है इसलिए समाजवादी पार्टी ने डिम्पल यादव प्रत्याशी घोषित किया है। उन्होंनें कहा कि डिम्पल यादव के चुनाव लड़ने की घोषणाा मात्र से मैनपुरी में अभूतपूर्व उल्लास और उत्साह का माहौल है। मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में सभी वर्गो, महिलाओं, किसानों, नौजवानों, व्यापारियों और शिक्षकों के समुदाय का निश्चय है कि वे डिम्पल यादव को रिकार्ड मतों से विजयी बनाएंगे। डिम्पल यादव कन्नौज से दो बार सांसद रह चुकी है। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में भी वे सक्रिय रही हैं।

### अंडमान और...

निकोबार द्वीप समूह में 21 वर्षीय एक युवती को सरकारी नौकरी का झांसा देकर मुख्य सचिव के घर ले जाया गया और फिर वहां नारायण सहित शीर्ष अधिकारियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

### भारत हारा...

विराट कोहली के बल्ले में वह तेवर नजर आए और न ही सूर्यकुमार यादव चमक सके। हार्दिक पंड्या ने अलबत्ता फिनिशर की भूमिका बखूबी निभाते हुए 33 गेंद में 63 रन बनाकर टीम को छह विकेट पर 168 रन तक पहुंचाया। जवाब में इंग्लैंड की सलामी जोड़ी ने भारतीय गेंदबाजों को स्कूली बच्चों की तरह मैदान के चारों ओर धुन दिया। बटलर ने 49 गेंद में नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 80 और एलेक्स हेल्स ने 47 गेंद में नाबाद 86 रन बनाए जिसमें चार चौके और सात छक्के शामिल थे। ग्रुप चरण में शीर्ष रहने वाली भारतीय टीम का कोई दांव आज नहीं चल सका। बल्लेबाजों के बाद गेंदबाजों ने भी निराश किया। मोहम्मद शमी से लेकर अर्शदीप सिंह तक सभी नाकाम रहे और हेल्स तथा बटलर ने भारत-पाकिस्तान फाइनल की संभावनाएं ध्वस्त कर दी। इससे पहले भारत के लिए विराट कोहली ने 40 गेंद में 50 रन बनाए लेकिन भारतीय पारी का आकर्षण पंड्या रहे जिन्होंने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। पहले दस ओवर के प्रदर्शन के बाद यह स्कोर मुमकिन नहीं लग रहा था। आखिरी चार ओवर में भारत ने 58 रन बनाए जिसमें चार चौके और पंड्या के पांच छक्के शामिल थे। भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही और केएल राहुल (पांच) एक बार फिर बड़े मैच में नाकाम रहे। क्रिस वोक्स ने दूसरे ओवर में अतिरिक्त उछाल के खिलाफ उनकी कमजोरी की कलई खोल दी। भारत अगर 20 रन से पीछे रह गया तो इसके लिए कप्तान रोहित शर्मा जिम्मेदार हैं जिन्होंने 28 गेंद में 27 रन बनाए। पहले दस ओवर में सिर्फ 62 रन बने।

### मालदीव में..

के अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं। उसने कहा कि उच्चायोग प्रभावित भारतीय नागरिकों के परिवारों तक पहुंच रहा है। गैराज भूतल पर था और प्रवासी मजदूर पहली मंजिल पर रहते थे। मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने कहा कि वह माले में आग की खबर से बहुत दुखी हैं, जिसमें 10 प्रवासी श्रमिकों की जान चली गई और कई परिवार प्रभावित हुए। उन्होंने कहा, हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों और प्रभावितों के परिवारों के साथ हैं। जांच जारी है। मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स ने कहा कि इमारत में बांग्लादेश, भारत और श्रीलंका के 38 प्रवासी श्रमिक रह रहे थे। मालदीव राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण (एमएनडीए) के प्रमुख हिसान हसन ने कहा कि इमारत से 28 लोगों को बचा लिया गया है। उन्होंने कहा कि उनमें से 19 को उनके नियोक्ता ले गए हैं जबकि नौ लोग एमएनडीए की देखरेख में हैं। एमएनडीएफ अग्नि एवं बचाव सेवा के कमांडेंट कर्नल इब्राहिम रशीद ने कहा कि प्रवासी क्वार्टर के अंदर बिस्तरों के बगल में गैस सिलेंडर रखे हुए थे। समाचार मंच सनऑनलाइन ने उनके हवाले से अपनी खबर में बताया, यहां बहुत सारे गैस सिलेंडर थे। विभिन्न प्रकार की गैस। गैराज भूतल पर स्थित था। इसलिए, हमें आग से लड़ना बहुत चुनौतीपूर्ण लगा। उन्होंने कहा कि आग पर सुबह चार बजकर 34 मिनट पर काबू पाया गया।

### जेवर हवाई...

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण कार्य में फि लहाल 1000 मजदूर कार्यरत हैं, इनकी संख्या बढ़ाकर 5000 तक की जाएगी। प्रेस वार्ता के दौरान दोनों अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड द्वारा 5,730 करोड़ रुपए की लागत से देश का सबसे बड़ा हवाईअड्डा बनाया जा रहा है। यह एयरपोर्ट 1300 हेक्टेयर जमीन में फैला हुआ है। इसका निर्माण चार चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 2024 के सितंबर महीने तक पूरा हो जाएगा। पहले चरण में एक रनवे और एक टर्मिनल प्रतिवर्ष 1.2 करोड़ यात्रियों के लिए शुरू होगा। अंतिम और चौथा चरण पूरा होने पर एयरपोर्ट के दो टर्मिनल और 2 रनवे होंगे, जो एक साल में 7 करोड़ यात्रियों का भार संभालेंगे। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट 6,200 हेक्टेयर जमीन पर बनाया जाएगा।

# सत्ता बरकरार रही तो समान नागरिक संहिता लागू होगी: शाह

### ● हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन गृह मंत्री ने किया धुंआधार प्रचार, कांग्रेस पर साधा निशाना

**भाषा।** सुलह (हिमाचल प्रदेश)

**केन्द्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता बरकरार रहती है, तो जल्द ही समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू किया जाएगा। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस द्वारा दी गई 10 गारंटी का जिक्र करते हुए कहा कि लोग प्रतिष्ठित लोगों की गारंटी पर भरोसा करते हैं, जबकि विपक्षी दल की कोई प्रतिष्ठा नहीं है।

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कांगड़ा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 2014 में केंद्र में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से कोई घोटाला सामने नहीं आया जबकि विपक्षी दल के शासन में घोटालों की गिनती करना मुश्किल है। उन्होंने कांग्रेस पर 2004-14 के बीच केंद्र में अपने 10 साल के शासनकाल में 12 लाख करोड़ रुपए के घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया और कहा कि पार्टी द्वारा दी जाने वाली गारंटी पर हिमाचल प्रदेश की जनता का कोई भरोसा नहीं होगा। शाह ने अपने भाषण में विकास और हिंदुत्व का भी जिक्र किया। उन्होंने यहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और मेडिकल कॉलेज स्थापित करने जैसे कदमों का हवाला देते हुए कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार और राज्य में मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व वाली सरकार ने हिमाचल प्रदेश के



विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

उन्होंने कहा, डबल इंजन सरकार ने हर क्षेत्र में विकास का इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस ने दिल्ली में दशकों तक शासन किया, तो उसने सैन्यकर्मियों की एक रैंक-एक-पेंशन संबंधी मांग पर कोई कदम नहीं उठाया, जबकि मोदी ने 2014 में सत्ता में आने के बाद इसे 2015 में लागू कर दिया था। शाह ने कहा कि भाजपा ने अपने विकास कार्यों के कारण उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर जैसे कई राज्यों में अपनी सरकार बरकरार रखी है। उन्होंने दावा किया हिमाचल प्रदेश में भी पार्टी फिर से सरकार बनाएगी।भाजपा के वरिष्ठ नेता ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर सर्जिकल स्ट्राइक, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और मोदी सरकार के तहत कई पवित्र स्थलों के विस्तार और जीर्णोद्धार संबंधी कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अनुच्छेद 370 के रूप में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की गलती को आगे बढ़ाया, लेकिन मोदी ने वर्ष 2019 में इसमें सुधार किया। उन्होंने पूछा, कश्मीर हमारा है या नहीं? क्या अनुच्छेद 370 को खत्म किया जाना चाहिए था या नहीं? शाह ने कहा, 10 साल तक जब कांग्रेस सत्ता में थी, तो पाकिस्तान हमारे जवानों के बिना सिर वाले पार्थिव शरीर वापस भेजता था और सरकार कभी भी एक शब्द तक नहीं बोलती थी। उन्होंने उरी और पुलवामा हमलों का जिक्र करते हुए कहा कि इनका करारा जवाब दिया गया। युवाओं को सशस्त्र बलों में सेवा के लिए भेजने में हिमाचल प्रदेश के योगदान को स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि परमवीर चक्र पुरस्कार विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा और कैप्टन विक्रम बत्रा सहित कई बहादुर सैनिकों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

शाह ने कांग्रेस पर तब भी राजनीति करने का आरोप लगाया जब कोविड के खिलाफ टीके लगाए जा रहे थे। उन्होंने पूछा, हर सुबह राहुल बाबा (राहुल गांधी) उठकर नकारात्मक ट्वीट करते थे...लेकिन लोगों ने उनकी (कांग्रेस) नहीं सुनी और हर व्यक्ति ने टीका लगवाया। टीका तो टीका है, जिसे इस देश के वैज्ञानिकों ने तैयार किया है।

## प्रियंका ने ओपीएस के वादे पर जोर दिया, पीएम पर भी निशाना साधा

**भाषा।** सिरमौर (हिप्र)

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन बृहस्पतिवार को पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली के अपने वादे को पर जोर दिया और कहा कि यह कोई जुमला नहीं है जिसे पूरा नहीं किया जा सके। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक बयान को लेकर उन पर परोक्ष रूप से पलटवार करते हुए कहा कि सबको पता है कि आजादी के बाद किसने स्थिर सरकारें दीं और किसने विधायक खरीदकर सरकारें गिराई हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के अंतिम दिन अपनी सिरमौर में बड़ी सभा को संबोधित किया और लोगों का अभिवादन भी किया। कांग्रेस नेता ने लोगों का आह्वान किया कि सोच-समझकर वोट करें और किसी की बातों से गुमराह नहीं हों। हिमाचल प्रदेश में बृहस्पतिवार शाम पांच बजे चुनाव प्रचार खत्म हो गया। प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री का नाम लिए बगैर कहा, भाजपा के बड़े नेताओं ने कहा कि कांग्रेस आपको स्थिर सरकार नहीं दे सकती। आजादी के बाद स्थिर सरकारें किसने दीं और किसने अस्थिरता फैलाई? पैसे से विधायकों को खरीदकर सरकारों को गिराने वाले कौन हैं?

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को राज्य में एक चुनावी सभा में कहा था कि कांग्रेस स्थिर सरकार नहीं दे सकती है। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस यदि राज्य में सरकार बनाती है तो केवल विकास को बाधित ही करेगी। प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री के एक और बयान का हवाला देते हुए कहा, आपसे कहा जाता है कि दवाई बदलेंगे तो मरीज ठीक नहीं होगा। ऐसे लगता है कि हिमाचल प्रदेश बीमार है। यह सब फिजूल की बाते हैं। आप सब जानते हैं। उनका कहना था, इस मंच से आपसे कोई भी कुछ भी कह सकता है।

## केंद्र के पालतू जानवर की तरह काम कर रही जांच एजेंसियां: उद्धव ठाकरे

**भाषा ।** मुंबई

**महाराष्ट्र के** पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां केंद्र के पालतू जानवर की तरह काम कर रही हैं और धनशोधन मामले में शिवसेना सांसद संजय राउत को ज़मानत देने का अदालत का फैसला देश के लिए एक मार्गदर्शक जैसा था।

मुंबई के बांद्रा इलाके में अपने आवास मातोश्री में पत्रकारों को संबोधित करते हुए शिवसेना के एक धड़े के प्रमुख ठाकरे ने कहा कि राउत को फिर से झूठे मामले में फंसाया जा सकता है। राज्यसभा सदस्य राउत ने उद्धव से उनके आवास पर मुलाकात करने के बाद कहा कि उन्हें विश्वास था कि ठाकरे और पार्टी उनकी अनुपस्थिति में उनके परिवार के साथ खड़े रहेंगे और वह संगठन के लिए 10 बार और जेल जाने को तैयार हैं। शिवसेना सांसद यहां की एक विशेष



अदालत द्वारा ज़मानत मिलने के बाद बुधवार को मुंबई की आर्थर रोड जेल से रिहा हो गए। अदालत ने राउत की गिरफ्तारी को अवैध और निशाना बनाने की कार्वाई करार दिया था। उद्धव ठाकरे ने कहा, अदालत के आदेश से अब यह बिल्कुल स्पष्ट है कि केंद्रीय एजेंसियां केंद्र के पालतू जानवरों की तरह काम कर रही हैं और पूरी दुनिया इसे देख रही है। राउत से शिवसेना के नाम और चुनाव चिह्न पर रोक लगाने के भारत के निर्वाचन आयोग के फैसले के बारे में पूछने पर राउत ने कहा, संविधान पर प्रतिबंध(फ्रीज) लगाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमारे जैसे लोगों को अवैध रूप से गिरफ्तार किया जाता है और यह संविधान पर प्रतिबंध (फ्रीज) करने जैसा है। उद्धव ठाकरे ने दावा किया कि केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग करके कई दलों में विभाजन किया गया और अवैध रूप से गिरफ्तारियां की गईं। उन्होंने कहा कि राउत का मामला उन लोगों के लिए एक उदाहरण है जो पार्टी से भाग गए , बिना डरे लड़ाई कैसे लड़ी जाए। ठाकरे ने कहा, अगर किसी ने कुछ गलत नहीं किया है, तो डरने की कोई बात नहीं है। यह उनके लिए भी एक सबक है जो पार्टी छोड़कर भाग गए हैं। न्यायपालिका द्वारा निष्पक्ष रूप फैसला देना एक अच्छा संकेत है और कल का आदेश एक मार्गदर्शक है।

## कुछ देशों की दूसरों से श्रेष्ठ समझने की विश्व व्यवस्था में यकीन नहीं रखता भारत : राजनाथ

**भाषा ।** नई दिल्ली

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत ऐसी विश्व व्यवस्था में यकीन नहीं रखता है, जहां कुछ देशों को दूसरों से श्रेष्ठ माना जाता है। उन्होंने कहा कि अगर सुरक्षा वास्तव में सामूहिक उद्यम बन जाती है तो सभी के लिए फायदेमंद वैश्विक व्यवस्था बनाने की संभावना तलाशी जा सकती है। राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय में एक संबोधन में उन्होंने साइबर हमलों तथा सूचना युद्ध कौशल जैसे उभरते गंभीर सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से समन्वित प्रयास करने का अनुरोध किया। सिंह ने बताया कि सूचना युद्ध कौशल में राजनीतिक स्थिरता को खतरा पहुंचाने की क्षमता है। उन्होंने कहा, इसका कोई हिसाब नहीं है कि सोशल मीडिया मंचों के जरिए समाज में फर्जी खबरें तथा घृणा फैलाने वाली कितनी सामग्री लाए जाने की आशंका है। सोशल मीडिया तथा अन्य ऑनलाइन मंचों के संगठित




इस्तेमाल का जनता की राय या अवधारणा बदलने में प्रयोग किया जा रहा है। सिंह ने कहा, सूचना युद्ध छेड़ना रूस तथा यूक्रेन में चल रहे संघर्ष से स्पष्ट है। इस संघर्ष में सोशल मीडिया ने युद्ध के बारे में प्रतिस्पर्धी धारणाएं फैलाने तथा अपने हिसाब से युद्ध को दर्शाने में दोनों पक्षों के लिए युद्ध के मैदान के रूप में काम किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार का प्रमुख ध्यान राष्ट्रीय सुरक्षा पर है और उन्होंने कहा कि देश की पूरी क्षमता का इस्तेमाल तभी किया जा सकता है जब उसके हितों की रक्षा की जा सके। उन्होंने कहा, सुरक्षा किसी भी सभ्यता के फलने-फूलने के लिए अपरिहार्य है। उन्होंने साइबर युद्ध कौशल को लेकर आगाह किया और कहा कि इससे अहम बुनियादी ढांचे की भेद्यता बढ़ गई है। सिंह ने कहा, मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमारी सामरिक नीति का आचरण नैतिक होना चाहिए। भारत ऐसी व्यवस्था में यकीन नहीं रखता है जहां कुछ देशों को दूसरों से श्रेष्ठ माना जाता है। उन्होंने कहा, भारत के कृत्य मानवीय समानता और प्रतिष्ठा के मूल सार द्वारा निर्देशित हैं जो हमारे प्राचीन मूल्यों तथा उसके मजबूत नैतिक आधार का हिस्सा है और हमें राजनीतिक शक्ति देते हैं। हमारा स्वतंत्रता संग्राम भी उच्च नैतिक मूल्यों की आधारशिला पर आधारित था। उनकी यह टिप्पणियां तब आई है जब हिंद-प्रशांत के साथ ही वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन की आक्रामक सैन्य गतिविधियों को लेकर चिंता बढ़ गई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर सुरक्षा वाकई सामूहिक उद्यम बन जाती है तो हम ऐसी वैश्विक व्यवस्था बनाने के बारे में सोच सकते हैं जो हम सभी के लिए फायदेमंद हो। उन्होंने मार्टिन लूथर किंग जूनियर के हवाले से कहा, कहीं भी अन्याय हर जगह न्याय के लिए खतरा है। उन्होंने कहा, हाल के यूक्रेन संकट ने दिखाया कि कैसे इसका प्रभाव पूरी दुनिया पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। रूस और यूक्रेन मिलकर दुनियाभर में गेहूं तथा जौ का करीब एक तिहाई निर्यात करते हैं लेकिन इस संघर्ष ने विभिन्न अफ्रीकी तथा एशियाई देशों में खाद्य संकट पैदा कर दिया है।

## नीरव मोदी की अपील खारिज करने के ब्रिटेन के अदालती फैसले का स्वागत

**भाषा ।** नई दिल्ली

**विदेश मंत्रालय** ने ब्रिटेन की एक अदालत द्वारा बैंक रिण धोखाधड़ी मामले में भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी को भारत प्रत्यर्पण किए जाने के खिलाफ अपील को खारिज करने का बृहस्पतिवार को स्वागत करते हुए कहा कि वह मोदी के साथ-साथ अन्य आर्थिक अपराधियों को वापस लाने के अपने प्रयासों को जारी रखेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, हम नीरव मोदी के प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील खारिज करने के ब्रिटेन के उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा, हम नीरव मोदी के साथ-साथ अन्य आर्थिक अपराधियों को वापस लाने के अपने प्रयासों को जारी रखेंगे ताकि उन्हें न्याय के कठघरे में लाया जा सके। प्रवक्ता ने कहा कि भारत आर्थिक भगोड़ों के प्रत्यर्पण के लिए पुरजोर तरीके से प्रयास कर रहा है ताकि वे देश में कानूनी प्रक्रिया का सामना कर सकें। गौरतलब है कि लंदन के उच्च न्यायालय ने हीरा कारोबारी नीरव मोदी की मानसिक सेहत के आधार पर प्रर्त्यपण के खिलाफ अपील बुधवार को खारिज कर दी थी। उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी कि नीरव के आत्महत्या करने का जोखिम ऐसा नहीं है कि अगर उसे धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोपों का सामना करने के लिए भारत प्रत्यर्पित किया जाता है तो यह अनुचित और दमनकारी होगा। ब्रिटेन की तत्कालीन गृह मंत्री प्रीति पटेल ने पिछले साल अप्रैल में न्यायालय की एक व्यवस्था के आधार पर नीरव के प्रत्यर्पण का आदेश दिया था और तब से मामले में अपीलों की प्रक्रिया चल रही थी। अपील हार जाने के बाद नीरव सार्वजनिक महत्व के कानून के बिंदु पर उच्चतम न्यायालय जा सकता है। वह उच्च न्यायालय के फैसले के 14 दिन के भीतर उसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय में आवेदन कर सकता है। हालांकि उच्चतम न्यायालय में अपील तभी की जा सकती है जब उच्च न्यायालय ने प्रमाणित किया हो कि मामला आम जनता के महत्व से जुड़े कानून के बिंदु वाला है।

## केम्पेगौड़ा की 108 फुट की कांस्य प्रतिमा का आज उद्घाटन करेंगे मोदी

### ● हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 का भी उदघाटन करेंगे प्रधानमंत्री

**भाषा ।** बेंगलुरु

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी शुक्रवार को बेंगलुरु में नादप्रभु केम्पेगौड़ा की 108 फुट की कांस्य प्रतिमा का अनावरण करेंगे और पांच हजार करोड़ रुपए की लागत से बने केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी दिन में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। वह दक्षिण भारत की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाएंगे, जो बेंगलुरु के रास्ते मैसूर और चेन्नई के बीच चलेगी। प्रधानमंत्री का कर्नाटक दौरा सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि राज्य में करीब पांच महीने बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। भाजपा ने 224 विधानसभा सीट में कम से कम 150 सीट पर जीत दर्ज कर सत्ता में लौटने का लक्ष्य रखा है। पार्टी के नेताओं का मानना है कि प्रधानमंत्री के इस दौरे से कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और जनता का समर्थन जुटाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री शुक्रवार सुबह यहां पहुंचेंगे और विधान सौध परिसर में संत-कवि कनक दास तथा महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद वह क्रांतिवीर संगोली रायण्णा (केएसआर) रेलवे स्टेशन जाएंगे जहां वह मैसूर-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। यह देश की पांचवी और दक्षिण भारत की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन है। वहीं से मोदी भारत गौरव काशी दर्शन ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 का उद्घाटन करेंगे,



जिसका निर्माण लगभग 5,000 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। मोदी यहां से पास ही एक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे और वहां नादप्रभु केम्पेगौड़ा की 108 फुट की कांस्य प्रतिमा का अनावरण करेंगे। प्रतिमा का अनावरण करने के बाद प्रधानमंत्री एक जनसभा में शिरकत करेंगे, जिसमें लाखों लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। इसके बाद वह तमिलनाडु के डिंडीगुल जाएंगे।

### केम्पेगौड़ा की मूर्ति के लिए सरकारी धन का इस्तेमाल क्यों किया गया : शिवकुमार

**भाषा।** बेंगलुरु

**कांग्रेस की** कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने बृहस्पतिवार को सवाल किया कि यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बेंगलुरु के संस्थापक नादप्रभु केम्पेगौड़ा की 108 फुट उंची मूर्ति स्थापित करने के लिए सरकारी धन का इस्तेमाल क्यों किया गया। शिवकुमार ने कहा कि केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का संचालन करने वाली बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल) को मूर्ति पर काम करना चाहिए था। उन्होंने हवाई अड्डे को सरकार द्वारा प्रदान की गई भूमि और धन तथा हवाई अड्डे को होने वाली आय का उल्लेख किया। शिवकुमार ने कहा, सरकारी धन का इस्तेमाल करके ऐसा करना (मूर्ति स्थापित करना) एक बड़ा अपराध है। हमने (कर्नाटक सरकार) जमीन और धन भी बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के लिए दिया है। 4,200 एकड़ भूमि में से, 2,000 एकड़ केवल छह लाख रुपए प्रति एकड़ में दी गई थी। धन के साथ, उनके पास शेयर हैं। उसे (बीआईएएल) अपने धन का इस्तेमाल करना चाहिए था, सरकारी धन का इस्तेमाल क्यों किया जाए।

## क्विक न्यूज

### कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शरद पवार शामिल नहीं होंगे : रमेश

**नांदेड़।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार स्वास्थ्य कारणों से कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल नही होंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। रमेश ने संवाददाताओं को यहां संबोधित करते हुए कहा कि पवार (81) ने पहले इस पैदल यात्रा में शामिल होने पर सहमति जताई थी। कांग्रेस के संचार महासचिव रमेश ने कहा, हाल ही में वह (पवार) अस्पताल में भर्ती हुए थे और आराम करने की चिकित्सकों की सलाह के मद्देनजर वह यात्रा में शामिल नही होंगे। पवार की बेटी और राकांपा की लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल तथा राकांपा नेता जितेंद्र आव्हाड, इस पैदल यात्रा मे शामिल होने के लिए यहां पहुंच गए है। ए नेता राहुल गांधी की सार्वजनिक सभा मे शाम को शामिल होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी इस रैली में शामिल होंगे। रमेश ने कहा कि पवार जब अस्पताल में थे तो राहुल गांधी ने उनसे बातचीत की थी। कांग्रेस नेता ने कहा, पवार ने यात्रा मे शामिल होने के लिए अपनी सहमति जताई थी, आराम करने की चिकित्सकों की सलाह के कारण वह यात्रा मे भाग नही लेंगे। शिवसेना नेता और पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे शुक्रवार को इस यात्रा मे शामिल होंगे।

### असम-मेघालय सीमा वार्ता का दूसरा चरण नवंबर अंत तक शुरू होने की संभावना : संगमा

**शिलांग ।** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने कहा कि सीमा विवाद हल करने के लिए असम के साथ दूसरे दौर की बातचीत इस महीने के अंत तक शुरू होने की संभावना है। असम और मेघालय ने अंतर-राज्ईय सीमा के 12 विवादित क्षेत्रों की पहचान की है। पहले चरण में दोनों पूर्वोत्तर राज्यो ने छह इलाको मे मतभेदो को हल किया तथा मार्च मे एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। संगमा ने बुधवार को मंत्रिमंडल की एक बैठक के बाद पत्रकारों से कहा, नवंबर में हमें आधिकारिक बातचीत (छह बाकी के इलाकों के लिए) करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बाकी के छह इलाको के लिए काम शुरू हो गया है और इस मुद्दे पर गठित की गई विभिन्न समितियां समन्वय कर रही है। उन्होने कहा, हमें सभी क्षेत्रीय समितियो के साथ पहले दौर की बैठक कर लेनी चाहिए और उम्मीद है कि हम इस महीने दूसरे दौर की बातचीत भी शुरू कर पाएंगे। संगमा ने कहा कि उन्होने हाल मे असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से बात की थी। दोनो राज्य उत्तर पूर्वी ओलंपिक खेल खत्म होने के बाद वार्ता कर पाएंगे। इस बीच, मंत्रिमंडल ने बुधवार को अपनी बैठक में गेमिंग एक्ट 2021 को निरस्त करने को मंजूरी दे दी, जिसका मकसद राज्य में गेमिंग पार्लर तथा कैसिनो को बढ़ावा देना है।

### सबरीमाला शराब और मादक पदार्थ मुक्त क्षेत्र घोषित

**पठानमथिट्टा (केरल)।** केरल सरकार ने बृहस्पतिवार को सबरीमाला में भगवान अयप्पा मंदिर के परिसर और उसके आसपास के इलाकों को शराब और मादक पदार्थों से मुक्त क्षेत्र घोषित कर दिया। राज्य सरकार की ओर से यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब दो महीने तक चलने वाला मंडलम-मकरविलक्कू वार्षिक उत्सव कुछ ही दिनो में शुरू होने वाला है। मंडलम-मकरविलक्कू वार्षिक उत्सव में देश और दुनिया भर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर में आते हैं। यह उत्सव 17 नवंबर से शुरू होगा और 15 जनवरी 2023 तक चलेगा। आधिकारिक सूत्रों ने यहां कहा कि सन्निधानम (मंदिर परिसर) के अलावा, पंबा, त्रिवेणी, मराकुट्टम, सबरी पीडम और इसी तरह, यहां के रानी तालुक के पेरिनाडु और कोल्लमुला गांवों के कई इलाकों को शराब और मादक पदार्थों से मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक इन क्षेत्रों में 14 नवंबर से 22 जनवरी 2023 तक शराब, मादक पदार्थों और तंबाकू उत्पादों के सेवन और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया गया है।

### राजग ने देवरी स्वायत्त परिषद चुनाव में 22 में 12 सीट जीतीं

**गुवाहाटी ।** असम में देवरी स्वायत्त परिषद के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 22 में से 12 सीट जीती है। एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई। असम राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी एक बयान के अनुसार भाजपा ने 11 सीट जीती जबकि उसकी सहयोगी असम गण परिषद ने एक सीट जीती। आयोग का कहना है कि आज मतगणना पूरी होने के बाद सामने आए चुनाव परिणाम के हिसाब से विपक्षी कांग्रेस ने दो सीट जीती जबकि निर्दलीय प्रत्याशी आठ सीटों पर विजई रहे। परिषद के लिए मंगलवार को चुनाव हुआ था जिसमें 43,595 मतदाताओं में से अनुमानतः 80 फीसद ने वोट डाला था। ए 22 निर्वाचन क्षेत्र छह जिलो तथा अन्य जिलो के चार उपसंभागो में फैले है। चुनाव परिणाम पर मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने ट्वीट किया, देवरी स्वायत्त परिषद के चुनाव में असम भाजपा एवं सहयोगी की शानदार जीत आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चल रही हमारी सरकार के प्रति लोकप्रिय जनविश्वास पर फिर मुहर लगाती है।

## कुपवाड़ा में आतंकवाद के वित्तपोषण और भर्ती मॉड्यूल का भंडाफोड़

### ● छह लोग गिरफ्तार
### ● हथियार बरामद

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के कुपवाड़ा जिले में आतंकवाद के वित्तपोषण और भर्ती मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।कुपवाड़ा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) युगल मन्हास ने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

एसएसपी ने इस सिलसिले में छह आरोपियों की गिरफ्तारी को घाटी में आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ी सफलता बताया है।उन्होंने कहा, कुपवाड़ा पुलिस ने सेना की 21 राष्ट्रीय राइफल्स और 47 राष्ट्रीय राइफल्स की मदद से उत्तरी कश्मीर में चल रही आतंकी फंडिंग और भर्ती मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। उन्होंने कहा कि जिले के चीरकोट इलाके के




रहने वाले बिलाल अहमद डार के बारे में कई सूचनाएं मिलने के बाद सेना और पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए एक संयुक्त अभियान शुरू किया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बिलाल अहमद डार ने गहन पूछताछ के बाद खुलासा किया कि वह उत्तरी कश्मीर के विभिन्न हिस्सों के पांच अन्य लोगों के साथ इस्लाही फलाही रिलीफ ट्रस्ट (आईएफआरटी) नामक एक फर्जी गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) की आड़ में आतंकी फंडिंग करने वाला गिरोह चला रहा था, जिसने गरीबों और जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने का दावा किया था। एसएसपी युगल मन्हास ने कहा, बिलाल अहमद डार सक्रिय रूप से आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन राशि के समन्वय में शामिल था और विभिन्न गांवों में गुप्त बैठकें आयोजित करके भर्ती में सहायता करता था जहां वे युवाओं को आतंकवादी गतिविधियों में शामिल करने का प्रयास करते थे। एसएसपी ने कहा कि डार के खुलासे के बाद इस सिलसिले में पांच अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए पांच अन्य लोगों की पहचान लंगाटे के वाहिद अहमद भट, बारामूला के सिंगपोरा निवासी जावेद अहमद नजर, सोपोर निवासी मुश्ताक अहमद नजर, सोपोर के मुंडजी क्षेत्र के बशीर अहमद मीर और चीरकोट के जुबैर अहमद डार के रूप में की गई है। एसएसपी ने कहा कि उत्तरी कश्मीर में तहरीक-ए-उल मुजाहिद्दीन जम्मू-कश्मीर (टीयूएमजेके) के संचालन में सहायता के लिए पाकिस्तान स्थित हैंडलर द्वारा मॉड्यूल का समन्वय किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि समूह के तौर-तरीकों में विभिन्न गांवों में जाना और एनजीओ की आड़ में कार्यक्रम और सभाएं आयोजित करना था तथा अपने लक्ष्यों के लिए दान मांगकर धन राशि एकत्र करने के अलावा युवाओं को आतंकवादियों के रूप में भर्ती करना था।

### जम्मू कश्मीर पुलिस एसआई भर्ती घोटाले के सिलसिले में सीबीआई ने सात और लोगों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली ( भाषा )।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू कश्मीर पुलिस में उप-निरीक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में कथित हेरफेर के सिलसिले में कुछ पुलिस कर्मियों समेत सात और लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जम्मू में इन संदिग्धों से पूछताछ के बाद इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। सीबीआई ने भर्ती घोटाले के सिलसिले में मंगलवार को जम्मू, पठानकोट, रेवाड़ी और करनाल में सात जगहों पर तलाशी ली थी। सीबीआई ने जम्मू कश्मीर सरकार की सिफारिश पर तीन अगस्त को मामले में जांच अपने हाथ में ली थी। उसने इससे पहले मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया था। यह मामला जम्मू कश्मीर सेवा चयन बोर्ड द्वारा आयोजित एक परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने से संबंधित है जिसके माध्यम से उप-निरीक्षकों के ।,200 पदों को भरा जाना था।

# पुतिन जी-20 शिखर सम्मेलन में नहीं लेंगे हिस्सा

एपी। जकार्ता

**रूस के** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन युद्ध पर अमेरिका और उसके सहयोगियों के साथ संभावित टकराव से बचने के लिए इंडोनेशिया में अगले सप्ताह होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेंगे। इंडोनेशियाई सरकार के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग सहित कई वैश्विक नेता 15 नवंबर से इंडोनेशिया की राजधानी बाली में शुरू हो रहे दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगे। रूस द्वारा इस साल फरवरी अंत में यूक्रेन पर हमला करने के बाद पहली बार बाइडन और पुतिन किसी विश्व मंच पर साथ आने वाले थे। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो इस साल जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे हैं। जी-20 के चीफ ऑफ सपोर्ट लुहुत बिनसर पंडजैतन ने सुरक्षा अधिकारियों से मिलने के बाद देनपसार में पत्रकारों से कहा, आधिकारिक तौर पर इसकी जानकारी दी गई है कि रूस के राष्ट्रपति



व्लादिमीर पुतिन जी-20 शिखर सम्मेलन में शिरकत नहीं करेंग और उच्च स्तरीय अधिकारी प्रतिनिधित्व करेंगे। पुतिन ने पहले ही राष्ट्रपति जोको विडोडो को फोन पर इस फैसले के बाबत जानकारी दे दी थी। पंडजैतन ने कहा, रूस का यह फैसला हम सभी के लिए सही और हमारे हित में है। उन्होंने पहले बताया था कि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। पंडजैतन को पुतिन के यह फैसला करने के पीछे की वजह के बारे में कोई जानकारी नहीं है, हालांकि उन्होंने कहा, शायद राष्ट्रपति पुतिन को अपने देश में कुछ काम होगा और हमें भी इसका सम्मान करना चाहिए। पंडजैतन ने कहा कि शायद इसी वजह से ही यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भी अपने देश में रहने का फैसला किया है। विडोडो इस साल की शुरुआत में यूक्रेन की राजधानी कीव तथा रूस की राजधानी मॉस्को गए थे और दोनों नेताओं को शांति बहाल करने के लिए बाली में मुलाकात करने के लिए मनाने की कोशिश की थी। अभी जी20 की अध्यक्षता इंडोनेशिया कर रहा है और उसके बाद भारत इसे संभालेगा। जी-20 दक्षिण पूर्व एशिया में इस सप्ताह और उसके बाद होने वाले तीन शिखर सम्मेलनों में सबसे बड़ा है। दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) सम्मेलन बृहस्पतिवार को कंबोडिया के नोम पेन्ह में शुरू हुआ।

जी-20 शिखर सम्मेलन इंडोनेशिया की राजधानी बाली और एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन (एपीईसी) थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन आसियान और जी-20 शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगे, जबकि अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस एपीईसी में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। बाइडन के बाली में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात करने की भी संभावना है। इससे पहले बाइडन ने जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर पुतिन के साथ बैठक करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा था कि वह रूसी नेता से केवल रूस में बंद अमेरिकियों की रिहाई पर ही चर्चा कर सकते हैं। बाइडन प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि पुतिन के ऑनलाइन माध्यम से शिखर सम्मेलन में शामिल होने पर वे विश्व नेताओं से उन्हें अलग-थलग करने का आह्वान करेंगे।

## ब्रिटेन में सैन्यकर्मियों के लिए 100 साल से अधिक समय बाद सिख प्रार्थना पुस्तकें जारी

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन में सैन्यकर्मियों** के लिए 100 साल से अधिक समय बाद पहली बार सिखों की दैनिक प्रार्थना पुस्तकें नितनेम गुटका जारी की गई हैं। बृहस्पतिवार को एक खबर में यह जानकारी दी गई है। रक्षा मंत्रालय ने इस कदम को सिखों की आस्था और विश्वास को प्रत्यक्ष समर्थन के रूप में बताया। बीबीसी की खबर के अनुसार, लंदन में एक समारोह में यूके डिफेंस सिख नेटवर्क द्वारा प्रार्थना पुस्तकें जारी की गईं। मेजर दलजिंदर सिंह विरदी ब्रिटिश सेना में हैं और वह किताबों की वापसी के लिए दो साल तक प्रचार कर चुके हैं। बीबीसी ने विरदी के हवाले से खबर में कहा, सेना कई सालों से ईसाई धार्मिक ग्रंथ उपलब्ध करा रही है और मैंने वहां सिख ग्रंथ प्रदान करने के लिए एक अवसर को देखा। नितनेम गुटका को विल्टशायर में छापा गया है और सिख धर्मग्रंथों के लिए निर्मित वाहन में सिंहासन पर रखा गया था। खबर के अनुसार सैन्य जीवन की मुश्किलों का सामना करने के लिए प्रार्थना पुस्तकों को तीन भाषाओं में मुद्रित किया गया है।

### अफगानिस्तान में महिलाओं के जिम जाने पर प्रतिबंधः अधिकारी

**काबुल।** अफगानिस्तान में महिलाओं के जिम जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। तालिबान के एक साल से अधिक समय पहले सत्ता संभालने के बाद से महिलाओं के अधिकारों और स्वतंत्रता पर नकेल कसने का यह नवीनतम फरमान है। तालिबान पिछले साल अगस्त 2021 में सत्ता पर काबिज हुआ था। उन्होंने देश में माध्यमिक और उच्चतर विद्यालय जाने पर लड़कियों पर प्रतिबंध लगा दिया है, महिलाओं को रोजगार के ज्यादातर क्षेत्रों में प्रतिबंधित कर दिया है और महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर सिर से लेकर पैर तक बुर्के में ढके रहने का आदेश दिया था। धार्मिक मामलों के मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि प्रतिबंध लगाया जा रहा है क्योंकि लोग आदेशों की अनदेखी कर रहे थे और महिलाओं ने हिजाब पहनने संबंधी नियमों का पालन नहीं किया। महिलाओं के पार्क में जाने पर भी पाबंदी है।

## पंजाब के मुख्यमंत्री की नियुक्ति को लेकर मतभेद के बाद जनरल बाजवा से संबंध बिगड़ेः इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री की नियुक्ति को लेकर मतभेद के बाद सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा के साथ उनके संबंध खराब हुए थे। बृहस्पतिवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। क्रिकेट की दुनिया से राजनीति में आए खान (70) पर पिछले हफ्ते घातक हमला किया गया था जिसमें वह घायल हो गए थे और अब वह स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। खान ने मंगलवार को अपना मार्च फिर शुरू करने की घोषणा की थी लेकिन बाद में उनकी पार्टी, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने फैसला बदल दिया और बृहस्पतिवार को रैली पुनः शुरु करने की घोषणा की थी। खान ने डॉन समाचारपत्र को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मेरा हमेशा मानना था कि सेना इतनी शक्तिशाली और संगठित है, जब मैं देश में कानून का शासन लाने की कोशिश करूंगा, तो वे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह पूछे जाने पर कि उनके और पाकिस्तान की शक्तिशाली सेना के संबंध कब खराब होने लगे, खान ने कहा कि जिन लोगों पर उन्होंने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था, उन्हें दोषी ठहराने में उनकी सरकार की विफलता इसका पहला संकेत था। उन्होंने कहा कि दूसरा संकेत पंजाब के मुख्यमंत्री को लेकर था।

## यूक्रेन ने शांति समझौता करके दक्षिण पूर्व एशियाई देशों से संबंध मजबूत किए

**नोम पेन्ह (कंबोडिया)।** यूक्रेन ने बृहस्पतिवार को दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ एक शांति समझौते पर दस्तखत किए। यह बहुत हद तक एक प्रतीकात्मक कदम है जो ऐसे में आया है जब रूस को अलग-थलग करने के लिए यूक्रेन अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने की जुगत में है। नोम पेन्ह में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान) के वार्षिक सम्मेलन के दौरान यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलबेला ने दक्षिण पूर्व एशिया में मित्रता और सहयोग पर संधि (टीएसी) पर हस्ताक्षर किए। आसियान सम्मेलन के बाद बाली में जी-20 का सम्मेलन और बैंकॉक में एपीईसी आर्थिक मंच की बैठक होगी। ए सम्मेलन ऐसे समय में हो रहे हैं जब रूस यूक्रेन पर हमले के बाद पश्चिमी पाबंदियों से बचने के लिए अपने ऊर्जा उत्पादों के लिए नए बाजार तलाश रहा है। आसियान देशों के समूह ने रूस के हमले को लेकर अपना कोई स्पष्ट रुख व्यक्त नहीं किया है। उन्होंने युद्ध की निंदा की है, लेकिन सामान्य रूप से किसी को जिम्मेदार ठहराने से बचने का प्रयास किया है। आसियान के 10 सदस्य देशों में से आठ ने रूस के हमले की निंदा करने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, वहीं वियतनाम और लाओस ने मतदान में भाग नहीं लिया।

## दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति क्लार्क का नोबेल शांति पुरस्कार पदक चोरी

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति एफ. डब्ल्यू. डी. क्लार्क का नोबेल शांति पुरस्कार पदक केप टाउन स्थित उनके घर से चोरी हो गया है। उनके फाउंडेशन ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। राष्ट्रपति क्लार्क को 1993 में नेल्सन मंडेला के साथ संयुक्त रूप से यह पुरस्कार दिया गया था। मंडेला 27 साल जेल की सजा काटने के बाद 1994 में देश के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बने थे। दक्षिण अफ्रीकी मीडिया की खबरों के अनुसार, अप्रैल में क्लॉर्क के घर से पदक की चोरी हुई। वहां के एक पूर्व कर्मचारी पर चोरी का आरोप है। कुछ गहने और अन्य चीजें भी उनके घर से चोरी हुई थीं। क्लार्क जीवनभर दक्षिण अफ्रीका में एक विवादास्पद शख्स के रूप में चर्चा में बने रहे। अपनी कई टिप्पणियों के लिए उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा था कि रंगभेद मानवता के खिलाफ अपराध नहीं है। हालांकि निधन से पहले उन्होंने सार्वजनिक तौर पर माफी मांगी थी।

PUBLIC NOTICE
Be it known to all public that my clients Shree Ombir Singh S/o. Pyarelal and his wife Smt. Tulsi, both R/o. House No, A-2 102 JJ colony Madanpur Khadar , Delhi-110065 have disowned their son namely Sandeep Kumar and debarred him from inheriting their any movable and immovable properties and also severed all their relationship with him with immediate effect and my above said client has no relation with him in the future, any one dealing with him shall do so at his own risk and consequences.
Suvrat Singh Tomar
Advocate

## ट्रंप को आगामी राष्ट्रपति चुनाव की दावेदारी को लेकर घोषणा टालने की सलाह

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद के आगामी चुनाव के लिए रिपब्लिकन की तरफ से उम्मीदवारी की तैयारी कर रहे हैं और ऐसे में मंगलवार को आए मध्यावधि चुनाव के बाद उनके इस संबंध में फैसले को टालने की मांग उठ रही हैं। रिपब्लिकन पार्टी के लिए मंगलवार रात आए निराशाजनक परिणाम ट्रंप की अपील और पार्टी के भविष्य को लेकर नए सवाल खड़े कर रहे हैं। ट्रंप के कुछ सहयोगी उनकी अगले सप्ताह प्रस्तावित घोषणा को टालने की सलाह दे रहे हैं और कह रहे हैं कि पार्टी का पूरा ध्यान जॉर्जिया पर होना चाहिए जहां ट्रंप समर्थित पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी हरशेल वॉकर का प्रयास डेमोक्रेटिक सीनेटर राफेल वारनॉक को हराने का है।

# अमेरिका की जनता ने एक बार फिर साबित किया, हम कौन हैं : बाइडन

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि मतदान के जरिए अमेरिका की जनता ने एक बार फिर साबित कर दिए कि हम कौन हैं। बाइडन ने उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी के मध्यावधि चुनाव में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करने के बाद यह बयान दिया। रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी 100 सदस्य-अमेरिकी सीनेट में 48-48 सीट पर है, जबकि प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेटिक पार्टी की 183 सीट के मुकाबले रिपब्लिकन पार्टी 207 सीट के साथ आगे है। रिपब्लिकन पार्टी के 218 का आंकड़ा पार करने की उम्मीद है, लेकिन मध्यावधि चुनाव में जीत हासिल करने के लिए 250 सीट पाने की उम्मीद बहुत कम है। कई दशकों में किसी भी मौजूदा राष्ट्रपति का मध्यावधि चुनाव में यह बेहतरीन प्रदर्शन है। बाइडन ने व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह अपनी नीतियों पर कायम रहेंगे जो अभी तक कामयाब साबित हुई है।

उन्होंने कहा, अभी तक पूरे परिणाम नहीं आए हैं... मीडिया व विशेषज्ञ रिपब्लिकन के बेहतरीन प्रदर्शन का पूर्वानुमान लगा रहे थे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मुझे पता है कि आप मेरे निरंतर आशावादी रवैए से कुछ नाराज थे, लेकिन मैं इस पूरी प्रक्रिया के दौरान खुश था। मुझे लगता है कि हम अच्छा करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, किसी भी सीट पर हार दुखद है, कई अच्छे डेमोक्रेटिक उम्मीदवार नहीं जीते... हालांकि पिछले 40 साल में किसी भी डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति के शासनकाल की तुलना में प्रतिनिधि सभा में हम कम सीट हारे.. आखिरी बार 1986 में मध्यावधि चुनाव में हमारा प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा था। अमेरिकी संसद भवन (कैपिटल हिल) में छह जनवरी को हुए हमले पर बाइडन ने कहा कि गृहयुद्ध के बाद से ऐसा कभी कुछ नहीं हुआ। गौरतलब है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तीन नवंबर 2020 को हुए राष्ट्रपति चुनाव में हार स्वीकार नहीं की थी और उन्होंने चुनाव में धोखाधड़ी के आरोप लगाए थे। ट्रंप के इन आरोपों के बीच उनके समर्थकों ने छह जनवरी को संसद भवन परिसर में कथित तौर पर हिंसा की थी। बाइडन ने कहा, गृहयुद्ध के बाद से ऐसा कभी कुछ नहीं हुआ।



### चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहते हैं, संघर्ष नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि वह चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहते है, संघर्ष नही। इस महीने के अंत में इंडोनेशिया की राजधानी बाली मे जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर बाइडन के अपने चीनी समकक्ष शी चिनफिंग से मुलाकात करने की संभावना है। बाइडन ने बुधवार को पत्रकारो से कहा कि बैठक मे राष्ट्रीय हितो और रेड लाइन पर चर्चा होने की उम्मीद है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक सवाल के जवाब में कहा, मैने उनसे कई बार मुलाकात की है और कहा है कि मै प्रतिस्पर्धा चाहता हूं, न की संघर्ष। इसलिए बातचीत के दौरान मै इसपर चर्चा करना चाहूंगा कि हमारी रेड लाइन (सीमाएं) क्या है। इस बात को समझेंगे कि वह चीन के राष्ट्रीय हित के लिए किसे महत्वपूर्ण मानते है। मेरी अमेरिका के महत्वपूर्ण हितो के बारे मे क्या राय है..साथ ही यह सुनिश्चित करेंगे कि उनका (हितो का) एक-दूसरे के साथ कोई टकराव ना हो। बाइडन ने कहा, मुझे उम्मीद है कि हम निष्पक्ष व्यापार और क्षेत्र के अन्य देशो के साथ संबंधो सहित कई मुद्दो पर बात करेंगे। बाइडन ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि उन्हे नही लगता कि चीन, रूस या उसके राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का बहुत अधिक सम्मान करता है। उन्होने कहा, मुझे नही लगता कि वह एक-दूसरे को एक विशेष गठबंधन के तौर पर देख रहे है। सच तो यह है कि वे थोड़ी दूरी बनाए हुए है। मुझे लगता है कि अभी यह देखना बाकी है कि शी चिनफिंग क्या फैसला करते है... क्या वे अपने शुरुआती फैसले का समर्थन करते है या वह चाहते है कि विश्व मे चीन की सेना सबसे विशाल और अर्थव्यवस्था सबसे मजबूत हो। उन्होंने कहा, उन्हे अभी लंबा सफर तय करना है। बाइडन ने कहा कि परमाणु हथियार और उससे जुड़े विषयो पर भी चर्चा होगी।

# चालू वित्त वर्ष में राज्यों का कर्ज जीएसडीपी के 30-31 प्रतिशत पर रहेगा : रिपोर्ट




भाषा। मुंबई

**राज्यों का** कर्ज चालू वित्त वर्ष में उनके सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के मुकाबले 30-31 प्रतिशत के ऊंचे स्तर पर रहेगा। क्रिसिल द्वारा बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि राजस्व में मामूली वृद्धि और अपने साधनों से अत्यधिक कर्ज लेने के कारण राज्यों का कर्ज उच्चस्तर पर रहेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि जीएसडीपी के मुकाबले राज्यों का कुल कर्ज चालू वित्त वर्ष में 30-31 प्रतिशत तक रहने की संभावना है। यह आंकड़ा 2021-22 में 31.5 प्रतिशत था। क्रिसिल ने कहा कि वित्त वर्ष 2016-20 के दौरान 25 से 30 प्रतिशत की सीमा में रहने के बाद राज्यों का कर्ज वित्त वर्ष 2020-21 में 34 प्रतिशत के स्तर को पार कर गया था। इसके बाद वित्त वर्ष 2021-22 में यह 31.5 प्रतिशत पर आ गया। रिपोर्ट में कहा गया कि मामूली राजस्व वृद्धि के साथ उच्च पूंजीगत व्यय के चलते राज्यों की कर्ज जरूरतें बनी हुई हैं। हालांकि, राज्यों को एक लाख करोड़ रुपए की विशेष सहायता देने के केंद्र के फैसले से कुछ राहत मिल सकती है। यह सहायता अवसंरचना और डिस्कॉम (बिजली वितरण कंपनियों) सुधार पर खर्च के लिए दी जाएगी। क्रिसिल ने कहा कि उसका अनुमान 18 शीर्ष राज्यों के अध्ययन पर आधारित हैं। इन राज्यों में महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और केरल शामिल हैं।

### सौर ऊर्जा की मदद से भारत ने जनवरी से जून तक ईंधन लागत में चार अरब डॉलर की बचत कीः रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

**भारत ने 2022** की पहली छमाही में सौर उत्पादन के जरिए ईंधन लागत में 4.2 अरब डॉलर और 1.94 करोड़ टन कोयले की बचत की। बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। इतने कोयले की बचत नहीं होने की स्थिति में पहले से दबाव में चल रही घरेलू आपूर्ति पर भार और बढ़ जाता। ऊर्जा क्षेत्र के थिंक टैंक एम्बर, सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर और इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस की रिपोर्ट में पिछले दशक में सौर ऊर्जा के विकास का विश्लेषण किया गया और पाया कि सौर क्षमता वाली शीर्ष दस अर्थव्यवस्थाओं में से पांच भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और वियतनाम एशिया में स्थित हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सात प्रमुख एशियाई देशों – भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, फिलीपीन और थाईलैंड में सौर उत्पादन के बूते जनवरी से जून 2022 तक लगभग 34 अरब डॉलर की संभावित जीवाश्म ईंधन लागत बची है। यह इस अवधि के दौरान कुल जीवाश्म ईंधन लागत के नौ प्रतिशत के बराबर है। रिपोर्ट में कहा गया, भारत में, सौर उत्पादन से वर्ष की पहली छमाही में ईंधन लागत में 4.2 अरब डॉलर की तथा 1.94 करोड़ टन कोयले की बचत हुई।

## रुपए में कमजोरी से भारतीय कंपनियों की लाभप्रदता बढ़ीः एसएंडपी

भाषा। नई दिल्ली

**एसएंडपी ग्लोबल** रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसकी रेटिंग वाली भारतीय कंपनियों में से करीब आधी की मूल लाभप्रदता रुपए के मूल्य में गिरावट की वजह से बढ़ी है।अमेरिका की रेटिंग एजेंसी ने एक रिपोर्ट में कहा, वे भारतीय कंपनियां जिनकी हम रेटिंग करते हैं उनमें से ज्यादातर के राजस्व का बड़ा हिस्सा अमेरिकी डॉलर से जुड़ा हुआ है इसलिए रुपए में गिरावट का इसपर असर नहीं पड़ा। इन कंपनियों में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र, धातु और रसायन क्षेत्र की कंपनियां शामिल हैं। भारतीय मुद्रा के कमजोर होने से इनमें से आधी कंपनियों कर पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) बढ़ी है। एसएंडपी ने कहा कि दूरसंचार जैसे घरेलू मांग से संबंधित क्षेत्र भी रुपए में गिरावट से अधिक प्रभावित नहीं हुए और इसकी वजह वित्तीय हानि से बचाव का उनका बंदोबस्त है। वहीं अपनी सेवाओं का डॉलर आधारित निर्यात करने वाली सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां जैसे कि विप्रो, इन्फोसिस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज जिनकी लागत रुपए में आती है वे विशेषतौर पर लाभ में हैं। इसमें कहा गया, वेदांता रिसोर्सेज जैसी स्थानीय धातु कंपनियों की कमाई भी बढ़ी है। कंपनी का अनुमान है कि जब-जब भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक रुपए गिरेगा, उसका सालाना ईबीआईटीडीए करीब पांच करोड़ डॉलर बढ़ जाएगा। भारतीय कॉरपोरेट जगत में अवसंरचना क्षेत्र की कंपनियों विशेषकर उच्च पूंजीगत व्यय वाली नवीकरणीय क्षेत्र की कंपनियों को मुद्रा में उतार-चढ़ाव से अधिक जोखिम है क्योंकि डॉलर में कर्ज पर इनकी निर्भरता अधिक होती है। एशिया प्रशांत मजबूत डॉलर की समस्याः आज की असुविधा, कल का सिरदर्द शीर्षक की रिपोर्ट में एसएंडपी ने कहा कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में ब्याज दरों में तेजी से बढ़ोतरी होगी।

PUBLIC NOTICE
It is to inform to the public at large that of **Mr. Gunjan Kumar** who is purchasing the **RESIDENTIAL PLOT AREA MEASURING 100 SQ. YARDS, OUT OF KHASRA NO. 104 MIN, SITUATED IN VILLAGE: SALARPUR KHURD, PARGANA & TEHSIL: DADRI, DISTRICT: GAUTAM BUDH NAGAR, UTTAR PRADESH** from **Mr. Mohammad Hamid Raja** S/o. Mr. Mohammad Farooque who had owner through Notarized General Power of Attorney dated 08.02.2017 along with ATS & Will and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/ interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.
Lucem Legal LLP
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP-201301; Contact # 0120-4269379

PUBLIC NOTICE
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1) SWRJ_MAZDA_SM_SAMRAT
REG. NO. DL1MA5565
YOM 2020
2) TATAMOTORS_TATALPT810
REG. NO. UP16ET2242
YOM 2017
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : ABHINAV SIR/GUNJAN SINGH
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 7798988481/8510032426
EMAIL-abhinav.lal@kotak.com/
Gunjan.singh1@kotak.com

क्यूबिकल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : 456, अग्रवाल मेट्रो हाइट, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, दिल्ली-110034
सीआईएन-एल65993डीएल1990पीएलसी040101
वेबसाइट : www.cubical90.com ई-मेल : cubfinser@yahoo.com
30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु
अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण
(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30.09.2022 (अ-लेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30.09.2021 (अ-लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2022 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 15.42 | 152.67 | 216.36 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले | 10.83 | 31.42 | 81.73 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात | 9.38 | 23.9 | 67.53 |
| 4 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1303.4 | 1303.4 | 1303.40 |
| 5 | संचेय, पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर | - | - | 82.49 |
| 6 | प्रति शेयर अर्जन (ईपीएस) (रू. 2/- प्रत्येक का) | | | |
| | मूल | 0.01 | 0.04 | 0.1 |
| | तनुकृत | 0.01 | 0.04 | 0.1 |

नोट :-
उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बॉम्बे स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.cubical90.com पर उपलब्ध है।
निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
वास्ते क्यूबिकल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड
अश्वनी कुमार गुप्ता
प्रबंध निदेशक
डीआईएन - 00348616
दिनांकित : 10 नवम्बर, 2022
स्थान : दिल्ली

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Nabil Ahmed S/o. Kafil Ahmed, Resident of C-273/8, Shaheen Bagh, Abul Fazal Enclave-II, Jamia Nagar, New Delhi-110025 have declared that my name by mistake mentioned in my daughter's (Ayesha Parveen & Adeeba Parveen) school records as Md Nabil Ahmad instead of Nabil Ahmed.
PD(90191)A

I, Humera Begam Qamar W/o Khalid Qamar R/o H.No. 6864, Gali Beech Wali, Ahata Kidara, Sadar Bazar, Delhi- 110006, hereby declare that I have changed my name Humera Begam Qamar to Humera Qamar for all Purpose.
PD(90192)A
11-4wx11h-cla

## जापान का निवेश बढ़ाने के लिए एनआईआईएफ, जेबीआईसी में समझौता

भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** निवेश एवं अवसंरचना कोष (एनआईआईएफ) ने भारत में जापान के निवेश को बढ़ाने के लिए जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जेबीआईसी) के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। एक बयान में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। यह समझौता ज्ञापन एनआईआईएफ तथा जेबीआईसी के बीच साझेदारी की रूपरेखा बताता है। भारत-जापान द्विपक्षीय कोष की स्थापना पर भी विचार किया जा रहा है। जेबीआईसी और केंद्र सरकार इस कोष में निवेश करेंगे और यह कोष पर्यावरण संरक्षण तथा कम कार्बन उत्सर्जन की रणनीतियों में इक्विटी निवेश करेगा। आईजेएफ भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कारोबारी सहयोग को बढ़ावा देने तथा जापान और भारत की कंपनियों के बीच रणनीतिक साझेदारी में निवेश करके दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने का काम करेगा।

# दूसरे दिन भी सेंसेक्स 420 अंक टूटा 61,000 अंक से नीचे फिसला

भाषा। मुंबई

**घरेलू शेयर** बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 420 अंक लुढ़ककर 61,000 अंक के नीचे बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर बिकवाली दबाव के बीच वाहन, वित्त और ऊर्जा कंपनियों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। कारोबारियों के अनुसार, डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट से भी धारणा पर असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 419.85 अंक यानी 0.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,613.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स ऊंचे में 60,848.73 तक गया और नीचे में 60,425.47 अंक तक आया। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 128.80 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,028.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 3.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ सर्वाधिक नुकसान में एक्सिस बैंक रहा। इसके अलावा बजाज फिनसर्व, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड और मारुति भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी लि., भारती एयरटेल, कोटक बैंक, डॉ. रेड्डीज और एचयूएल 1.13 प्रतिशत तक लाभ में रहे। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 24 नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में नरम रुख को देखते हुए घरेलू बाजार में निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। वाहन और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी बिकवाली रही। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के निवेशकों को अमेरिका में खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों की प्रतीक्षा है। ऐसी संभावना है कि महंगाई बढ़ने की रफ्तार धीमी होगी। इसका सकारात्मक असर होगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, यह अब नया चलन है कि जब वैश्विक बाजारों में दबाव होता है, तो बाजार नीचे आता है...प्रतिभागियों को ऐसे समय का उपयोग अच्छे शेयरों में गिरावट पर लिवाली के लिए करना चाहिए।




## दो साल में पकड़ी 55,575 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी, 719 लोग गिरफ्तार

भाषा। नई दिल्ली

**जीएसटी** अधिकारियों ने बीते दो साल में 55,575 करोड़ रुपए की कर चोरी पकड़ है और इन मामलों में 700 से अधिक लोगों को सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। माल एवं सेवा कर आसूचना महानिदेशालय के अधिकारियों ने 22,300 से अधिक फर्जी जीएसटी पहचान संख्या (जीएसटीआईएन) का पता लगाया। वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति किए बिना और फर्जी बिल जारी करके इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लेने और इस तरह जीएसटी चोरी करने वालों के खिलाफ सरकार ने नौ नवंबर 2020 को राष्ट्रव्यापी विशेष अभियान चलाया था। इस विशेष अभियान को दो वर्ष हुए हैं और इस दौरान 55,575 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का पता चला।

कार्यालय-उत्तराखण्ड राज्य सहकारी संघ लि०, देहरादून
8191801907
निविदा सूचना
मा० सांसद लोक सभा क्षेत्र पौड़ी गढ़वाल के जनपद के विद्यालय/महाविद्यालय में राष्ट्र भाषा हिंदी के प्रचार प्रसार हेतु पुस्तकों के क्रय करने हेतु निविदा पत्र।
उत्तराखण्ड राज्य सहकारी संघ लि०, देहरादून द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत लोक सभा क्षेत्र पौड़ी गढ़वाल द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए जनपद के उ०प्रा०वि०/प्रा०वि०/म०वि० में राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार, हिंदी साहित्य को बढ़ावा एवं विकास देने वाली अनुशंसित पुस्तकों की मिनी लाइब्रेरी हेतु पुस्तक क्रय करने हेतु प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर "निविदा" मांगी जा रही है, जिसके लिए सभी प्रतिभागियों (प्रकाशक/मुद्रक/वितरक) को प्रार्थना पत्र के साथ Rs 500/- (GST सहित) शुल्क का भुगतान किया जाना होगा। उक्त निविदा को संघ के मुख्यालय से नगद भुगतान कर दिनांक 11/11/2022 से 25/11/2022 तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक प्रतिभागी पूर्ण रूप से भरा प्रार्थना पत्र को मांगे गए सभी प्रपत्र एवं शुल्क इत्यादी के साथ संघ के मुख्यालय, देहरादून में डाक/ कोरियर एवं हाथो हाथ के माध्यम से नियत तिथि से पूर्व जमा करना होगा निविदा से सम्बंधित समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में ही निहित है। किसी भी एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा
प्रबन्ध निदेशक

# साइकिल सवार छात्रा की डंपर से कुचलकर मौत, जाम-पथराव

भाषा। फिरोजाबाद

**जिले** के चनौरा गांव के निकट साइकिल पर सवार होकर स्कूल जा रही एक छात्रा को बृहस्पतिवार को मिट्टी से भरे डंपर ने कुचल दिया, जिससे छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

आक्रोशित छात्राओं ने ग्रामीणों के साथ मिलकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया और वाहनों में तोड़फोड़ की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा कर जाम खुलवाया और छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। नगर पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि रामगढ़ थाने के नगला धनी गांव की रहने वाली 12 वर्षीय दिव्या रागी इंटर कॉलेज चनौरा में छठी की छात्रा थी, वह रोज की भांति आज सुबह साइकिल पर सवार होकर स्कूल आ रही थी तभी रास्ते में डंपर ने उसे कुचल दिया। उन्होंने बताया कि छात्रा के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। गाड़ियों पर पथराव करने वाले को चिन्हित कर आवश्यक विधिक कार्वाई की जा रही है। पथराव एवं जाम की घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। मौके पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

**महिला ग्राम प्रधान की पिटाई का वीडियो वायरलअ तीन लोग गिरफ्तार:** बलिया। जिले के फेफना थाना क्षेत्र के आराजी माफी सागरपाली गांव की महिला ग्राम प्रधान की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि आराजी माफी सागरपाली गांव की ग्राम प्रधान कलावती देवी की निर्मम पिटाई की घटना बुधवार की है और इसका वीडियो उसी दिन सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हुआ। उन्होंने बताया कि वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ लोग कलावती देवी की बुरी तरह पिटाई कर रहे हैं और अनेक लोग तमाशबीन बने हुए हैं। पुलिस उपाधीक्षक अशोक मिश्र ने आज बताया कि ग्राम प्रधान कलावती देवी की तहरीर पर बुधवार को ही चार लोगों के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की सुसंगत की धारा में नामजद मामला दर्ज कर एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि शुरूआती जांच में मामला पुरानी रंजिश का लगता है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं से इसकी छानबीन कर रही है।

**युवती का अपहरण कर उसके साथ बलात्कार के मामले में प्राथमिकी दर्ज:** बलिया। जिले के बांसडीह रोड थाना पुलिस ने 20 साल की युवती का अपहरण कर उसके साथ बलात्कार करने और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। बांसडीह रोड थाना के प्रभारी राज कपूर सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी युवती की तहरीर के आधार पर फेफना थाना क्षेत्र निवासी पप्पू राजभर (25) के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता की अपहरण, जान से मारने की धमकी देने और बलात्कार से जुड़ी धाराओं में बुधवार को नामजद मामला दर्ज किया गया। तहरीर के आधार पर उन्होंने बताया कि राजभर ने आठ सितंबर, 2022 को युवती का अपहरण किया और तीन दिनों तक उसके साथ बलात्कार किया। आरोपी ने घटना के संबंध में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि युवती को मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

## मथुरा में पांच साल की बच्ची से बलात्कार, जाम लगाया

**मथुरा।** जनपद के शहरी क्षेत्र की गोविंद नगर थाना पुलिस ने पांच साल की बच्ची के साथ कथित रूप से बलात्कार के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। घटना से नाराज पीड़िता के परिजनों सहित उसके समुदाय के लोगों ने जाम लगा दिया, जिसे खुलवाने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। थाना प्रभारी संजय कुमार पाण्डेय ने आज बताया कि पांच साल की यह बच्ची पड़ोस की दुकान से आटा लेने गई थी, उसी दौरान आरोपी छोटू उसे पकड़कर अपने घर ले गया और उसके साथ कथित रूप से बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि करीब आधे घंटे बाद जब बच्ची घर पहुंची तो उसकी हालत देखने और पूरी बात जानने के बाद परिजनों ने पुलिस ने छोटू को नामजद करते हुए तहरीर दी। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) और पॉक्सो कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जब पुलिस टीम छोटू के घर पहुंची तो मकान में ताला जड़ा मिला। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस ने बच्ची को मेडिकल जांच के लिए भेजा है और आगे की औपचारकताएं पूरी कर रही है।

# बरेली में रिंग रोड के लिए 77 लाख रुपए किए जारी

संवाददाता। बरेली



**जनपद** बरेली फ्तेहगंज पश्चिमी ऋ सरकार ने रिंग रोड के लिए सत्तर लाख रुपये किए जारी, लोक निर्माण विभाग के माध्यम इसी माह शुरू हो जाएगा निर्माण कार्य, ज्ञातव्य हो कि नेशनल हाइवे से फ्तेहगंज पश्चिमी को जाने बाली दो किमी सड़क 2015 में बनने के बाद पिछले कई वर्षों से टूटी पड़ी सड़क निर्माण को लेकर भाजपा नेता अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य समेत दर्जन भर मंत्रियो से मिलकर पिछले दो वर्ष से सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे, मगर एन एच आई और पी डब्लू डी के बीच फंसी फ्तेहगंज पश्चिमी की मात्र दो किमी की सड़क के निर्माण को लेकर खीचतान चल रही थी, जिस पर भाजपा नेता बरेली व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली में मिलकर मामले को प्रमुखता से उठाया था, केंद्रीय मंत्री गडकरी के निर्देश पर एन एच आई ने अगस्त 2021 को सड़क लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर दी, और 17 अगस्त को ही मुख्य अभियंता एम निसार के नेतृत्व में दो घण्टे में ही एस्टिमेट बनाकर शासन को भेज दिया गया, मगर धनराशि अवमुक्त कराने में एक वर्ष गुजर गया, पैसा जारी न होने पर आशीष अग्रवाल ने व्यापारी आयोग के अध्यक्ष रविकांत गर्ग के माध्यम से लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद तक धनराशि अवमुक्त कराने को कई पत्र भिजवाए, सड़क को सावन माह में लगातार शिकायते होने के बाद पेचवर्क कर कुछ दिनों की राहत जनता को दे दी गई, मगर कुछ महीनों में ही पेचवर्क उखड़ गया जिस तरह पर लगातार पैरवी कर रहे व्यापारी नेता श्री आशीष अग्रवाल ने मुख्य अभियंता एम निसार से लगातार संपर्क बनाकर पैरवी में जुटे रहे, जिसमे आज चीफ एम निसार ने कस्बे को जानी वाली सड़क के निर्माण को सत्तर लाख रुपये स्वीकृति की जानकारी दी।

**मुख्य अभियंता कार्यालय पर विद्युत संविदा कर्मचारियों का नौवें दिन भी अनशन जारी:** बरेली। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदाध् संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ के बैनर तले पूर्व नोटिस के तहत मुख्य अभियंता कार्यालय कार्टजू मार्ग बरेली पर संविदा कर्मचारी के एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के बाद नौवें दिन भी क्रमिक अनशन जारी रहा। वहीं जिला अध्यक्ष रिंकू श्रीवास्तव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ बरेली के मुख्य संरक्षक विधायक एम पी आर्य को संविदा कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया संघ के मुख्य अभियंता कार्यालय पर चल रहे क्रमिक अनशन का ज्ञापन सौंपा। विधायक एम पी आर्य ने संविदा कर्मचारियों की समस्याओं का जल्द समाधान कराने आश्वासन दिया। संघ द्वारा मुख्य अभियंता कार्यालय कार्टजू मार्ग बरेली पर रिंकू श्रीवास्तव, राहुल शर्मा, दिनेश चंद्र मौर्य, राजकुमार, विशाल श्रीवास्तव चौथे दिन क्रमिक अनशन पर बैठे। वहीं जिला अध्यक्ष रिंकू श्रीवास्तव ने बताया कि संविदा कर्मचारियों के हो रहे शोषण को रोकने के लिए संघटन हर प्रकार की लड़ाई लड़ने के लिए तत्पर प्रयासरत है हम संविदा कर्मचारियों को न्याय दिला कर इस आंदोलन को वापस लेंगे । इस दौरान तस्लीम खान, रामेश्वर दयाल, अमित, राहुल वर्मा, राजेंद्र प्रसाद सक्सेना, ,राहुल वर्मा, आदि संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संकीर्तन और भंडारा

**बरेली।** श्री राधा संकीर्तन मंडल ट्रस्ट रजिस्टर्ड के तत्वाधान मे सात दिवसीय तीर्थ यात्रा एक नवंबर 2022 बरेली से शुरू होकर कोलकाता, भुवनेश्वर, जगन्नाथ जी उड़ीसा, बनारस काशी विश्वनाथ होते हुए 8 नवंबर को समाप्त हुई जिसके निमित्त आज एक संकीर्तन और भंडारा श्री मठ तुलसी स्थल पर आयोजित किया गया। ,कार्यक्रम मे मठ के महंत नीरज नयन दास जी का सभी को सानिध्य मिला।भंडारे में लगभग 500 से अधिक श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया इसके पश्चात भंडारा का कार्यक्रम अलखनाथ गेट पर भी संपन्न हुआ। मंत्री अनुज अग्रवाल ने बताया संस्था का अगला कार्यक्रम 19 दिसम्बर से 25 दिसंबर तक बरेली शहर के विभिन्न स्थानो पर साप्ताहिकी के रूप मे मनाया जायेगा।मंत्री अनुज अग्रवाल अध्यक्ष हरीश अग्रवाल रविंद्र अग्रवाल सीए विकास अग्रवाल सुरेश अग्रवाल जी, रिशुल अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल सुधीर अग्रवाल ने इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा।

## राम गंगा में नहाते समय डूबे युवक का तीसरे दिन मिला शव, घर में कोहराम

**बरेली।** फ्तेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव भोलापुर में कार्तिक पूर्णिमा पर राम गंगा में स्नान करने गए मुबारकपुर निवासी युवक प्रदीप कुमार पुत्र रामेश्वर दयाल और बहादुरपुर निवासी सूरजपाल की मासूम बच्ची मानसी (2 लोग) डूबे गए थे, उसके बाद अफ्रा तफ्री मच गई थी आज तीसरे दिन बृहस्पतिवार को बाढ़ राहत दल गोताखोरों ने मोटर बोर्ड से रामगंगा में मंथन किया गया तभी अचानक दोपहर 2 बजे मुबारकपुर निवासी प्रदीप उम्र 18 वर्ष की लाश निकलकर ऊपर आ गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए कहां तो मृतक के पिता रामेश्वर दयाल ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया, उसके बाद पुलिस ने मृतक प्रदीप का पंचनामा भर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## सेटेलाइट बस स्टैंड के पास बेहोश मिले व्यक्ति की मौत

**बरेली।** सैटलाइट बस स्टैंड के पास बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई उसे अज्ञात के रूप में भर्ती कराया गया था आज सुबह जिला अस्पताल पहुंचे मृतक के घर वालों शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।बारादरी थाना क्षेत्र में सेटेलाइट बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास बेहोशी की हालत मिले नवादा शेखान निवासी 55 वर्षीय राम नाथ पुत्र कमल बाबू की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई उसे बुधवार शाम भर्ती कराया गया था अस्पताल में मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि रामनाथ मॉडल टाउन में सड़क किनारे कपड़ों पर प्रेस करने का काम करता था और कल शाम को लगभग 7 बजे कहीं जाने के लिए घर से बाहर निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा पुलिस ने उसे सेटेलाइट पुलिस चौकी के पास से बेहोशी की हालत में उठाकर अज्ञात के रूप में जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई इधर जब वह घर नहीं पहुंचा तो घर के लोगों ने उसे तलाशने की कोशिश शुरू कर दी मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के माध्यम से घटना की जानकारी उसके घर वालों को दी गई ।

## हरित ऊर्जा सुलभ कराने को लेकर समझौता

**लखनऊ।** टाटा पावर की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड लिमिटेड और सिडबी ने 1,000 हरित ग्रामीण उद्यमों की स्थापना और उन्नयन के लिए सहयोग किया है। समझौता-पत्र पर हस्ताक्षर हेतु सिडबी के प्रधान कार्यालय में समारोह आयोजित किया गया। इस गठबंधन का उद्देश्य टीपीआरएमजी के माइक्रोग्रिड से भारत के दूरदराज के गांवों तक हरित ऊर्जा को तेजी से आसानीपूर्वक उपलब्ध कराना है, जबकि सिडबी की वित्तीय सक्षमता पहल ग्रामीण उद्यमों को स्थायी रूप से विकसित करने के लिए सशक्त बनाएगी। यह सहयोग एक स्थायी भविष्य बनाने में दोनों संगठनों द्वारा प्रदर्शित प्रतिबद्धता, टाटा पावर की सस्टेनेबल इज़ अटेनेबल पहल और सिडबी की गो रिस्पॉन्सिव एंटरप्राइज इंसेंटिव ग्रीनी पहल की दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है। समझौता ज्ञापन पर मनोज गुप्ताए मुख्य कार्यकारी अधिकारी टीपीआरएमजी और वी सत्य वेंकट राव उप प्रबंध निदेशक सिडबी ने हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम में अनूप पंत जीएम.सिडबी, प्रवीण कुमार, डीजीएम.सिडबी, दिनेश प्रसाद, एजीएम,सिडबी,सुबोध दीक्षितए राज्य प्रमुखए टीपीआरएमजी उपस्थित थे।

## बलात्कार के दोषी पुजारी को उम्रकैद

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर की एक अदालत ने एक छात्रा को अगवा कर उससे बलात्कार करने के मामले मे दोषी एक पुजारी को बृहस्पतिवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के वकील राजीव शर्मा ने बताया कि छपार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा (20) नौ जनवरी 2016 को पास के ही एक मंदिर मे पूजा करने गई थी, मगर वह घर नही लौटी। उन्होंने बताया कि इस मामले मे मंदिर के पुजारी प्रेमचंद गोस्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने लड़की को करीब साढ़े चार महीने बाद गोस्वामी के चंगुल से छुड़ाया था। अगवा लड़की ने पुलिस को बताया था कि पुजारी ने उसे अलगअलग स्थानों पर रखा और अनेक बार अपनी हवस का शिकार बनाया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छोटे लाल यादव ने पुजारी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद और 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

## किशोरी से बलात्कार के आरोप में पड़ोसी युवक गिरफ्तार

**बलिया ।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के बैरिया क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 12 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार के आरोप मे बृहस्पतिवार को उसके पड़ोसी युवक को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद उस्मान ने बताया कि बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी ने अपने पड़ोसी पंकज वर्मा (28) नामक युवक पर डराधमका कर उसके साथ बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को अपने परिजन को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर बुधवार को पंकज के खिलाफ बलात्कार के आरोप तथा पॉक्सो कानून की सुसंगत धारा में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को आज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## एसपी के निर्देश पर वाहनों की जांच

**चित्रकूट।** यातायात माह नवम्बर की बाबत पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर सीओ यातायात शिवप्रकाश सोनकर की देखरेख में यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव की टीम ने शहर के ट्राफ्कि चौराहा व पेट्रोल पम्प तिराहे पर दो व चारपहिया वाहनों की जांचकर चालान किया। गुरुवार को यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव की टीम ने ट्राफ्कि चौराहा व पेट्रोल पम्प तिराहे पर दो व चार पहिया वाहनों की जांच की। जांच में बिना हेलमेट/ सीटबेल्ट, ओवरलोड सवारी, ओवर स्पीड, हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट की जांच की। वाहन चालकों को वाहन चलाते समय हेडफ्ेन या मोबाइल फ्ेन का प्रयोग न करने की चेतावनी दी। जांच दौरान मालवाहक वाहनों की भी जांच की। सवारी मिलने पर पेंडिंग चालान किया। यातायात प्रभारी ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की बाबत बताकर पालन करने के प्रति जागरूक किया। यातायात जागरूकता पम्पलेट/हैंडबिल भी बांटे। उन्होंने कहा कि 12 नवम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत में वाहन चालकों एवं आम जनता को जागरूक करते हुए जानकारी दी। लम्बित चालानों का निस्तारण कराने की सलाह दी।

## यूपी को आत्मनिर्भर राज्य बनाने की पहल

**वाराणसी।** एग्रीटेक कंपनी लीड्स कनेक्ट सर्विसेज ने किसान समुदाय और कृषि व्यवसायों को सहयोग करने और यूपी को आत्मनिर्भर राज्य बनाने के लिए एक एग्री वेल्यू चेन सॉल्यूशन खेत से किचन तक लॉन्च किया है। यह फ्ार्म.टू.फ्ोर्क सॉल्यूशन कृषि क्षेत्र में उत्पादकता और स्थिरता बेहतर करने में सहयोग करेगा। फ्ार्म.टू.फ्ोर्क के परस्पर समाधान से कृषि सेक्टर की उत्पादकता औरस्थिरतामें सुधार होगा। लीड्स कनेक्ट सर्विसेज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक नवनीत रविकर ने कहा, बदलती वैश्विक मांगें हमारी वर्तमान कृषि और खाद्य तंत्र की क्षमताओं को पीछे छोड़ सकती हैं। दो से चार नवंबर तक जारी कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय एमएसएमई राज्यमंत्री भानु प्रताप वर्मा की उपस्थिति में किया था। वीटोल और कृषि ड्रोन के लिए उपमुख्यमंभी ब्रजेश पाठक और प्रदेश के वोकेशनल शिक्षा और कौशल विकास मंत्री श्री पिल देव अग्रवाल के समक्ष एक लाइव डेमो दिया गया।

## ग्राहकों को सर्वोपरि प्राथमिकता ही मिशन

**कानपुर।** बजाज आलियांज लाइफइंश्योरेंस कंपनी ने आज दो प्रमुख मापदंडों को साझा कियाए जिन्होंने बाजार में इसकी स्थिति को मजबूत बनाया है और इसके ग्राहकों के जीवन लक्ष्यों को सुरक्षित रखने हेतु इस बीमाकर्ता की वित्तीय क्षमता को प्रदर्शित किया है। बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी तरुण चुघ ने कहा, ग्राहकों को सर्वोपरि प्राथमिकता देने की हमारी विचारधारा अब हमारा मिशन है, और पिछले पांच वर्षों की अपनी परिवर्तनकारी यात्रा के क्रम में हमने हरसंभव प्रयास किया है कि हम अपने ग्राहकों से किए गए अपने वायदे पर खरा उतरें। हमारा सॉल्वेंसी अनुपात और दावा निपटारा अनुपात इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## ट्रक पलटने से घायल ड्राइवर की जान गई

**बरेली ।** ट्रक पलटने से घायल ड्राइवर की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा शाहजहांपुर के कटरा थाना क्षेत्र के गांव रमापुर उत्तरी निवासी 28 वर्षीय कमल किशोर पुत्र छबीले कि बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि कमल किशोर ट्रक का ड्राइवर था और 15 अक्टूबर को अपना ट्रक में माल लादकर चेन्नई गया था जहां सिद्धूवा इलाके में उसका ट्रक अचानक बेकाबू होकर पलट गया जिससे वह गंभीर रूप से पुलिस ने स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और उसके घर वालों को सूचना दी जो चेन्नई पहुंचे और उसे 27 अक्टूबर को इलाज के लिए बरेली ले आए यहीं पर एक निजी अस्पताल में बीती रात उसकी मौत हो गई।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**बरेली।** चौबारी मेले से लौट रहे एक युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी। बिशारतगंज थाना क्षेत्र के गांव ढकोरा निवासी 28 वर्षीय हरिशंकर पुत्र कालीचरन कि कल शाम बिशारतगंज रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घरवालों ने बताया कि हरि शंकर कार्तिक पूर्णिमा के दिन रामगंगा के किनारे लगने वाले चौबारी मेले में गया था जहां से कल शाम को वह ट्रेन में बैठकर बिशारतगंज रेलवे स्टेशन पहुंचा था यहीं पर ट्रेन से उतरते समय दो ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# एकता का प्रतीक है साईंपुर बलीशाह दाता की मजार

### हिन्दू खिचड़ी और मुसलमान चादर चढ़ाकर करते हैं साईं बाबा की इबादत, मकर संक्रांति पर लगता है आस्थावानों का भारी जमावड़ा

संवाददाता। पहाड़ी (चित्रकूट)



**हिन्दू** मुस्लिम एकता के प्रतीक बलीशाह दाता की मजार पर प्रतिवर्ष मकर संक्रांति पर तीन दिवसीय विशाल मेले का आयोजन होता है।जिसमें आसपास के सैकड़ों गांव के लोगों के अलावा यूपी-एमपी समेत कई प्रांतों के लोग माथा टेकने आते है। इस मजार में जहां हिन्दू खिचड़ी और मुसलमान चादर चढाकर साम्प्रदायिक सदभावना का उदाहरण प्रस्तुत करते है।

चित्रकूट के पहाडी विकास खंड अन्तर्गत साईंपुर गांव स्थित साम्प्रदायिक सदभावना के प्रतीक साईं बाबा की मजार में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय मेले में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमडता है। इलाके के ग्रामीण बताते हैं कि लगभग 422 वर्ष पूर्व साईंपुर गाँव के पहाड के उत्तर दिशा में धासा मऊ नाम का गांव था। गांव के कुछ दूर बागे नदी बहती थी। गांव में एक संत पुरूष का आगमन हुआ और वो गांव के बाहर नदी किनारे अपनी बगीचे मे एक कुटिया बनाकर रहने लगे।साथ ही लोगों की बीमारियों को दूर करने लगे। संत के ज्ञान की बातें और उपदेश से लोगों में भक्ति भावना प्रदत्त होने लगी। इसके चलते क्षेत्र वासी उन्हे चमत्कारी पुरूष मानने लगे। उनकी ख्याति फैलने के साथ ही आश्रम में श्रद्धालुओं की भीड़ भी बढने लगी। एक बार सन्त वलीशाह दाता अपने बगीचे में बैठे थे और अल्लाह का ध्यान कर रहे थे। इस दौरान उनके शिष्य बगीचे की देखभाल कर रहें थे। तभी वहाँ से राजा छत्रसाल अपने बेटे की बारात लेकर गुजर रहे थे। जो नदी के किनारे विश्राम करने के मकसद से बारात समेत ठहर गये। इसी दौरान राजा छत्रसाल परसेटा गांव की नर्तकी को लेने चले गये। उसी समय कुछ सैनिक बगीचे में पहुंच कर फूलों की मांग करने लगें। जिस पर श्रद्धालुओं ने कहा कि सन्त की पूजा के बाद फूल मिलेगे। इस पर राजा के सैनिक नाराज हो गये। जबरजस्ती फूल तोडने लगे। बगीचे को नष्ट कर दिया। तन्द्रा टूटने पर वलीशाह दाता ने बगीचे की हालत देखकर घटना क्रम की जानकारी ली। पूरे प्रकरण की जानकारी होने पर नाराज होकर श्राप दे दिया। जिससे पूरी बारात नदी में समा गई।वहीं वापस लौटने पर एक चरवाहे ने राजा को पूरी कहानी बताई। राजा सन्त के पास पहुंचे कर उनके चरणों में गिर कर माफी मांगी। जिसके बाद सन्त की कृपा से पूरी बारात नदी के बाहर निकल आयी। सन्त द्वारा पहाड के ऊपर ही जिन्दा समाधि ले ली गयी। राजा छत्रसाल द्वारा सीढियां एवं ग्रामीणों द्वारा मजार बनवा दिया गया।तभी से यह हिन्दू-मुस्लिम एकता और आस्था का प्रतीक हो गया। हर वर्ष मकर संक्रांति से तीन दिवसीय मेले की शुरुआत होती हैं। उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार, दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, गुजरात सहित दर्जनों प्रदेशों से भी लोग अपनी मन्नतें लेकर यहाँ आते हैं। सभी की मुरादें व मन्नतें पूरी होती है। हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक बलीशाह दाता साईं बाबा की मजार में शुक्रवार से शुरू होने वाले तीन दिवसीय मेले की जानकारी कमेटी के सचिव शहाबुद्दीन ने बताया की शासन-प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक साईं बाबा का मेला सभी ग्रामीणो के सहयोग से सम्पन्न कराया जाता है। स्थानीय पुलिस का भी सहयोग लिया जाता है।

# अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री पकड़ी, दो गिरफ्तार

**बरेली।** पुलिस ने आज अवैध हथियार बना रहे दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया उनके पास से कई निर्मित और अर्ध निर्मित हथियार व अन्य सामान बरामद किया गिरफ्तार अभियुक्तों के 2 साथी मौके से फ्रार हो गए ।भमोरा थाना क्षेत्र में सेंधा गांव के पास आंवला रोड पर स्थित पुल के नीचे अवैध रूप से हथियार बना रहे बदायूं के गांव नसीरपुर मुजरिया निवासी सब्बू पुत्र मुशर्रतबदायूं से जरीफ्नगर थाना क्षेत्र के बागवाला निवासी मोहम्मद जान रिजवान पुत्र सफी जान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने मौके से तीन तैयार पिस्टल 6 कारतूस, मोटरसाइकिल, अर्ध निर्मित कई तमंचे और उन्हें बनाने के उपकरण भी बरामद किए गिरफ्तार किए गए बदमाशों के 2 साथी भमोरा थाने के गांव सेंधा का रहने वाला नन्हे लाल और बुलंदशहर के कस्बा व थाना खुर्जा निवासी शकील मौके से फ्रार हो गए पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए बदमाशों ने बताया कि उनका मुख्य कारीगर नन्हे लाल है वह वकील से हथियार खरीदकर लाते थे और उन्हें अलग-अलग स्थानों पर सप्लाई करते थे पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों को जेल भेजकर उनके फ्रार साथियों की तलाश शुरू कर दी गिरफ्तार किए गए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में अपात्रों को पात्रता सिद्ध करने का सुनहरा मौका

**कानपुर देहात।** जिला नगरीय विकास अभिकरण ;डूडाद्ध कानपुर देहात द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना ;शहरीद्ध के घटक लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण ;न्यू0ध्विस्तारद्ध में सम्मिलित जनपद कानपुर देहात की विभिन्न नगर पचांयतों में ऐसे सभी अपात्र पाये गये लाभार्थियों को विभाग की ओर से अपनी पात्रता साबित करने का एक और मौका दिया जा रहा है। जनपद कानपुर देहात की भिन्न.भिन्न नगर पंचायतों में लाभार्थी अपात्र पाये गये है। जिनकी अपात्रता सम्बन्धी सूची सम्बन्धित नगर पंचायतों के कार्यालय में 07 दिवसों के लियेतारीख चस्पा करा दी गयी है। इन आवेदकों को अपनी पात्रता सिद्ध करने के लिए विभाग की ओर से मौका दिया गया है जिससे सभी पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके। उपरोक्त जानकारी देते हुए परियोजना अधिकारी डूडा हर्ष अरविन्द कानपुर देहात द्वारा बताया गया है कि पी0एम0ए0वाई0 आवास योजना पूर्णतया नि:शुल्क है वहीं फ्ार्म भरने से लेकर आवास बनने तक की प्रक्रिया में कोई शुल्क देय नही है। आवास निर्माण के लिए डूडा द्वारा धनराशि रू0 2ण्50 लाख तीन किश्तों में दिया जाता है इसके लिए जिला नगरीय विकास अभिकरण ;डूडाद्ध द्वारा नगर निकायों व सीधे जरूरतमंदों से आवेदन लिए गये थे नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में आवेदन करने वाले लोग भिन्न.भिन्न कारणों से अपात्र पाए गए हैं। अपात्र पाये गये लाभार्थियों को शासन से प्राप्त आदेशानुसार पात्रता सिद्ध करने का एक और मौका दिया जा रहा है। नगर पंचायत कार्यालय में सूचना पट पर अपात्र पाए गए आवेदकों की सूची सम्बन्धित नगर पंचायत कार्यालय में चस्पा की जा रही है। इस दौरान अपात्र आवेदक अपनी पात्रता के सम्बन्ध मेंए दिनांक 10ण्11ण्2022 से दिनांक 17ण्11ण्2022 तक के अन्दर सम्बन्धित नगर पंचायत कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

# नवनियुक्त महाप्रबंधक ने आरेडिका का लिया जायजा

संवाददाता। रायबरेली



**आधुनिक रेल** डिब्बा कारखाना, के नवनियुक्त महाप्रबंधक बृज मोहन अग्रवाल ने 07.11.2022 को महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण कर आरेडिका के अधिकारियों के साथ आज महाप्रबंधक सभागार में बैठक आयोजित की। महाप्रबंधक महोदय, ने आईआईटी रूड़की से बीटेक और आईआईएम बंगलोर से एमबीए की उपाधि ग्रहण की हैं। इससे पूर्व में श्री अग्रवाल मध्य रेलवे, ईस्ट कोस्ट रेलवे, एनईआर,एनसीआर, कपूरथला आदि विभिन्न रेलवे जोनों में विभिन्न पदों पर अपनी सेवा प्रदान कर चुके हैं ,जिनमें पीसीएमई आरसीएफ कपूरथला, डीआरएम ईस्ट कोस्ट रेलवे, एवं जीएम आरडब्लू एवं ईआई राइटस् आदि प्रमुख हैं। बैठक में आरेडिका के प्रधान मुख्य विभागाध्यक्षों एवं मुख्य विभागाध्यक्षों के साथ गहन विचार विमर्श किया और कारखाने में चल रहे उत्पादन कार्यों की जानकारी ली। उच्च अधिकारियों के साथ हुई इस बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया कि टीम एमसीएफ सामूहिक प्रयास से रेलवे बोर्ड द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए दिये गए निर्धारित 1745 डिब्बों के उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने एवं माननीय रेलमंत्री के वन्देभारत निर्माण के सपने कोशीघ्र साकार करने के लिए कटिबद्ध हैं। आगे उन्होंने कोच विनिर्माण की गुणवत्ता, यात्री सुविधाओं और सुरक्षा पर भी विचार विमर्श किया। इसी कड़ी में आरेडिका से संबंधित प्रजेन्टेशन महाप्रबंधक महोदय, के समक्ष प्रस्तुत की गयी। महाप्रबंधक आरेडिका ने आवसीय परिसर में कर्मचारियों के लिए उपलब्ध संसाधनों का भी निरीक्षण किया। कर्मचारियों की सुविधाओं के लिए बने आवास, स्पोटर्स कॉम्पलेक्स, शॉपिंग कॉम्पलेक्स आदि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान आरेडिका के उच्च अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# चार हजार रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने कोहली



भाषा। एडीलेड

**भारत के स्टार** बल्लेबाज विराट कोहली गुरुवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल मुकाबले के दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चार हजार रन पूरे करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने। इस मैच से पहले कोहली को चार हजार रन के आंकड़े को छूने के लिए 42 रन की दरकार थी। उन्होंने सेमीफाइनल में 40 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से 50 रन की पारी खेली। कोहली ने भारतीय पारी के 15वें ओवर में स्पिनर लियाम लिविंगस्टोन की गेंद पर चौके के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चार हजार रन के आंकड़े को पार किया। कोहली के नाम अब टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 115 मैच में 52.73 की औसत से 4008 रन दर्ज हैं जिसमें एक शतक और 37 अर्धशतक शामिल हैं। सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा दूसरे नंबर पर हैं जिन्होंने 148 मैच में 31.32 की औसत से 3853 रन बनाए हैं। उनके नाम पर चार शतक और 29 अर्धशतक दर्ज हैं।

## पंड्या ने कहा, निराश हूं

**एडीलेड।** स्टार आल राउंडर हार्दिक पंड्या ने भारत को गुरूवार को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों मिली 10 विकेट की हार के बाद कहा कि वह सदमे में हैं, आहत हैं, निराश हैं। पंड्या ने 33 गेंद में 63 रन की शानदार पारी खेलकर भारत को छह विकेट पर 168 रन बनाने में मदद की लेकिन इंग्लैंड ने यह लक्ष्य 16 ओवर में ही हासिल कर लिया। पंड्या ने ट्वीट किया, निराश हूं, आहत हूं, सदमे में हूं। हम सभी के लिए इस नतीजे को स्वीकार करना मुश्किल है। साथी खिलाड़ियों के साथ रिश्ते का काफी लुत्फ उठाया है, हमने हर कदम पर एक दूसरे के लिए लड़ाई लड़ी। हमारे सहयोगी स्टाफ के महीनों के समर्पण और परिश्रम के लिए शुक्रिया। हमारे प्रशंसकों का शुक्रिया जिन्होंने हमारा हर जगह समर्थन किया, हम आप सभी के शुक्रगुजार हैं। ऐसा नहीं होना था, लेकिन हम लड़ाई जारी रखेंगे। भारत का अगला दौरा न्यूजीलैंड की सीमित ओवर की श्रृंखला है जिसमें टीम तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे खेलेगी जो 18 नवंबर से शुरू होंगे।

## दबाव से निपटना नहीं सिखा सकतेः रोहित



**एडीलेड।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उनके खिलाड़ी इंग्लैंड के खिलाफ गुरूवार को यहां टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दबाव में आ गए। उन्होंने 10 विकेट की शर्मनाक हार के लिए अपने गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन को जिम्मेदार ठहराया। भारतीय गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स और जोस बटलर ने 169 रन के लक्ष्य को बिना विकेट गंवाए चार ओवर रहते हासिल कर लिया। रोहित ने मैच के बाद कहा, आज के नतीजे से काफी निराश हूं। हमने अपनी पारी के अंत में अच्छी बल्लेबाजी कर यह स्कोर बनाया। हम गेंदबाजी में अच्छे नहीं रहे। यह निश्चित रूप से ऐसा विकेट नहीं था जिसमें एक टीम 16 ओवर में ही यह लक्ष्य हासिल कर लेती। आज हम गेंद से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। जब नॉकआउट चरण में पहुंच जाते हैं तो इसमें दबाव से निपटना अहम हो जाता है। यह हरेक व्यक्ति पर भी निर्भर करता है। आप किसी को भी दबाव से निपटना नहीं सिखा सकते। जब ए खिलाड़ी आईपीएल के प्लेऑफ में खेलते हैं तो ए मैच काफी दबाव वाले मुकाबले होते हैं और वे इससे अच्छी तरह निपटते हैं। हमने गेंद से जैसी शुरूआत की, वह आदर्श नहीं थी। हम थोड़े नर्वस थे। भारतीय कप्तान ने इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों की प्रशंसा की। आपको उनके सलामी बल्लेबाजों को श्रेय देना होगा, वे काफी अच्छी तरह खेले। मुझे लगता है कि पहले ओवर में यह थोड़ी स्विंग हुई, लेकिन सही क्षेत्र में नहीं। जब हमने पहला मैच जीता तो इसमें काफी जज्बा दिखा था। बांग्लादेश के खिलाफ मैच थोड़ा पेचीदा रहा। मुझे लगता है कि हमने संयम बनाए रखा और अपनी योजना पर डटे रहे। आज ऐसा नहीं कर सके। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टूर्नामेंट के शुरू में आयरलैंड से मिली उलटफेर भरी हार के बाद शानदार वापसी के लिए टीम की प्रशंसा की। आयरलैंड से मिली हार के बाद हमने जिस तरह का जज्बा दिखाया है, वह शानदार है। हम यहां आकर काफी उत्साहित थे। आज पहले से 11वें नंबर के खिलाड़ी ने अच्छा प्रदर्शन किया। हम हमेशा तेज और आक्रामक शुरूआत करना चाहते हैं। हेल्स की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, हेल्स ने मैदान का बखूबी इस्तेमाल किया और उसने अपनी फॉर्म दिखाई। वह आज शानदार था। हमारा प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने इसे विशेष पारी और अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रात करार दिया क्योंकि उन्होंने कभी भी एक और विश्व कप खेलने की उम्मीद नहीं की थी। यह परफेक्ट पारियों में निश्चित रूप से सबसे ऊपर होगी। बड़ा पल, भारत से विश्व कप के सेमीफाइनल में भिड़ना। खुश हूं कि मैंने ऐसी विशेष पारी खेली।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी** ,राहुल क बटलर बो वोक्स 5, रोहित क कुरेन बो जोर्डन 27,कोहली क रशीद बो जोर्डन 50, सूर्यकुमार क साल्ट बो रशीद 14,पंड्या हिट विकेट बो जोर्डन 63,पंत रन आउट 6,अश्विन नाबाद 0, अतिरिक्त : तीन रन, कुल योग : 20 ओवर में छह विकेट पर 168 रन,विकेट पतन :1-9, 2- 56, 3-75, 4-136, 5-158, 6 -168, गेंदबाजी : स्टोक्स 2-0-18-0, वोक्स 3-0-24 -1, कुरेन 4- 0-42-0, रशीद 4- 0-20-1, लिविंगस्टोन 3 -0-21-0, जोर्डन 4- 0-43-3

**इंग्लैंड पारी** : बटलर नाबाद 80, हेल्स नाबाद 86, अतिरिक्त : चार रन, कुल योग : 16 ओवर में 170 रन, गेंदबाजी : भुवनेश्वर 2-0-25-0, अर्शदीप 2-0-15-0, अक्षर 4-0-30-0, शमी 3-0-39-0, अश्विन 2-0-27-0, पंड्या 3-0-34-0

# नशीली दवा की जांच के बाद हेल्स का विश्व कप में सफलता का सफर

भाषा। एडीलेड



**कुछ महीनों** पहले तक एलेक्स हेल्स इंग्लैंड के टी20 विश्व कप अभियान की योजना में भी शामिल नहीं थे लेकिन अब वह इस टूर्नामेंट में टीम के लिए सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी हैं। रिक्रिएशनल (नशे के लिए) ड्रग जांच में विफल होने के बाद इंग्लैंड की 2019 विश्व कप टीम से बाहर किए जाने के बाद हेल्स ने तीन साल क्रिकेट से बाहर अकेलेपन में गुजारे। वह केपटाउन में अपनी महिला मित्र के साथ चार हफ्ते के लिए छुट्टियों पर थे और भाग्य में कुछ और ही लिखा था। जॉनी बेयरस्टो को सितंबर में गोल्फ खेलते हुए टखने की गंभीर चोट लग गई और वह टी20 विश्व कप से बाहर हो गए जिससे पारी आगाज करने के लिए टीम में स्थान खाली हो गया। और एलेक्स को मौका मिला जिन्होंने दोनों हाथों से इसे लपककर यहां चल रहे टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन दिखाया जिसमें गुरूवार को सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ खेली गई 47 गेंद में 86 रन की नाबाद पारी भी शामिल है। इंग्लैंड ने 10 विकेट की धमाकेदार जीत से फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना रविवार को पाकिस्तान से होगा। इंग्लैंड के लिए 2011 में पदार्पण करने वाले 33 वर्षीय हेल्स ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं फिर विश्व कप में खेलूंगा और मौका मिलना एक विशेष अहसास है। ड्रग जांच के बाद इंग्लैंड प्रबंधन के साथ उनके रिश्ते बिलकुल ही खत्म हो गए थे। उन पर 2019 विश्व कप से पहले तीन हफ्ते का निलंबन लगा जो महीनों से वर्षों (तीन साल) में बदल गया जिससे उनकी अनदेखी 2021 टी20 विश्व कप में भी जारी रही। इंग्लैंड के लिए 11 टेस्ट और 70 वनडे चुके हेल्स ने अपना ध्यान छोटे प्रारूप में लगाना शुरू किया। वह 2018 में आईपीएल में छह मैचों में खेले, फिर पीएसएल, सीपीएल, बीबीएल और द हंड्रेड में भी। तीन साल तक राष्ट्रीय टीम से बाहर रहने के बावजूद हेल्स इंग्लैंड के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय में 2011 से 2022 तक तीसरे सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी हैं। बेयरस्टो की चोट के बाद हेल्स को पाकिस्तान के खिलाफ सात मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किया जिसके बाद वह टी20 विश्व कप से पहले आस्ट्रेलिया में दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेले। आस्ट्रेलियाई सरजमीं पर अनुभव का उन्हें

## विश्व कप से पहले आखिरी लीग मैच में हारी एटलेटिको

**मैड्रिड।** पिछले पांच मैचों में जीत से वंचित एटलेटिको मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग में मालोरका ने 1- 0 से हरा दिया। इस हार के बाद एटलेटिको विश्व कप के लिए ब्रेक से पहले तालिका मे छठे स्थान पर खिसक गई। उसे शनिवार को कोपा डेल रे से खेलना है जिसके बाद विश्व कप के लिए ब्रेक हो जाएगा। एटलेटिको को एस्पियानोल ने 1-1 से ड्रॉ पर रोका जबकि कैडिज ने उसे 3-2 से हराया। अन्य मैचों में सेविला को रीयाल सोशिडाड ने 2-1 से हराया जबकि विलारियाल ने एस्पियानोल को 1-0 से मात दी।

## सीरिए : रोमा ने सासुओलो से ड्रॉ खेला

**रोम।** इंग्लैंड की विश्व कप टीम में जगह बनाने को आतुर टैमी अब्राहम के सीरि ए फुटबॉल मे पहले गोल की मदद से रोमा ने सासुओलो से 1-1 से ड्रॉ खेला। अब्राहम ने 80वें मिनट मे गोल किया लेकिन पांच मिनटबाद जियांलुका मंचिनी ने विरोधी टीम के लिए बराबरी का गोल दाग दिया। वहीं अन्य मैचों मे अटलांटा को सीरि बी चैम्पियन लेक्के ने 2-1 से हराया। अब अटलांटा का सामना इंटर मिलान से होगा।

## खेलो इंडिया जूनियर महिला तैराकी का कार्यक्रम

**लखनऊ।** राजा जय प्रताप सिंह यूपी स्विमिंग एसोसिएशन ने बताया कि खेलो इंडिया जूनियर महिला तैराकी सीरीज-2, जोन-1 चैंपियनशिप 2022 की मेजबानी यूपी भारतीय खेल प्राधिकरण, नेताजी सुभाष खेल परिसर कानपुर रोड लखनऊ में 12 व 13 नवंबर को आयोजित होगा। रविन कपूर मानद सचिव यूपी स्वीमिंग एसोसिएशन ने बताया कि दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मूकश्मीर और उत्तर भारत के हिमाचल ,आठ राज्य इस चैंपियनशिप में भाग लेने जा रहे हैं। 15 साल से कम और 18 साल से कम उम्र की बालिका तैराक ही इसके लिए प्रतिस्पर्धा कर सकती हैं। कुल 20 बीस कार्यक्रम होंगे। प्रत्येक आयोजन में,भारतीय तैराकी संघ और भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त उद्यम द्वारा 5वें स्थान तक नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह हमारे राज्य के लिए सम्मान की बात है कि इस महिला सीरीज का राउंड-2 यूपी राउंड -1 की मेजबानी दिल्ली ने की है। इस इवेंट में सभी नेशनल मेडलिस्ट गर्ल्स परफॉर्म करने वाली हैं।

## अफशां ने डब्ल्यूपीजीटी में बढ़त कायम रखी

**पंचकुला।** अफशां फातिमा ने गुरुवार को यहां हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के दूसरे दौर में बाधा के बावजूद बढ़त कायम रखी। पहले दौर मे दो शॉट की बढ़त लेने वाली अफशा ने दूसरे दौर मे दो ओवर 74 का कार्ड खेला जिससे वह इवन पार 144 के कुल स्कोर से एक शॉट की बढ़त बनाए है। रिद्धिमा दिलावड़ी (73, 72) पहले दौर के बाद संयुक्त तीसरे स्थान पर चल रही थी। अब वह दूसरे स्थान पर है।

## मोहन बागान ने नॉर्थईस्ट यूनाईटेड को हराया

**कोलकाता।** एटीके मोहन बागान गुरुवार को यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट मे नॉर्थईस्ट यूनाईटेड को 2-1 से हराकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। कोलाको ने 35वें मिनट में बागान को बढ़त दिलाई लेकिन आरोन इवांस ने 81वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया।

# दक्षिण अफ्रीका में त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगी भारतीय महिला टीम



**त्रिकोणीय श्रृंखला का कार्यक्रम** इस प्रकार हैः19 जनवरीः भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका, 21 जनवरीः दक्षिण अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज, 23 जनवरीः भारत बनाम वेस्टइंडीज, 25 जनवरीः दक्षिण अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज,28 जनवरीः भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका,30 जनवरीः भारत बनाम वेस्टइंडीज, दो फरवरीः फाइनल।

भाषा। जोहानिसबर्ग

**भारतीय महिला** क्रिकेट टीम 2023 टी20 विश्व कप से पहले मेजबान दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के साथ 19 जनवरी से दो फरवरी 2023 के बीच त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला में हिस्सा लेगी। ए त्रिकोणीय श्रृंखला दक्षिण अफ्रीका में होने वाले टी20 विश्व कप की टीम की तैयारियों का हिस्सा होगी। त्रिकोणीय श्रृंखला के सभी मुकाबले ईस्ट लंदन के बफेलो पार्क क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। वेस्टइंडीज 2016 टी20 विश्व चैंपियन है जबकि भारत 2020 में इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उप विजेता रहा था। त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में जगह बनाने के लिए सभी टीम एक दूसरे के खिलाफ दो-दो मैच खेलेंगी। विश्व कप का आयोजन 10 से 26 फरवरी तक केपटाउन, पार्ल और गबेरहा में किया जाएगा। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के क्रिकेट निदेशक इनोच एनक्वे ने बयान में कहा, 2023 आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए क्रिकेट जगत की नजरें दक्षिण अफ्रीका पर होंगी। हम भारत और वेस्टइंडीज का अपने देश में स्वागत करते हैं जबकि मुख्य कोच हिल्टन मोरींग और उनकी टीम फरवरी में होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए अपनी तैयारी पूरी करेगी। ये दो टीम महिला टी20 क्रिकेट के सबसे प्रतिभावान और मनोरंजक देशों में से हैं। इन्होंने पिछले चार फाइनल में से दो में जगह बनाई है और वेस्टइंडीज ने 2016 में खिताब जीता। त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में 19 जनवरी को भारत की भिड़ंत मेजबानी दक्षिण अफ्रीका से होगी। भारतीय टीम इसके बाद वेस्टइंडीज (23 जनवरी) के खिलाफ खेली जबकि 28 जनवरी को दोबारा दक्षिण अफ्रीका और फिर 30 जनवरी को वेस्टइंडीज से खेलेगी। फाइनल दो फरवरी को खेला जाएगा।

## विश्व कप से बाहर होने के बाद कुछ खिलाड़ी संन्यास लेंगे : गावस्कर

भाषा। एडीलेड

**महान** क्रिकेटर सुनील गावस्कर को उम्मीद है कि भारत के गुरूवार को टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों मिली 10 विकेट की शर्मनाक हार के बाद कुछ सीनियर खिलाड़ी संन्यास की घोषणा कर देंगे। गावस्कर को यह भी लगता है कि रोहित शर्मा के कप्तानी छोड़ने के बाद आल राउंडर हार्दिक पंड्या यह जिम्मेदारी संभालेंगे। पूर्व भारतीय कप्तान ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, इंडियन प्रीमियर लीग में पहली बार कप्तान की जिम्मेदारी संभालने पर अपनी टीम को जीत दिलाने के बाद उन्होंने हार्दिक पंड्या को अगले कप्तान के रूप में तय कर दिया होगा। हार्दिक पंड्या निश्चित रूप से भविष्य में टीम की कमान संभालेंगे और कुछ खिलाड़ी संन्यास भी लेंगे, आप कुछ नहीं कह सकते। खिलाड़ी इस पर काफी विचार कर रहे होंगे। कुछ खिलाड़ी 30 से 40 साल के बीच हैं जो भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में अपने स्थान के बारे में फिर विचार कर रहे होंगे। कोहली इस विश्व कप में टीम के सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन सीनियर खिलाड़ी जैसे कप्तान रोहित,अश्विन और दिनेश के लिए यह टूर्नामेंट निराशाजनक रहा।

# सेमीफाइनल में हार के बाद विशेषज्ञों ने पावरप्ले में भारत के रवैए पर सवाल उठाए

भाषा। एडीलेड







**पूर्व क्रिकेटर शेन** वाटसन, वसीम अकरम और नासिर हुसैन ने गुरुवार को यहां टी20 विश्व कप से भारत के शर्मनाक तरीके से बाहर होने के बाद टीम के डरपोक बल्लेबाजी रवैए की आलोचना की। एलेक्स हेल्स और जोस बटलर के नाबाद अर्धशतक और दोनों के बीच पहले विकेट की अटूट शतकीय साझेदारी से इंग्लैंड ने दूसरे सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट से हरा दिया। भारत ने ग्रुप चरण की तरह सेमीफाइनल में भी काफी धीमी बल्लेबाजी की और टीम शुरुआती छह ओवर में केवल 38 रन की बना सकी। इंग्लैंड का दृष्टिकोण इसके विपरीत था क्योंकि उन्होंने छह ओवर में 63 रन बनाए। टी20 विश्व कप से पहले भारत ने अधिक आक्रामक बल्लेबाजी रवैया अपनाया था लेकिन रोहित शर्मा और लोकेश राहुल जैसे खिलाड़ी बड़े मंच पर उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल पाए। भारतीय टीम इंग्लैंड को कोई टक्कर नहीं दे सकी। एक साल पूर्व पिछले टूर्नामेंट में तो भारतीय टीम नॉकआउट में जगह भी नहीं बना पाई थी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर वाटसन ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, भारत ने बल्ले से काफी डरपोक रवैया अपनाया। दुर्भाग्य से रोहित और राहुल शुरुआती छह ओवर में गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रुख नहीं अपना पाए। उनके पास बड़े शॉट खेलने की क्षमता है लेकिन आपको टी20 क्रिकेट में आक्रामक रुख अपनाना होता है। हार्दिक आक्रामक रुख अपनाने में सफल रहे लेकिन भारत को छह से आठ ओवर पहले आक्रामक होना चाहिए था। जैसे ही इंग्लैंड के कप्तान बटलर ने विजई छक्का लगाया, नासिर हुसैन ने कमेंटरी करते हुए टिप्पणी की, भारत शुरुआत से ही डरा हुए था और इंग्लैंड ने उन्हें रौंद दिया। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अकरम ने कहा कि भारत को धीमी शुरुआत का खामियाजा भुगतना पड़ा। अकरम ने ए स्पोर्ट्स से कहा, उनकी (भारत की) शुरुआती धीमी रही और वे इससे उबर नहीं पाए। इस विकेट पर 190 रन संभवत: अच्छा स्कोर होता। उन्होंने अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाए लेकिन अगर हार्दिक पंड्या नहीं होता तो भारत सम्मानजनक स्कोर तक भी नहीं पहुंच पाता। उनका कप्तान (रोहित शर्मा) लय में नहीं था। विराट कोहली ने अर्धशतक जड़ा लेकिन इसके लिए उन्होंने 40 गेंद खेली। इसी ने अंतर पैदा किया। भारत के पूर्व चयनकर्ता सरनदीप सिंह ने भी मुकाबले का ईमानदारी से मूल्यांकन किया। कोहली और सूर्या के शानदार प्रदर्शन का जिक्र करते हुए सरनदीप ने पीटीआई से कहा, दुर्भाग्य से भारत के लिए राहुल और रोहित बड़े मैचों में फॉर्म नहीं पा सके जिससे विराट और सूर्यकुमार पर दबाव बन गया। ए दोनों हालांकि प्रत्एक मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकते। टीम की सबसे बड़ी गलतियों में से एक थी युजवेंद्र चहल को पूरे टूर्नामेंट में नहीं खेलना, विशेषकर आज। आपने देखा कि इंग्लैंड के कलाई के स्पिनर कितने प्रभावी थे। लीग चरण में ऋषभ पंत को नहीं खिलाने(उन्होंने केवल एक मैच खेला) से भी मैं निराश हूं। सरनदीप ने कहा कि अमेरिका महाद्वीप में 2024 टी20 विश्व कप के लिए भारत की योजना के तहत कुछ कड़े फैसले करने होंगे। इस पूर्व भारतीय स्पिनर ने कहा, मुझे नहीं लगता कि रोहित, विराट, अश्विन, शमी और भुवी सहित टीम के कम से कम आधे सदस्य अगले टी20 विश्व कप में खेल रहे हैं। चयनकर्ताओं को इस पर फैसला लेने की जरूरत है। वाटसन भी भारत के चहल को नहीं खिलाने के फैसले से हैरान थे जबकि आदिल राशिद और लियाम लिविंगस्टोन को एडीलेड की पिच से काफी मदद मिली। वाटसन ने कहा, भारत के पास कलाई का स्पिनर नहीं था और इंग्लैंड के दो स्पिनर थे।

## बांग्लादेश एकादश ने तीसरे वनडे में तमिलनाडु एकादश को 19 रन से हराया

**चेन्नई।** बांग्लादेश एकादश ने गुरुवार को यहां चार मैच की श्रृंखला के तीसरे एकदिवसीय मैच में तमिलनाडु एकादश को 19 रन से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की टीम 48.4 ओवर में 220 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से मोहम्मद तौहिद हिरिदॉय ने 74 गेदं में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 66 रन की पारी खेली जबकि अनामुल हक बिजॉय ने 42 रन का योगदान दिया। तमिलनाडु एकादश की ओर से दाएं हाथ के तेज गेंदबाज एच त्रिलोक नाग ने तीन विकेट चटकाए।

# सभी प्रारूपों में खेलते रहना चाहते हैं विलियमसन

भाषा। सिडनी



**लगातार दूसरी बार** टी20 विश्व कप जीतने से वंचित रहने के बावजूद न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का क्रिकेट के किसी प्रारूप को अलविदा कहने का इरादा नहीं है। मौजूदा विश्व कप में बल्ले से कोई कमाल नहीं कर सके विलियमसन की टी20 टीम में जगह को लेकर सवाल उठने लाजमी है। न्यूजीलैंड लगातार पांचवें सीमित ओवरों के विश्व कप से सेमीफाइनल में पहुंचने के बावजूद नाकाम लौटी है। विलियमसन ने सेमीफाइनल में पाकिस्तान से सात विकेट से मिली हार के बाद कहा , मुझे सभी प्रारूपों में खेलना पसंद है इतनी क्रिकेट खेली जा रही है लिहाजा सही प्रबंधन जरूरी है। हमने अलग अलग फाइनल्स खेले और अच्छा प्रदर्शन भी किया। हम जीत सकते थे लेकिन बेहतर टीमों से हारे। एक टूर्नामेंट हारने के बाद आप दूसरे पर फोकस करते हैं। मेरा तो यही मानना है। हमारा सफर अच्छा रहा है। हमने अच्छी क्रिकेट खेली है और इसे बरकरार रखना है। भारतीय टीम 18 नवंबर से न्यूजीलैंड दौरे पर तीन टी20 और तीन वनडे मैच खेलेगी।

### टीम के खराब प्रदर्शन की समीक्षा करेगा सीएसए

**जोहानिसबर्ग।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्व कप से टीम के जल्दी बाहर होने की समीक्षा के लिए पेनल का गठन करेगा और भारत मे अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप से पहले जरूरी सुधार के उपाय भी करेगा। दबाव के आगे घुटने टेकने वाले चोकर्स के ठप्पे के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका आस्ट्रेलिया मे टी20 विश्व कप के अहम मुकाबले मे नीदरलैंड से हार गया। दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट निदेशक एनोच एनवे ने कहा , हमें प्रदर्शन की समीक्षा करनी ही होगी। हम एक समिति का गठन करेंगे। फोकस रिसेट बटन दबाने पर होगा। हम इसे भुलाकर आगे के बारे मे सोचेंगे और इसके लिए स्पष्ट रणनीति बनाई जाएगी। हम आगामी विश्व कप की बेहतर तैयारी करेंगे। हमेशा टूर्नामेंट से पहले खिताब की प्रबल दावेदार मानी जाने वाली दक्षिण अफ्रीका टीम कभी वनडे या टी20 विश्व कप के फाइनल मे नही पहुंची है। टीम जीते या हारे, हम टीम के साथ है लेकिन यह सवाल करते रहेंगे कि आगे क्या बेहतर किया जा सकता है।

# सुमित व गोविंद को कांसा, अभियान समाप्त




### एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप

भाषा। नई दिल्ली

**थाईलैंड ओपन** के चैम्पियन सुमित और गोविंद कुमार को जोर्डन के अम्मान में चल रही एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में गुरूवार को अपने अपने सेमीफाइनल में हारकर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। गोविंद (48 किग्रा) को कजाखस्तान के सानझार ताशकेनबे से 0-4 से हार मिली। वहीं सुमित (75 किग्रा) को उज्बेकिस्तान के मौजूदा एशियाई चैम्पियन जाफारोव साईदजामशिद से सर्वसम्मन फैसले में 0-5 से पराजय झेलनी पड़ी। छह बार के एशियाई पदक विजेता शिवा थापा (63.5 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और नरेंदर (92 किग्रा से अधिक) बाद में रिंग में उतरेंगे। शुक्रवार को पांच महिला मुक्केबाज फाइनल में स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला करेंगी जिसमें 2022 तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) और 2022 विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता परवीन (63 किग्रा) शामिल हैं।

# आईओए ने संविधान के मसौदे को अपनाया

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय ओलंपिक संघ** (आईओए) ने उच्चतम न्यायालय और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की देखरेख में तैयार अपने संविधान के मसौदे को गुरुवार को स्वीकार कर लिया लेकिन कई सदस्यों ने कहा कि शीर्ष अदालत के इसे अनिवार्य बनाने के बाद उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया। यहां आईओए की आम सभा की विशेष बैठक के दौरान कुछ सदस्यों ने मसौदा संविधान में कम से कम आधा दर्जन संशोधनों पर आपत्ति जताई और कहा कि आम सभा के लोकतांत्रिक अधिकारों को पूरी तरह से छीन लिया गया। दिसंबर तक चुनाव नहीं होने की स्थिति में आईओसी से निलंबन के खतरे के अलावा उच्चतम न्यायालय के निर्देशों को देखते हुए आईओए के पास अपने संविधान में बदलाव करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। मसौदा संविधान को उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एल नागेश्वर राव ने तैयार किया था।

## इंटर स्कूल स्टेट एथलेटिक्स का आगाज



**लखनऊ।** पब्लिक स्कूल्सएण्ड कॉलेजेज द्वारा तीन दिवसीय कोलोसियम इंटर स्कूल स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 का उद्घाटन डॉक्टर सरवन सिंह बघेल विशेष कार्याधिकारी मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के द्वारा गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के ग्राउंड में किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री एवं वर्तमान में फतेहपुर के विधायक जय कुमार सिंह खेल निदेशालय के सहायक निदेशक भरतराम , लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेजेस के संस्थापक महाप्रबंधक डॉ एस पी सिंह ,पूर्व एमएलसी कांति सिंह,मौजूद रहे। 800 मीटर गर्ल्स अंडर-19 दौड़ में सीतापुर विद्याज्ञान स्कूल की छात्रा गरिमा मौर्या प्रथम, शॉट पुट थ्रो में डी पी एस गाज़ियाबाद की रिंशिका यादव प्रथम एवं 800 मीटर बॉयज अंडर.19 दौड़ में विद्या ज्ञान स्कूल के विनोद मौर्या प्रथम स्थान पर रहे । सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## मनु गंडास ने कोर्स रिकॉर्ड बनाकर बढ़त हासिल की

**हैदराबाद।** मौजूदा चैम्पियन मनु गंडास ने गुरुवार का यहां तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स में 10 अंडर 60 का शानदार कार्ड खेलकर कोर्स रिकॉर्ड बनाया और पांच शॉट की बढ़त हासिल की। गुरुग्राम के गंडास का कुल स्कोर 17 अंडर 123 है। चंडीगढ़ के अंगद चीमा ने सात अंडर 63 का कार्ड खेला जिससे वह 12 अंडर 128 के कुल स्कोर से हैदराबाद के 17 वर्षीय मिलिंद सोनी (65) के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे है। सोनी कट हासिल करने वाले एकमात्र एमेच्योर गोल्फर है।

## एथलीट नीरज चोपड़ा फ्रेंडशिप एंबेसडर बने



**लखनऊ।** स्विटजरलैंड टूरिज्म ने ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा को फ्रेंडशिप एंबेसडर नियुक्त किया है। अपनी नई भूमिका में, प्रतिभाशाली भारतीय स्पोर्ट्स सुपरस्टार भारतीय यात्रियों के लिए स्विट्जरलैंड के साहसिक, स्पोर्टी और आश्चर्यजनक आउटडोर का प्रदर्शन और प्रचार करेंगे। चोपड़ा ने अक्सर टूर्नामेंट और प्रशिक्षण के लिए स्विट्जरलैंड की यात्रा की है, लेकिन इस बार उनका सीजन समाप्त होने के बाद, भारत के सबसे नए खेल आइकन ने देश में आराम करते हुए अपने दिन बिताए, जो उन्हें सबसे अच्छा लगता है, एड्रेनालाईन पंपिंग प्राप्त करना! चोपड़ा ने जिन शीर्ष स्थलों का दौरा किया उनमें इंटरलेकन, जर्मेट और जिनेवा थे। इस साल सितंबर में ज्यूरिख में डायमंड लीग चैंपियनशिप जीतने के बाद, नीरज और उनके करीबी दोस्त, जो स्विट्जरलैंड में उनके साथ शामिल हुए थे, एक छुट्टी पर गए जो उनके साहसिक पक्ष के लिए तैयार किया गया था। उनके कार्यक्रम में यह सब शामिल था , उन्होंने जिनेवा शहर का भी दौरा कियाए जिसे उन्होंने एक अद्वितीय चलने वाले दौरे के साथ.साथ एक ई.टुकटुक दौरे के माध्यम से खोजा, जो उन्हें भुगतान करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के साथ.साथ गांधी प्रतिमा भी ले गया। राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि। लेकिन नीरज चोपड़ा होने के नाते, उन्होंने रिवर राफ्टिंग के दौरे के साथ जिनेवा के प्रसिद्ध लैंडमार्क ,जेट डीऽओ को देखने के लिए प्रतिष्ठित झील जिनेवा के लिए चीजों को बंद कर दिया।